सूर्योदय 6:05 सूर्यास्त 6:42

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 12.4 न्यू | 22.2 अधि |
| धर्मशाला | 15.3 न्यू | 27.1 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74248.22 |
| निफ्टी | 22513.70 |
| सोना | 69,980 |
| चांदी | 81,700 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 6 अप्रैल, 2024 | 24 चैत्र, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 108, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

आज के अंक में

- कांगड़ा में 3 साल में काटे 1489 चालान, 28 लाख वसूला जुर्माना
- कुत्तों को जहर देकर मारने पर मामला दर्ज

पृष्ठ 2 पर पढ़ें



- चंबा की तंग सड़कों पर सफर 'रिस्की'
- कोरोना ने रोका जम्मूहार पर्यटन स्थल का प्रोजेक्ट

पृष्ठ 9 पर पढ़ें



- घुमारवीं में शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव मेला
- साई खारसी में 40 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

पृष्ठ 11 पर पढ़ें



- 19 वर्षीय लिविया वोइगट दुनिया की सबसे कम उम्र की अरबपति
- ऑस्ट्रेलिया की चुनौती के लिए भारतीय हॉकी टीम तैयार

पृष्ठ 14 पर पढ़ें







# कांग्रेस लाई घोषणा पत्र, भाजपा देगी संकल्प पत्र

## 5 न्याय और 25 गारंटियां देने का किया वादा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव-2024 के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस समिति मुख्यालय में अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। कांग्रेस ने घोषणा पत्र को न्याय पत्र नाम दिया है।

घोषणा पत्र कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने जारी किया। इसमें पांच तरह के न्याय और 25 गारंटियों का जिक्र किया गया है। पी चिदंबरम, केसी वेणुगोपाल, प्रियंका गांधी, सचिन पायलट समेत अन्य नेता भी इस मौके पर मौजूद रहे।




लोकसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी करते सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी।

| युवा न्याय गारंटी | नारी न्याय गारंटी | किसान न्याय गारंटी | श्रमिक न्याय गारंटी | हिस्सेदारी न्याय गारंटी |
|---|---|---|---|---|
| 1 30 लाख युवाओं को नौकरियां। | 1 नौकरी में 50 फीसदी महिला आरक्षण। | 1 किसानी के लिए हटेगी जीएसटी। | 1 25 लाख का हेल्थ कवर, मुफ्त इलाज। | 1 एससी/एसटी/ओबीसी को देंगे पूरा हक। |
| 2 पेपर लीक से मुक्ति। | 2 गरीब महिला को हर साल एक लाख। | 2 कर्ज माफी प्लान लागू करने को आयोग। | 2 मुख्य सरकारी कार्यों में कॉन्ट्रैक्ट नहीं। | 2 जितनी एससी/एसटी तादाद, उतना बजट। |
| 3 हर शिक्षित युवा को एक लाख की अप्रेंटिसशिप। | 3 कामकाजी महिलाओं को दोगुने हॉस्टल। | 3 नई इंपोर्ट-एक्सपोर्ट पॉलिसी बनेगी। | 3 शहरों के लिए भी मनरेगा पॉलिसी। | 3 वनों के कानूनी पट्टों का एक साल में फैसला। |
| 4 5000 करोड़ का नया स्टार्टअप फंड। | 4 हर पंचायत में एक अधिकार सहेली। | 4 फसल नुकसान पर 30 दिन में पैसा। | 4 मजदूरी 400 रुपए, मनरेगा में भी लागू। | 4 संवैधानिक संशोधनों से 50% सीमा खत्म। |
| 5 अग्निवीर योजना बंद करेंगे व पुरानी भर्ती योजना होगी चालू | 5 आशा, मिड डे मील, आंगनबाड़ी वर्कर्स को ज्यादा सैलरी। | 5 स्वामीनाथन फॉर्मूले से एमएसपी की कानूनी गारंटी। | 5 असंगठित मजदूरों के लिए जीवन और दुर्घटना बीमा। | 5 समानता के लिए हर व्यक्ति और हर वर्ग की गिनती होगी। |

## चुरू में बोले मोदी-जो काम हुआ, वह सिर्फ ट्रेलर

**एजेंसी, जयपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के चुरू में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जबरदस्त हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने देश को खोखला कर दिया था। कांग्रेस की वजह से देश की साख गिरी है। पिछली सरकारों ने सिर्फ अपना घर भरा। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा जो कहती है, वह जरूर करती है।

दूसरी पार्टियों की तरह भाजपा केवल घोषणा पत्र जारी नहीं करती, हम संकल्प पत्र लेकर आते हैं। 2019 में हमने जो संकल्प पत्र जारी किया था, उसके ज्यादातर संकल्प पूरे हो चुके हैं।

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 खत्म हो चुका है। तीन तलाक पर कानून हमारी मुस्लिम बहनों की मदद कर रहा है। लोकसभा में महिलाओं के लिए आरक्षण का कानून भी संसद ने पारित कर दिया है। पहले सरकारी खजाना खाली रहता था।

हमने मेहनत से परिणाम लाकर दिखा दिया। जो काम इतने दशक में नहीं हुए, वे हमने 10 साल में करके दिखाए। जो काम अब तक हुआ है, वे तो सिर्फ ट्रेलर है। अभी बहुत कुछ करना बाकी है।

### आज देश में हो रही मोदी की गारंटी की चर्चा

**पीएम** ने कहा कि कांग्रेस की वजह से दुनिया में भारत की साख गिरती जा रही थी। लोग छोटी-छोटी जरूरतों के लिए जूझ रहे थे। करोड़ों लोगों के सिर पर छत नहीं थी। गांव अंधेरे में डूबे थे, बिजली नहीं थी, लेकिन आज देश में मोदी की गारंटी की चर्चा हो रही है।




### कांग्रेस का न्याय पत्र भ्रम का पुलिंदा : सुधांशु

**नई दिल्ली।** भाजपा ने कांग्रेस के घोषणा पत्र पर तंज कसते हुए कहा कि यह न्याय पत्र नहीं बल्कि अन्याय और भ्रम का पुलिंदा है। भाजपा ने कहा कि देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी ने सबसे ज्यादा समय शासन किया, लेकिन तब कुछ किया नहीं, अब न जाने क्या कमाल कर दिखाएंगे।



भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस के शासन काल में सबसे ज्यादा महंगाई दर और सबसे कम विकास दर रही है। आज जारी किए गए कांग्रेस के घोषणा पत्र में जिन तस्वीरों का प्रयोग किया गया है, वे विदेशों की हैं। अब तक कांग्रेस के नेता देश के बारे में विदेशों में भारत के विरुद्ध भ्रम फैलाते थे। अब घोषणा पत्र में भी यही काम कर देश की जनता में भ्रम फैला रहे हैं।



## आज का मैच

राजस्थान रॉयल्स vs रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

समय : रात 7:30 बजे (जयपुर)

## न्यूज शॉर्ट्स

### निर्वाचन आयोग ने 'आप' नेता आतिशी को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को दिल्ली की मंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी को 'कारण बताओ' नोटिस जारी किया और उनसे उनके इस बयान का तथ्यों के साथ समर्थन करने को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पार्टी में शामिल होने के लिए उनसे संपर्क किया था। इससे पहले भाजपा ने आतिशी के इस दावे के खिलाफ आयोग का रुख किया था कि किसी करीबी के माध्यम से भाजपा ने उनसे संपर्क कर उन्हें पार्टी में शामिल होने के लिए कहा था। निर्वाचन आयोग ने 'आप' नेता को सोमवार दोपहर तक जवाब देने को कहा गया है।



### हरियाणा में मिट्टी की डांग गिरने से 2 महिलाओं की मौत

**यमुनानगर।** ईद के त्योहार से पहले घर की लिपाई करने के लिए चिकनी मिट्टी लेने गई पांच महिला, दो बच्चे वह एक पुरुष मिट्टी की डांग गिरने से उसके भीतर दब गए। डांग गिरने की सूचना पर पहुंचे ग्रामीण व पुलिस ने लोगों को मिट्टी से निकला। मौके पर ही दो महिलाओं सातारा (55) और नसरीन (35) की मौत हो गई। घायलों की पहचान मसरूफ (22), प्रवेश (13), मुस्कान (5), अफसाना (42), मंजूर हसन (32), सलमा (35) के तौर पर हुई है।

### यूपी मदरसा एक्ट रद्द करने के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने यूपी मदरसा एक्ट को रद्द करने वाले इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने अधिनियम को रद्द करते हुए आदेश दिया था कि छात्रों को राज्य द्वारा स्थानांतरित किया जाएगा। इससे सभी 17 लाख बच्चों की शिक्षा के भविष्य पर असर पड़ेगा। राज्य सरकार समेत सभी पक्षकारों को सुप्रीम कोर्ट में 30 जून 2024 को या उससे पहले जवाब दायर करना होगा। याचिका को अंतिम निपटारे के लिए जून 2024 के दूसरे सप्ताह में सूचीबद्ध किया जाएगा।

### सुरक्षाबलों ने उरी में मार गिराए दो आतंकवादी, घुसपैठ नाकाम

**बारामूला।** जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के उरी के सबुरा नाला इलाके में सुरक्षाबलों ने बड़ी घुसपैठ को नाकाम करते हुए दो आतंकवादियों को मार गिराया है। एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार सुबह-सबुरा नाला इलाके में सुरक्षाबलों ने कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश करते देखा। इस पर सुरक्षाबलों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसमें दो घुसपैठिये मारे गए।

### जम्मू-कश्मीर में महसूस किए गए भूकंप के झटके

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में आज शाम 5 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 3.8 मापी गई है। भूकंप के झटके महसूस होने के बाद घर, दफ्तर और दुकानों में काम कर रहे लोग सड़कों पर निकल आए। अभी तक किसी तरह की हताहत की खबर नहीं है।

## रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट केस में भाजपा कार्यकर्ता गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के मशहूर रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट केस में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बड़ी कार्रवाई की है। इस केस में पुलिस ने बीजेपी कार्यकर्ता साई प्रसाद को हिरासत में लिया है। सूत्रों के मुताबिक आरोपी का कैफे ब्लास्ट केस के 2 संदिग्धों से कनेक्शन है।



कथित तौर पर कर्मचारी का नाम मोबाइल दुकान के दो कर्मचारियों ने लिया था, जिनसे पिछले हफ्ते एनआईए ने पूछताछ की थी। साई प्रसाद को एनआईए पूछताछ के लिए ले गई है और वह कथित तौर पर रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में दो संदिग्धों से जुड़ा हुआ है। पिछले हफ्ते एनआईए ने शिवमोग्गा में छापेमारी की थी और एक मोबाइल स्टोर और दो संदिग्धों के घरों पर छापेमारी की थी। बता दें कि 1 मार्च को बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में ब्लास्ट हुआ था। इस धमाके में 9 लोग घायल हो गए थे। पुलिस सूत्रों ने कहा था कि कैफे में टाइमर का उपयोग करके आईईडी बम धमाका किया गया था।

## कोर्ट ने शिक्षा सचिव से पूछा, कर्मचारियों के तबादले रोकने को लेकर क्या उपाय किए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश हाईकोर्ट ने शिक्षा सचिव से पूछा है कि बाहरी ताकतों के दबाव में आकर कर्मचारियों के तबादले रोकने को लेकर क्या उपाय किए गए हैं। कोर्ट ने इस बाबत दिए अपने आदेशों की अनुपालना न होने का कारण शिक्षा सचिव और शिक्षा निदेशक से शपथ पत्र के माध्यम से बताने के आदेश दिए।

न्यायाधीश सत्येन वैद्य ने कांग्रेस पार्टी के नेता की सिफारिश पर किए तबादला आदेश को रद्द करते हुए यह आदेश दिए। कोर्ट ने कहा कि जब हाईकोर्ट ने 20 जुलाई 2021 को पारित आदेशों के तहत यह स्पष्ट किया था कि बाहरी ताकतों के दबाव में आकर कर्मचारियों के तबादले न किए जाएं अन्यथा कानून का राज समाप्त होने में देर नहीं लगेगी।

उल्लेखनीय है कि न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान व न्यायाधीश सत्येन वैद्य की खंडपीठ ने 20 जुलाई 2021 को पारित फैसले में कहा था कि यह बड़े खेद का विषय है कि कर्मचारियों के तबादला आदेश उन लोगों की सिफारिश से हो रहे है जिनका सरकार के प्रशासनिक कार्यों से कोई लेना देना नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### अंतिम निर्णय लेने का अधिकार प्रशासनिक विभाग के पास

कोर्ट ने सर्वोच्च न्यायालय व कई अन्य हाईकोर्ट के निर्णयों का उल्लेख करते हुए कहा था कि किसी विधायक, सांसद या मंत्री के पास किसी कर्मचारी की शिकायत पाए जाने पर तबादला करने की सिफारिश करने का अधिकार तो है, मगर अंतिम निर्णय लेने का अधिकार केवल प्रशासनिक विभाग के पास ही है।

## सुधीर शर्मा ने सीएम सुक्खू को भेजा मानहानि का 5 करोड़ का नोटिस

### कहा-दो दिन में मांगें माफी, नहीं तो होगी कानूनी कार्रवाई

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए बागी विधायक सुधीर शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को 5 करोड़ का मानहानि का लीगल नोटिस भेजा है और 2 दिन के भीतर सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने को कहा है। यदि मुख्यमंत्री माफी नहीं मांगते हैं तो आगामी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



सुधीर शर्मा की ओर से यह नोटिस अधिवक्ता विवेक अग्रवाल ने भेजा है। सुधीर शर्मा का आरोप है कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कह रहे हैं कि कांगेस के बागी विधायक 15-15 करोड़ रुपए में बिके हैं और उनके पास इसके साक्ष्य भी मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि सीएम के पास वाकई ही साक्ष्य है तो वह हमें भी बताएं।

ऊना जिले में वीरवार को जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने दावा किया था कि जो लोग आपकी भावना बेच कर जाते हैं, आपकी विधायकी नीलाम करते हैं, ऐसे लोगों को सबक सिखाने का वक्त आ गया है। (अनंत ज्ञान)

## सड़क हादसे में तीन साल की मासूम की मौत, सरकारी वाहन ने लिया चपेट में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में शुक्रवार साढ़े 12 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन साल की बच्ची की मौत हो गई। हादसा छोटा शिमला थाना के अंतर्गत आते ओकओवर के पास हुआ, जहां से गुजर रहे एक सरकारी वाहन ने सड़क किनारे सो रही तीन साल की बच्ची को कुचल दिया।



मृतक बच्ची की फाइल फोटो।

हादसे के बाद वाहन चालक ही गंभीर अवस्था में घायल बच्ची को आईजीएमसी अस्पताल लेकर पहुंचा, लेकिन कोशिशों के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका। पुलिस के मुताबिक, ओकओवर के पास हरियाणा सर्किट हाउस के समीप निर्माण कार्य चल रहा है, जहां अन्य राज्यों से आए प्रवासी मजदूर काम कर रहे हैं। इस दौरान एक मजदूर ने अपनी तीन साल की बेटी को सड़क किनारे सुलाया हुआ था। उक्त सरकारी वाहन यहां से गुजरा और उसने मासूम बच्ची को अपनी चपेट में ले लिया। इस मामले में शिमला पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सड़क हादसे में बच्ची की मौत हुई है।

छोटा शिमला पुलिस स्टेशन में वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। मृतक बच्ची का नाम नैंसी था, जो कि झारखंड के रहने वाले एक मजदूर की बेटी थी। वहीं, बच्ची को कुचलने वाली सरकारी गाड़ी जज की बताई जा रही है।

## 30 को शिमला आएंगी राष्ट्रपति

**शिमला।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के बीच 30 अप्रैल से शिमला प्रवास पर आ रही हैं।



पांच मई तक उनका शिमला के मशोबरा द रिट्रीट में रुकने का कार्यक्रम है। उनके शिमला प्रवास के लिए राष्ट्रपति निवास 'द रिट्रीट मशोबार' का ट्यूलिप गार्डन पूरी तरह से तैयार है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दूसरी बार शिमला प्रवास पर आ रही हैं। राष्ट्रपति के शिमला प्रवास को लेकर राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली से अधिकारी शिमला आ रहे हैं।

### हिमाचल कांग्रेस ने विधानसभा उपचुनाव जीतने के लिए बनाई टीम

## धर्मशाला विधानसभा सीट के लिए चंद्र कुमार प्रभारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने छह सीटों के विधानसभा उपचुनाव में जीत दर्ज करने के लिए टीम बना दी है। कांग्रेस ने मंत्रियों, सीपीएस, विधायकों और पार्टी पदाधिकारियों सहित 27 नेताओं को जिम्मेदारियां सौंपी हैं।

राज्य पार्टी प्रभारी राजीव शुक्ला के अनुमोदन पर प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने नेताओं की चुनावी ड्यूटी लगाई है। धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के लिए मंत्री चंद्र कुमार को प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा आशीष बुटेल, आरएस बाली, केवल पठानिया,



कर्ण पठानिया और हरभजन चौधरी की ड्यूटी लगाई गई है।

गगरेट में मंत्री हर्षवर्धन के साथ मलेंद्र राजन, सुदर्शन बबलू,रणजीत राणा व सुरिंदर कंवर की ड्यूटी लगाई है। इसी तरह कुटलैहड़ में मंत्री रोहित ठाकुर व अनिरुद्ध सिंह प्रभारी होंगे।

उनके साथ भवानी सिंह पठानिया, नीरज नैयर, रंजीत राणा व विवेक मिंका की ड्यूटी लगाई है। लाहौल-स्पीति में मंत्री जगत सिंह के साथ सुंदर ठाकुर, भुवनेश्वर गौड़, जियालसेन ठाकुर, राम सिंह, रमेश कुमार व देवी सिंह ठाकुर को तैनात किया गया है।

सुजानपुर में मंत्री यादविंद्र गोमा के साथ चंद्र शेखर, सुरेश कुमार, सुमन भारती व राजेंद्र वर्मा की चुनावी ड्यूटी लगाई है। बड़सर में मंत्री राजेश धर्माणी के साथ किशोरी लाल, संजय रतन, सुमन भारती व संजय शर्मा की ड्यूटी लगाई है।

**चिंताजनक** प्रत्येक सरकार केंद्र के सहारे कर्ज से पार पाने का प्रयास करती रही, लेकिन इस स्थिति से आगे नहीं निकल पाई

# हिमाचल पर 12 साल में हुआ 87,788 करोड़ का कर्ज

**अरविंद शर्मा, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सरकार पर हर वर्ष कर्ज का बोझ बढ़ता ही जा रहा है। राज्य में विकास और देनदारियों को लेकर बीते 12 साल में यह कर्ज 3.28 गुना बढ़कर 87,788 करोड़ तक पहुंच गया है।

राज्य की हर सरकार दशकों से कर्ज लेकर ही अपना कार्यकाल निकालने को लेकर विवश रही। हालांकि, प्रत्येक सरकार केंद्र के सहारे कर्ज से पार पाने का प्रयास करती रही, लेकिन इस स्थिति से आगे नहीं निकल पाई। देश में चाहे यूपीए या फिर एनडीए सरकारें रही हों, हर बार हिमाचल प्रदेश में केंद्र से प्रचुर आर्थिक मदद नहीं मिलने के आरोप लगते रहे हैं।




पिछली तीन सरकारों और वर्तमान सरकार के ऋण लेने के आंकड़े देखें तो वर्ष 2011-12 में भाजपा की धूमल सरकार ने 26,684 करोड़ रुपए का ऋण छोड़ा था। इसके बाद कांग्रेस की वीरभद्र सरकार के कार्यकाल में 2016-17 में 44,422 करोड़ का ऋण हुआ तो भाजपा की जयराम सरकार के कार्यकाल तक यह करीब 75 हजार करोड़ रुपए हो गया, जो वर्तमान में सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल के पूरा होने तक 87,788 करोड़ पहुंच चुका है।

### करोड़ों की देनदारियां छोड़कर सत्ता से बाहर हुई भाजपा

भाजपा की पिछली सरकार को डबल इंजन की सरकार कहते थे, जो बड़ी देनदारियां छोड़कर गई। भाजपा करीब दस हजार करोड़ रुपए तो कर्मचारियों को नए वेतनमान के एरियर के ही छोड़ गई। सदी की सबसे बड़ी आपदा आई, मगर केंद्र से प्रभावितों की मदद नहीं मिली । सीएम सुक्खू के दृढ़ संकल्प से राज्य आर्थिक संकट से उबरेगा। सरकार आमदनी के साधन बढ़ा रही है, तो विपक्ष उसमें भी अड़ंगे फंसा रहा है। **-रितेश कपरेट, महासचिव, प्रदेश कांग्रेस कमेटी।**

### एक वर्ष में 14,000 करोड़ ले चुकी सुक्खू सरकार

कांग्रेस ने अपने कार्यकाल के पहले ही वर्ष में कर्ज लेने का रिकॉर्ड बनाया। प्रति महीने 1500 करोड़ रुपए के हिसाब से लेकर एक साल में कांग्रेस सरकार ने 14000 करोड़ रुपए का कर्ज ले लिया। सीएम सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश के 15वें मुख्यमंत्री के रूप में 11 दिसंबर 2022 को शपथ ली थी और उसके बाद प्रदेश में ऋण लेने का क्रम बंद नहीं हुआ। लोन तो भाजपा ने लिए, पर कांग्रेस की गति का मुकाबला नहीं। **-बिहारी लाल शर्मा प्रदेश महासचिव, भाजपा**

### बीते 12 साल में इस तरह बढ़ता रहा कर्ज

| वर्ष | करोड़ |
|---|---|
| 2013-14 | 31,442.56 |
| 2014-15 | 35,151.60 |
| 2015-16 | 38,567.82 |
| 2016-17 | 44,422.21 |
| 2018-19 | 47,906.21 |
| 2019-20 | 50,772.88 |
| 2020-21 | 56,106.90 |
| 2021-22 | 63,735.61 |
| 2022-23 | 76,650.70 |
| 2023-24 | 87,788.00 |

## बीए प्रथम वर्ष के राजनीतिक विज्ञान का प्रश्न पत्र आउट ऑफ सिलेबस



पेपर के बारे में बताते कॉलेज के छात्र और छात्राएं।

**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला की ओर से वीरवार को सभी हिमाचल के कॉलेजों में बीए प्रथम वर्ष के राजनीतिक विज्ञान विषय की परीक्षा ली गई थी। यह परीक्षा गुरुवार शाम को दो बजे से शाम पांच बजे तक चली।

जब बच्चे परीक्षा देने बैठे तो पूरा पेपर आउट ऑफ सिलेबस देखकर हक्के-बक्के रह गए। इस संबंध में विद्यार्थियों ने कॉलेज और यूनिवर्सिटी प्रशासन को शिकायत भी भेजी है और पेपर दोबारा करवाने की मांग उठाई है।

शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में शिकायत देने पहुंचे विद्यार्थी पियांश चंबियाल, शगुन महाजन तुषार, पल्लवी, तनु और अंकिता आदि ने बताया कि जब वे परीक्षा में बैठे तो पेपर देखकर हैरान रह गए।

उधर, शाहपुर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर विश्वजीत ने कहा कि उन्होंने भी 28 साल तक राजनीतिक विज्ञान विषय को पढ़ाया है, लेकिन आज तक बीए में इस स्तर का प्रश्न पत्र नहीं देखा। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### वरिष्ठ नागरिक मंच आज मनाएगा स्थापना दिवस

**गरली।** वरिष्ठ नागरिक मंच देहरा अपने मंच का आयोजन अगामी 6 अप्रैल को अन्नपूर्ण होटल नजदीक हनुमान चौक, टीएनसी ऑफिस में होगा, जहां इस दौरान उपरोक्त वरिष्ठ नागरिक मंच अपना 26वां स्थापना दिवस मनाएगा, वहीं नई कार्यकारिणी का गठन भी किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए वरिष्ठ नागरिक मंच के पदाधिकारी जगदीश चंद आजाद ने बताया कि उपमंडल देहरा भर के तमाम वरिष्ठ नागरिक उपरोक्त कार्यक्र में पहुंचे और चुनावी प्रक्रिया का हिस्सा बनकर नई कार्यकारिणी को चुनें।

### कर्मचारियों को समय पर कार्यालय पहुंचने के निर्देश

**शाहपुर।** ब्लॉक शाहपुर और ब्लॉक त्यारा की मासिक समीक्षा बैठक शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी की अध्यक्षता में की गई। बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी के साथ स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं सीएचओ मौजूद रहे। इस बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने ब्लॉक के अधिकारियों और कर्मचारियों को समय पर कार्यालय आने व अनुशासन पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने के दिशा निर्देश भी दिए गए। बैठक में ब्लॉक के चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र के हर वैलनेस सेंटर का दौरा करें और जो समस्याएं आ रही हैं उनका भी समाधान करें।

### बैजनाथ में 70 ग्राम चिट्टे समेत दो काबू

**बैजनाथ।** पुलिस थाना बैजनाथ ने चौबीन चौक में बलेनो कार नंबर एचपी 37जी - 2721 से 70 ग्राम चिट्टा बरामद किया है, जिसकी कीमत लाखों में बताई जा रही है। इस संदर्भ में कार चालक मंडी के मटरू निवासी बीरेंद्र कुमार और कार में बैठे पंडोल रोड़ बैजनाथ निवासी चमन लाल के खिलाफ पुलिस थाना बैजनाथ में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। बताते चलें कि बैजनाथ के नवनियुक्त थाना प्रभारी भूपेंद्र ठाकुर ने पदभार संभालते ही इस साफ कर दिया था कि नशेड़ियों तथा नशाखोरों पर शिकंजा कसना उनकी प्राथमिकता रहेगी। थाना प्रभारी को अभी पदभार संभाले हुए कुछ ही दिन हुए हैं परंतु नशा तस्करों तथा खनन माफिया पर शिकंजा कसता जा रहा है। पुलिस की इस कार्रवाई कि इलाके के लोग भी जमकर तारीफ कर रहे हैं। अभी तीन दिन पहले ही थाना प्रभारी कर अगुआई में पुलिस उपमंडल बैजनाथ के एक शिक्षा के मंदिर में बहुत बड़े शराब के जखीरे को पकड़ने में कामयाबी हासिल की थी।

### मतदाता जागरूक तो देश का लोकतंत्र मजबूत : सुरजीत



स्टूडेट्स को मतदान के लिए जागरूक करते वक्ता।

**परागपुर।** जिस देश का मतदाता जागरूक होता है। उस देश का लोकतंत्र मजबूत होता है, क्योंकि जागरूक मतदाता की सफल लोकतंत्र का निर्माण करता है। राजकीय फार्मेसी कालेज कुहना में आयोजित मतदाता जागरूक कार्यक्रम में यह बात भारत निर्वाचन आयोग के स्वीप अभियान के नोडल अधिकारी सुरजीत ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस पर्व की सफलता के लिए सभी मतदाता मतदान करें और अपने आसपास के सभी मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित भी करें। उपमंडल अधिकारी शिल्पा बेक्टा के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे इस अभियान की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि सफल निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने में आज के युवाओं की भूमिका बड़ी महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर नोडल अधिकारी सुभाष ठाकुर ने कहा कि सभी पात्र मतदाता 4 मई तक अपना वोट बनवाएं।

# कांगड़ा में 3 साल में काटे 1489 चालान, 28 लाख वसूला जुर्माना

## आरटीओ धर्मशाला के तहत 2023-24 में 643 मामले, हेलमेट, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के ज्यादा केस

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

कांगड़ा जिला में आरटीओ धर्मशाला के तहत 3 सालों में 1489 चालान कर करीब 28 लाख रुपए का जुर्माना वसूला गया है। इनमें बिना हेलमेट, बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, बिना परमिट तथा बिना फिटनेस के मामले सबसे ज्यादा हैं। 3 साल के आंकड़ों पर गौर करें तो साल 2021-22 में 1304700, 2022-23 में 417000 तथा साल 2023-24 में 1109600 रुपए के चालान किए परिवहन नियमों के उल्लंघन के विभिन्न मामलों में किए गए हैं।

साल 2021-22 में कुल 442 चालान किए गए। इसमें बिना परमिट के वाहन चलाने के 56 चालान, बिना फिटनेस के 17, ऑवरलोडिंग के 6, प्रदूषण प्रमाण पत्र का 1, बिना स्टेट रोड़ टैक्स के 9, वाहन चलाते हुए मोबाइल प्रयोग के 5, बिना चालक तथा परिचालक लाइसेंस के 8, बिना पंजीकरण व दस्तावेज के 23, बिना वर्दी के 22, कांट्रेक्ट कैरिज वाहन को स्टेज कैरिज के रूप में चलाने के 2, नीजि वाहन में सवारियां ढ़ोने के 7, बिना समय सारिणी के वाहन चलाने के 8, बिना इंश्योरेंस के 17, बिना हेलमेट व सीट बेल्ट के 48, बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के 36, बिना पैसेंजर



लिस्ट के 25 तथा नियमों के उल्लंघन के अन्य मामलों के 135 चालान किए गए।

साल 2022-23 में कुल 404 चालान किए गए। इसमें बिना परमिट के वाहन चलाने के 39 चालान, बिना फिटनेस के 51, ऑवरलोडिंग के 2, प्रदूषण प्रमाण पत्र के 18, बिना स्टेट रोड़ टैक्स के 2, वाहन चलाते हुए मोबाइल प्रयोग के 2, प्रेशर हॉर्न के 2, बिना पंजीकरण व दस्तावेज के 16, स्टीरियो चलाने के 9, बिना वर्दी के 19, नीजि वाहन में सवारियां ढोने के 8, बिना समय सारिणी के वाहन चलाने के 2, बिना फर्स्ट एड बॉक्स के 3, बिना इंश्योरेंस के 8, बिना हेलमेट व सीट बेल्ट के 27, बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के 60, पैनिक बटन के 6 तथा नियमों के उल्लंघन के अन्य मामलों के 109 चालान किए गए। साल 2023-24 में कुल 643 चालान किए गए। इसमें बिना परमिट के वाहन चलाने के 48 चालान, बिना फिटनेस के 33, प्रदूषण प्रमाण पत्र के 36, बिना स्टेट रोड टैक्स के 15, वाहन चलाते हुए मोबाइल प्रयोग के 7, प्रेशर हॉर्न का 1, बिना चालक तथा परिचालक 8, बिना पंजीकरण व दस्तावेज के 32, अल्ट्रेशन के 4, बिना वर्दी के 27, कांट्रेक्ट कैरिज वाहन को स्टेज कैरिज के रूप में चलाने के 2, नीजी वाहन में सवारियां ढोने के 10, बिना फर्स्ट एड बॉक्स के 4, एक्सट्रा सीट तथा बिना फायर उपकरण के 3, बिना इंश्योरेंस के 23, ओवर स्पीडिंग के 11, बिना हेलमेट व सीट बेल्ट के 189, बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के 91, बिना पेसेंजर लिस्ट के 17, पैनिक बटन के 3, ओवरहैंगिंग के 3 तथा नियमों के उल्लंघन के अन्य मामलों के 113 चालान किए गए। (अनंत ज्ञान)

### ...ताकि हादसों में आए कमी

**उधर** आरटीओ धर्मशाला प्रदीप कुमार ने आंकड़ों की पुष्टि करते हुए कहा कि परिवहन नियमों को लेकर कानूनों की पालना को लेकर विभाग नियमानुसार कारवाई करता है, ताकि हादसों में कमी आए तथा लोग सुरक्षित रहें।

# आपदा से बचने को सड़क किनारे काटे पेड़ दे रहे हादसों को न्योता



धर्मशाला-दिल्ली मेन रोड पर काट कर रखे गए चीड़ के पेड़ों के तने।

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

आपदा से बचने के लिए काटे गए पेड़ अब हादसे का सबब बन गए हैं तथा वाहनों की भारी आवाजाही के बीच दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। जहां ये चीड़ के बड़े पेड़ों के सड़क किनारे कटे पड़े तने हादसों को निमंत्रण दे रहे हैं तो वहीं संबंधित विभाग अब तक इन्हें हटा नहीं क्यों नहीं पाया यह भी अपने आप में स्वाल है।

बताते चलें कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड परिसर धर्मशाला के समीप धर्मशाला-दिल्ली मेन रोड पर कई दिनों से काट कर रखे गए पेड़ों के तने कभी भी किसी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों वाहन आवागमन करते हैं तथा यही कारण है कि यहां हादसों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में इन पेड़ों को न हटाए जाने के कारण यहां कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है।

उधर, इस संदर्भ में वन निगम के डीएम नरेश का कहना है कि आपदा प्रबंधन के तहत उपायुक्त कांगड़ा के आदेशों के बाद इन पेड़ों को काटा गया था तथा अभी पेड़ों के काटने का काम जारी है। अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना के अंदेशे को देखते हुए संबंधित ठेकेदार को इन पेड़ों को सड़क किनारे से हटाने के निर्देश दिए जाएंगे।

**वन निगम बोला, ठेकेदार को देंगे इन्हें हटाने के निर्देश**

### ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**इंदौरा।** वीरवर शाम को थाना डमटाल के अंतर्गत जम्मू-पठानकोट रेलवे ट्रैक 107/4 किलोमीटर पर व्यक्ति की रेलगाड़ी की चपेट में आ जाने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे प्रभारी एचसी पवन कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर घटनास्थल के साक्ष्य जुटाए।

रेलवे चौंकी कंदरोडी प्रभारी पवन ने बताया कि मृतक की पहचान की सौरव पुत्र शाम सिंह पब्बर पठानकोट 31 वर्ष के रुप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर शव पोस्टमार्टम नूरपुर अस्पताल से करवा कर परिजनों को सौंप दिया है।

## मैक्लोडगंज में निर्माण के नाम पर देवदार के पेड़ों को नुकसान पहुंचाने का मामला

# नगर निगम ने भूमि मालिक को भेजा नोटिस

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

मैक्लोडगंज में निजी जमीन पर निर्माण के दौरान देवदारों को नुकसान पहुंचाने के मामले को अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र में प्रमुखता से उठाए जाने के बाद अब नगर निगम ने संबंधित भूस्वामी को नोटिस जारी कर इन पेड़ों के सरंक्षण के लिए अहम कदम उठाने के निर्देश जारी किए हैं।

गौर रहे कि धर्मशाला के पर्यटन नगर मैक्लोडगंज में निर्माण के नाम पर दरख्तों पर टूट रहे कहर का एक मामला सामने आया था। यहां मैक्लोडगंज में एक भवन निर्माण के दौरान देवदार के दरख्तों को नुक्सान पहुंचा है। मैक्लोडगंज के स्कवेयर चौक से कुछ दूर ये निर्माण चल रहा है तथा पेड़ों को नुकसान पहुंचाया गया। इस दौरान विशाल देवदारों के दरख्तों की जड़ें तक बाहर आ गई हैं तथा जेसीबी से इन पेड़ों की बुनियाद को हिला दिया गया। इस संबंध में समाचार छपने पर हरकत में आए नगर निगम ने कारवाई करते हुए जमीन के मालिक को नोटिस जारी कर इन देवदारों के संरक्षण के निर्देश जारी कर दिए हैं। संरक्षण के लिए निर्देशों के अनुसार अगर कारवाई होती है तो ये देवदार बच पाएंगे।




तीन अप्रैल के अंक में प्रकाशित समाचार।

### पेड़ों के सरक्षण को अहम कदम उठाने के जारी किए निर्देश

उधर, इस बारे में जब नगर निगम की ट्री आफिसर तनवी गुप्ता का कहना है कि उन्होंने निर्माण स्थल का मौका किया है और देवदारों को नुकसान पहुंचने की बात इस मामले में सामने आई है। इस प्रकरण में निर्माण के दौरान पेड़ों को लेकर बरती गई लापरवाही को लेकर नगर निगम भूस्वामी को नोटिस जारी देकर इन पेड़ों के संरक्षण के लिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### एमसी एक्ट के तहत मंजूरी जरूरी

**ट्री** ऑफिसर तनवी गुप्ता ने कहा कि अपनी निजी जमीन से पेड़ों को काटने के लिए एमसी एक्ट के तहत मंजूरी लेना जरूरी है तथा कानून के तहत प्रदेश सरकार से एमसी को मंजूरी देने के बाद ही निजी भूमि पर लगे पेड़ों को काटा जा सकता है। उन्होंने कहा कि नियमों के उल्लंघन पर नगर निगम एक्ट के तहत कारवाई की जाएगी।

# 15वें वित्तायोग की राशि खर्च करने में गरली पंचायत अव्वल

## मुख्यमंत्री सुक्खू के ससुराल नलसुहा की पंचायत रही फिसड्डी, 25.02 प्रतिशत पैस ही कर पाई खर्च

**शालनी शर्मा, रक्कड़**

हिमाचल प्रदेश के सबसे बडे ब्लॉक खंड परागपुर की 79 ग्राम पंचायतों में 62 पंचायतें जसवां प्रागपुर तो 17 पंचायतें देहरा विधानसभा की आती हैं, लिहाजा विकास खंड की आधे से ज्यादा पंचायतें 15वें वित्तायोग के आने वाले पैसे को खर्च करने में पिछड़ गई हैं। प्रागपुर ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली नलसुहा पंचायत 15वें वित्तायोग से आई विकास राशि को खर्च करने में सबसे फिसड्डी साबित हुई है।

नलसुहा पंचायत में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का ससुराल भी है। इस पंचायत को लगभग 18 लाख 73 हजार 455 रुपए प्राप्त हुए, जिनमें से पंचायत विभिन्न कार्यों पर कुल 4 लाख 68 हजार 730 रुपए ही खर्च कर पाई है, जो कि लगभग 25.02 प्रतिशत बनता है, जबकि ब्लॉक की गरली पंचायत सबसे ज्यादा लगभग 94 प्रतिशत राशि खर्च कर अव्वल रही है। विकास खंड की तीन पंचायतें गरली चपलाह गुडारा और कनोल ही 90 प्रतिशत पैसे खर्च कर पाई हैं।

वहीं 12 पंचायतें धजाग, हलेड, कोटला, बेहड़, दोदरा, जंडोर, अमरोह, कुहना, कडोआ, नंगल चौक, तियामल, बगली उपरली, कस्बा कोटला 80 प्रतिशत तो 7 पंचायतें शांतला, चनोर, सरड़ डोगरी, बलियाना, हार, ढोंटा, मनियाला 70 प्रतिशत वहीं 19 पंचायतें गंगोट, बढ़ू, नलेटी, कोलापुर, जम्बल, टिपरी, समनोली, स्वाना, रोड़ी कोड़ी, नाहन नगरोटा, भरोली जदीद, कटोह, नियाड, सेहरी, चलाली, बस्सी, रिड़ी कुठेड़ा, गुरालधार, उझे खास 60 से 65 प्रतिशत पैसा ही खर्च कर पाई हैं। 13 पंचायतें निचला भलवाल, लग, ऊपर भलवाल, नारी, गुरनवाड, कुरना, स्यूल, घाटी, दोदु राजपूतां, भनेर, अलोह, बठरा, बारी, 55 से 60 प्रतिशत, 40 से 50 प्रतिशत में तो 12 पंचायतें बड़ा, उप्पर परागपुर डाडासीबा, चौली, पुनणी, पीरसलूही, चुधरेड़, कस्बा जागीर, घमरूर, सुनहेत, चपलाह, वेह हैं। इसके अलावा बणी, बीहन, कलोहा, मुहीं, प्रागपुर, 3 ढलियारा, रेल, रक्कड़, बढल ठोर 30 से 40 प्रतिशत ही विकास कार्यों पर खर्च कर पाईं हैं। विकास खंड की 4 पंचायतें घिओरी, लंडी याडा, दयाल और नलसुहा 25 से 30 प्रतिशत पैसा खर्च कर पाईं।

आपको बता दें कि पूरे ब्लॉक में औसत 55.50 प्रतिशत की राशि ही खर्च हो पाई है। विकास खंड की 79 पंचायतों को 163151190 कुल राशि प्राप्त हुई, जिसमें से पंचायतों ने 31 दिसंबर 2023 तक लगभग 90648769 राशि (55.56 प्रतिशत) खर्च की है। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं विकास खंड अधिकारी

इस बारे विकास खंड अधिकारी मुकेश ठाकुर ने बताया कि उन्होंने अभी कुछ महीने पहले ही यहां ज्वाइन किया है और जब उन्होंने यहां ज्वाइन किया था तो करीब 42 प्रतिशत पैसा खर्च हुआ था लेकिन ज्वाइन करने के बाद प्रयास किए और अब यह आंकड़ा 55.56 तक पहुंच गया है। कई पंचायतों में आचार संहिता से पहले शुरू हुए कार्य अभी चल भी रहे हैं। उसके बाद ये प्रतिशतता और बढ़ेगी।

# भाजपा लोकसभा की चारों सीटों पर दर्ज करेगी जीत : रणवीर निक्का

## सबसे महत्वपूर्ण मुद्दे ओपीएस पर संजय टंडन ने दिया गोलमाल जवाब

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

लोकसभा चुनावों के मद्देनजर हिमाचल भाजपा सह प्रभारी संजय टंडन इस समय संगठनात्मक जिला नूरपुर के दौरे पर आए हुए हैं।

इसी दौरान विधानसभा नूरपुर के भाजपा कार्यालय में स्थानीय विधायक रणवीर सिंह निक्का के साथ संजय टंडन ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा तीसरी बार फिर से सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने बताया कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी बूथ स्तर पर पहुंचकर केंद्र सरकार की जनहित योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस दौरान विधायक निक्का ने कहा कि भाजपा हिमाचल लोकसभा की चारों सीटों पर जीत दर्ज कर प्रधानमंत्री के सशक्त नेतृत्व में बहुमत से फिर सरकार बनाएगी।



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते विधायक रणवीर सिंह निक्का साथ हैं अन्य नेता।

विधानसभा उपचुनाव को लेकर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों पर सहप्रभारी बचते नजर आए व गोलमोल जवाब दिया। पिछले विधानसभा चुनावों में सबसे गर्म मुद्दा ओपीएस के प्रश्न पर भी सह प्रभारी बचते हुए दिखाई दिए कहा ओपीएस के बारे में बाद में देखेंगे।

# एसडीएम ने मंदिर रोड पर अतिक्रमण करने पर 72 दुकानदारों के काटे चालान

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने शहर में आज लगातार दूसरे दिन भी अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी रखते हुए 72 दुकानदारों के चालान किए। मंदिर रोड पर दुकानदारों को चेतावनी जारी की गई थी कि समान को तय सीमा के आगे न लगाएं, लेकिन चेतावनी अनदेखा करने वाले सभी दुकानदारों के चालान किए गए।

इस कार्रवाई में एसडीएम कांगड़ा के साथ तहसीलदार व मंदिर अधिकारी मोहित रतन, एसएचओ संजीव शर्मा, इओ कांगड़ा चमन लाल मौजूद रहे।



अतिक्रमण पर कार्रवाई के दौरान एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल, साथ हैं अन्य।

आज की इस कार्रवाई में पुलिस की धारा 2007 के अंतर्गत 41 चालान और एमसी की धारा 1994 के अंतर्गत 32 चालान किए गए। एसडीएम ने कहा कि मंदिर का रास्ता संकरा है और दुकानदारों द्वारा सामान बाहर सजाने के कारण यह और भी संकरा हो गया है ऐसे में मंदिर में जाने वाले श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सभी दुकानदारों को निर्देश दिए कि सामान को तय सीमा से आगे बिलकुल भी न लगाएं। उन्होंने कहा निर्देशों की अवेहलना करने वालों के खिलाफ उचित कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### 22500 मिलीलीटर शराब बरामद आरोपियों के खिलाफ मामले दर्ज

**धर्मशाला।** जिला पुलिस ने चार मामलों में 22500 मिलिलीटर देशी शराब कर आरोपियों के खिलाफ संबंधित थानों में मामले दर्ज कर लिए हैं। जिला के पुलिस थाना हरिपुर के तहत वीरवार को खलेटा रेन शैल्टर के पास रोहित ठाकुर निवासी मेहबा तहसील हरिपुर से 4,500 मिलीलीटर देशी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में पुलिस थाना हरिपुर में मामला दर्ज कर लिया है। इसके अलावा नंदपुर भटोली में मुकेश ठाकुर निवासी गठुतर तहसील हरिपुर से 4,500 मिलीलीटर देशी शराब बरामद की गई है। इसके अलावा पुलिस थाना पालमपुर के तहत पंकज कुमार निवासी खलेट से 6,000 मिलीलीटर देशी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में पुलिस थाना पालमपुर में केस दर्ज किया गया है। इधर, पुलिस थाना पंचरुखी के तहत सुंगल में पूनम देवी निवासी सुंगल की दुकान से 7,500 मिलीलीटर देशी शराब बरामद की गई है। इसको लेकर पुलिस थाना पंचरूखी में केस दर्ज किया गया है। उधर, एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने इन चारों मामलों की पुष्टि की है।

### कुत्तों को जहर देकर मारने पर मामला दर्ज

**धर्मशाला।** धर्मशाला में आवारा कुत्तों को जहर देकर मारने का मामला सामने आया है। इसको लेकर आज शिवा कम्युनिटी डेवलपमेंट वालंटियर एसोसिएशन के अध्यक्ष मंजीत गुलेरिया ने बताया कि धर्मशाला के सकोह में 5- 6 कुत्तों को जहर देकर मार दिया गया है।

इस बारे स्थानीय लोगों का कहना हे एक दो दिन पहले खेत में कुछ कुत्ते बेसुध पड़े हुए थे। इन कुत्तों के साथ जहर की दवाइयों के पैकेट भी पड़े हुए थे। जांच करने पर पाया गया कि उनको खाने में जहर मिलाकर दिया गया था जिससे उनकी मौत हो गई। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है तथा दोषियों पर करवाई का भी आश्वासन दिया है।



मरे हुए कुत्ते को दफनाने की तैयारी करते शिवा कम्युनिटी डेवलपमेंट वालंटियर एसोसिएशन के पदाधिकारी।

### हिम जन जागरण मंच ने मीटिंग कर अपनी गतिविधियों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

हिम जन जागरण मंच की एक अहम बैठक आज मंच के अध्यक्ष डॉ. नरेश विरमानी की अध्यक्षता में हुई।

मंच के मुख्य संयोजक अशोक गौतम ने बताया कि मीटिंग में मंच की गतिविधियों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। सभी साथियों का मत रहा कि लोकसभा चुनाव में मैरिट के आधार पर चुनाव से पंद्रह दिन पहले सभी साथी मिल बैठ कर तय करेंगे कि किसे समर्थन देना है। बहुमत का निर्णय ही सभी को मान्य होगा। मंच समाज में अपना जन जागरण अभियान जारी रखेगा। मंच के सभी सदस्य मंच के साथ खडे हैं और हमारे लिए मंच और उसका सामूहिक विचार ही सर्वोपरि है।

इस मौके पर टांडा मसल से सेवानिवृत्त बैंक पबंधक कर्म चंद भाटिया को हिम जन जागरण मंच में विधिपूर्वक शामिल किया गया। इस मौके पर राजकुमार चौधरी पूर्व प्रधान रमेहढ, कुलदीप कौशल, राजिंद्र मल्होत्रा, अनिल नारिया, अनमोल चौधरी, भीम सिंह , रोहित, संजीवन सैणी और कर्मचन्द भाटिया मौजूद रहे।

**आश्वासन** उपमुख्य सचेतक कांगड़ा फ्लावर ग्रोवर और नर्सरी मेन संगठन से बोले-कृषि मंत्री से उठाया जाएगा मसला

# फूल उत्पादकों से नहीं होने देंगे अन्याय : केवल पठानिया

**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर**

विधानसभा क्षेत्र शाहपुर के विधायक और उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कांगड़ा फ्लावर ग्रोवर और नर्सरी मेन संगठन को आश्वासन दिया है कि उनके साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

पठानिया से मिलने आए संगठन के प्रतिनिधिमंडल से उन्होंने कहा कि वह कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार और बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी के समक्ष जल्द ही मसला उठाकर समस्या का समाधान करवाएंगे। कांग्रेस सरकार कृषि और बागवानी को बढ़ावा देने के लिए बचनबद्ध है और किसानों को आधुनिक खेती करने के लिए सरकार प्रोत्साहित कर रही है। संगठन ने उप मुख्य सचेतक बनने पर केवल पठानिया को दी बधाई और उन्हें ज्ञापन सौंपा।



कांगड़ा फ्लावर ग्रोवर और नर्सरी मेन संगठन के साथ शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया।

संगठन ने पठानिया के समक्ष एपीएमसी अधिनियम के तहत विभिन्न फूलों, गमले वाले पौधों और उनके बीजों को शामिल करने के संबंध में अधिसूचना रद्द करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि हम एपीएमसी अधिनियम के तहत विभिन्न फूलों, गमले वाले पौधों और उनके बीजों को शामिल करने के संबंध में हालिया अधिसूचना से बहुत परेशान हैं। कांगड़ा में इस अधिसूचना के कार्यान्वयन से हमारे क्षेत्र के विभिन्न नर्सरी मेन को नोटिस जारी किए गए हैं, जिससे उन्हें एपीएमसी के तहत पंजीकरण करने के लिए मजबूर किया गया है।

उन्होंने बताया कि हमारा संगठन लगभग 200 नर्सरी मेन का प्रतिनिधित्व करता है, जिनमें से सभी छोटे उत्पादक हैं। उन्होंने अपने बूते व्यवसायों को विकसित किया है और आजीविका अच्छी चली है। यही नहीं, करीब 800 श्रमिकों के रोजगार में भी उनका योगदान है, इसलिए इस अचानक नियामक बदलाव से अकेले कांगड़ा के लगभग 1000 परिवारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। हम इस अधिनियम के तहत नर्सरी मेन को व्यापारियों या दलालों के रूप में वर्गीकृत करने से आहत हैं, जबकि वास्तव में, हम दिल से किसान हैं। यह गलत वर्गीकरण न केवल हमारी पहचान को कमजोर करता है, बल्कि कृषि क्षेत्र में नर्सरी मेन की अनूठी चुनौतियों और योगदान की भी उपेक्षा करता है। (अनंत ज्ञान)

**हिमाचल विधानसभा चुनाव एक नजर**

**कब किस पार्टी को मिलीं कितनी सीटें**

| वर्ष | सीटें |
|---|---|
| 1952 | कांग्रेस 24, भाजपा - |
| 1967 | कांग्रेस 34, भारतीय जनसंघ (07) |
| 1972 | कांग्रेस 53, भारतीय जनसंघ (05) |
| 1977 | कांग्रेस 09, जनता पार्टी (53) |
| 1982 | कांग्रेस 31, (बीजेपी पहली बार उतरी) 29 |
| 1985 | कांग्रेस 58, बीजेपी 07 |
| 1990 | कांग्रेस 09, बीजेपी 46 |
| 1993 | कांग्रेस 52, बीजेपी 08 |
| 1998 | कांग्रेस 31, बीजेपी 31 |
| 2003 | कांग्रेस 43, बीजेपी 16 |
| 2007 | कांग्रेस 23, बीजेपी 41 |
| 2012 | कांग्रेस 36, बीजेपी 26 |
| 2017 | कांग्रेस 21, बीजेपी 44 |
| 2022 | कांग्रेस 40, बीजेपी 25 |


चंबा में शतायु मतदाता सरदार प्यार सिंह को 105वें जन्म दिवस पर सम्मानित करते एडीएम राहुल चौहान।

## चुनावी टक्की

### ... तो फिर 15 करोड़ में अपने हिस्से की तलाश!



**कल** शाम मॉल रोड पर टहलते-टहलते कुछ राहगीरों की बात सुन कान खड़े हो गए, किसी ने कहा यार मुख्यमंत्री ने बागी विधायकों को भाजपा ज्वाइन करने और राज्यसभा चुनाव में उनके प्रत्याशी को वोट देने के एवज में 15-15 करोड़ मिलने की बात कही है, तो दूसरा इतफाक से बोला भाई जो भाजपा में नहीं गए उनमें से कुछ तो पछ्ता रहे होंगे कि हम पिछड़ गए और फिर सबने जोर का ठहाका लगाया। मैं उनके पीछे चलता हुआ बस यही सोच रहा था, इस सारे प्रकरण की सच्चाई तो लेने और देने वालों को ही ज्ञात होगी, परंतु इस घटनाक्रम ने आम जनता की नजरों में विधायकों और राजनीतिज्ञों की स्थिति को किस कदर हास्यास्पद बना दिया है, यही सब सोचते हुए किसी से टकरा गया। देखा तो अपना ही एक पुराना दोस्त था - हाथ पकड़ कर कहने लगा कहां खोए हो भाई मस्तु, कहीं 15 करोड़ में अपना हिस्सा तो तलाश नहीं रहे, उसकी बात सुन मैं हैरान हो गया कि यह भी 15 करोड़ में ही उलझा है, कुछ भी हो रुपए किसी ने लिए हों या न लिए हों, परंतु मुख्यमंत्री के आरोप के बाद लगता है बागियों से कार्यकर्ता भी अपना हिस्सा अवश्य मागेंगे। -मस्तू

### विरोधी दल में नेता जी की तूती



**बंटू** भी टिकट का अब सशक्त दावेदार है, जिसने उसे उकसाया है वह विरोधी दल का नेता भी तो दमदार है। टिकट दिलाने तक का पूरा खर्चा उठा रहा है, जहां जरूरत हो वहां समर्थन में भीड़ पहुंचा रहा है। बड़े नेता जी से बंटू के टिकट का जुगाड़ भिड़ा रहा है, जहां तक है पहुंच पूरे दांव-पेंच लगा रहा है। दिल्ली में विरोधी दल में पुरानी पहचान बता रहा है, बंटू को टिकट मिलेगी पूरा यकीन दिला रहा है। अपने ही दल में बंटू की विचित्र कहानी है, समर्थक कोई नहीं, लेकिन टिकट की दौड़ पुरानी है। भाखड़े वाला रौनकी ताऊ भी देख रहा यह तमाशा है, बंटू को टिकट मिले विरोधी नेता को क्यों आशा है। ताऊ भी नेता का हाल जान चुका है, बंटू तो एक बहाना है यह मान चुका है। टिकट बंटू की हुई तो नेता जी की जीत पक्की है, बंटू की हार में ही तो छिपी उनकी तरक्की है। दिल्ली तक यूंही नहीं बंटू को नेता सैर करा रहा है, विरोधी दल में अब तक उनकी तूती है, यह एहसास दिला रहा है। नेता जी की दिल्ली में विरोधी चुनने की गोटी फिट रही है, तभी तो नेता जी की सियासी कुंडली हिट रही है।

– राजेश शर्मा

# सुधीर बागियों के सरगना, 15 करोड़ रुपए से अधिक मिले होंगे : मुख्यमंत्री

## कहा- जनता की अदालत में सामने आएंगे सभी कारनामे, आय से अधिक संपत्ति के मामले भी खुलेंगे

**अनंत ज्ञान, नादौन**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को बागी विधायकों और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर एक बार फिर तीखा हमला बोला। नादौन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्मशाला के पूर्व विधायक सुधीर शर्मा बागियों के सरगना हैं, उन्हें 15 करोड़ रुपए से भी अधिक मिले होंगे।

भाजपा में गए छह पूर्व विधायकों के सभी कारनामे जनता की अदालत में सामने आएंगे, जिन्होंने आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है, उनके मामले भी खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की सत्ता की भूख ज्यादा बढ़ गई है। वोट के दम पर सरकार नहीं बना सके तो अब नोटों के दम पर सत्ता हथियाना चाह रहे हैं। जनता भाजपा को नकार चुकी है, यह जयराम ठाकुर को दिमाग में बिठा लेना चाहिए। अन्य प्रदेशों में भाजपा ने नोटों के दम सत्ता हथियाई, वैसा ही हिमाचल में करना चाह रहे थे, लेकिन भगवान हमारे साथ हैं और उन्होंने हमें जनता की सेवा का मौका दिया है। उन्होंने कहा कि बिकाऊ को जनता कभी जिताऊ नहीं बनाएगी।

बागी विधायकों के विधानसभा क्षेत्रों में 300 से 400 करोड़ रुपए के काम हुए हैं। उनकी मर्जी के एसडीएम, बीडीओ, तहसीलदार, अधिशाषी अभियंता और एसडीओ लगाए, फिर भी बिक गए। राजनीति में यह नहीं होना चाहिए कि चुनाव में जो राशि खर्च की है, विधायक बनने के बाद उसे पूरा करने में जुट जाएं और कमाई न हो तो सरकार गिराने की साजिश रच दें। बिकाऊ विधायकों का चरित्र जनता के सामने बेनकाब हो चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा देश को आगे बढ़ाने की है।

### टिकटों पर आज साफ होगी स्थिति

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह ने कहा कि शनिवार को लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के टिकट फाइनल करने के लिए दिल्ली में स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक होगी। उसके बाद केंद्रीय चुनाव समिति को नाम भेजे जाएंगे। शाम तक टिकटों को लेकर स्थिति साफ हो जाएगी।

## सीएम के बयान से गरमाई सियासत राजेंद्र राणा–भुट्टो ने किया पलटवार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा शुक्रवार को कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के समूरकलां में चुनावी जनसभा के दौरान बागियों को लेकर दिए गए बयान पर अब राज्य की सियासत फिर से गरमा गई है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के बयान पर राजेंद्र राणा ने पलटवार किया है।

राजेंद्र राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। सरकार को मुख्यमंत्री का बेहतर अस्पताल में चेकअप करवाना चाहिए। मुख्यमंत्री के ऊपर मानहानि का दावा किया जाएगा तथा आपराधिक मामले का नोटिस भेजा जाएगा। वहीं, विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के उम्मीदवार और कांग्रेस पार्टी से बागी विधायक देवेंद्र भुट्टो ने कहा कि मुख्यमंत्री के भाई के नादौन क्षेत्र में लगे क्रशर की जांच करवाई जाए, जिस स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है और उद्योग मंत्री ने जो नोटिंग फाइल में दर्ज की है, इससे बड़ा और क्या भ्रष्टाचार हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह मित्रों की सरकार है। 4 जून को उनके नाम का फट्टा शिमला सचिवालय में आखिरी मुख्यमंत्री के रूप में लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके ऊपर जो आरोप लगाए गए हैं, उसके विरुद्ध मुख्यमंत्री को हाईकोर्ट से नोटिस भेजा जा रहा है और मानहानि का मुकदमा किया जाएगा।





### बागियों को दुलार या अपनों से प्यार

## छह सीटों पर किसे दिया जाए टिकट, कांग्रेस का मंथन जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पहाड़ी प्रदेश हिमाचल की सियासत का तापमान इन दिनों अपने चर्म पर है। राज्यसभा चुनाव आते ही प्रदेश की बहुमत वाली कांग्रेस सरकार के लिए मुसीबतों का पहाड़ खड़ा हो गया था। अब राज्य में विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों के चयन को लेकर कांग्रेस फिर से असमंजस में है।

**प्रत्याशियों के चयन को लेकर असमंजस में कांग्रेस**

कांग्रेस से बगावत करने वाले छह नेता भाजपा में चले गए। भाजपा ने उन्हें टिकट भी दे दिया। कांग्रेस से भाजपाई हुए छह नेताओं ने चुनाव प्रचार भी शुरू कर दिया, लेकिन कांग्रेस अभी मंथन ही कर रही है कि किसे प्रत्याशी बनाया जाए, जैसे ही कांग्रेस के छह बागी भाजपा में गए, सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू सहित अन्य नेताओं ने आया राम–गया राम का राग अलाप दिया। अब भाजपा से कुछ नेता कांग्रेस में जाने के लिए भी प्रयासरत हैं। इनमें लाहौल–स्पीति से पूर्व में भाजपा से चुनाव लड़े डॉ. रामलाल मार्कंडेय का नाम चर्चा में है। वैसे डॉ. मार्कंडेय एनएसयूआई में रहे हैं और सीएम सुखविंद्र सिंह के साथ उनकी अच्छी ट्यूनिंग भी मानी जाती है। इसी तरह धर्मशाला से यदि राकेश चौधरी कांग्रेस में जाने की सोचते हैं, तो यही सवाल उठाया जाएगा। गगरेट से राकेश कालिया भी कांग्रेस की टिकट हासिल कर सकते हैं, ये चर्चा है। कांग्रेस से बगावत कर भाजपा का हाथ थामने वाले छह नेताओं के अनेक समर्थक भी कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस के लिए अपने कुनबे को संभालना भी बड़ी चुनौती है। वहीं, डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ऊना में कार्यकर्ता सम्मेलन में यह स्पष्ट कर चुके हैं कि उपचुनाव में कांग्रेस के ही कार्यकर्ताओं को टिकट मिलना चाहिए।

### निष्ठावान कार्यकर्ताओं को टिकट देने पर मंथन

**कांग्रेस** का प्रयास यही है कि उपचुनाव में अपनी ही पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं को टिकट दिया जाए, इससे पार्टी कार्यकर्ताओं की नाराजगी को थामने का मौका मिलेगा। अब दिक्कत यह है कि कांग्रेस सुजानपुर, बड़सर, कुटलैहड़, धर्मशाला, गगरेट व लाहौल सीट पर किसे प्रत्याशी बनाती है। बड़सर से आईडी लखनपाल लगातार चुनाव जीत रहे थे। सुजानपुर से राजेंद्र राणा ने दो बार लगातार चुनाव जीता और कांग्रेस को मजबूत किया था। धर्मशाला में भी कांग्रेस के लिए यही चुनौती है।

## प्रतिभा सिंह ने कहा–कंगना रनौत हिमाचल की बेटी

### बोलीं- आपत्तिजनक टिप्पणी न करें लोग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में मंडी से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि मैं उनका स्वागत करती हूं क्योंकि वह हिमाचल की बेटी हैं।



वह राज्य के लिए काम करने के लिए राजनीति में आई हैं और उन्होंने सक्रिय रूप से काम करना शुरू कर दिया है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि एक महिला का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। मैं लोगों से अपील करता हूं कि वे आपत्तिजनक टिप्पणी न करें। चाहे वह मीडिया के माध्यम से हो या किसी सार्वजनिक बैठक में, हमें उन पर टिप्पणी करने के बजाय मुद्दों पर चुनाव लड़ना चाहिए। वहीं, मंडी सीट से प्रतिभा सिंह सासंद होंगी इसकी जानकारी हिमाचल के कांग्रेस दिग्गज नेता और पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर ने दी है। हालांकि, इसे लेकर अभी आधिकारिक घोषणा होना बाकी है।

## उम्मीदवारों के पेंच में उलझी कांग्रेस, भाजपा ने झोंकी ताकत

**राजेश शर्मा, ऊना**

जिला ऊना में गगरेट और कुटलैहड़ विस चुनाव क्षेत्रों में भाजपा का प्रचार अभियान शुरू हो चुका है, जबकि कांग्रेस अभी उम्मीदवारों के चयन के पेंच में उलझी है। इन दो विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस सरकार की प्रतिष्ठा भी जुड़ी हुई है।

ऊना जिले में भाजपा ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। जनसंपर्क के साथ वे नुक्कड़ सभाएं करके माहौल बनाने लगे हैं। हालात ऐसे हैं कि भाजपा के लिए दोनों सीटों पर करो या मरो वाली स्थिति है। राज्य में कांग्रेस की सरकार होने से भाजपा उम्मीदवारों की चुनौती और भी कठिन है। भाजपा के दोनों उम्मीदवार सवा साल पहले जिस दल से चुनाव लड़ चुके हैं, अब उसी संगठन के साथ उनका मुकाबला है। बताना जरूरी है कि हिमाचल प्रदेश सरकार की मजबूती के लिए ऊना की दो विधानसभा सीटों पर उपचुनावों को भी अहम माना जा रहा है। इस जिले से राज्य के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री संबंध रखते हैं और सरकार की साख पर भी दांव लगा है।

दोनों क्षेत्रों में उपमुख्यमंत्री का खासा प्रभाव भी है। इन दोनों सीटों पर कमान उपमुख्यमंत्री अपने हाथ रखते हैं, या निर्णय अलग होता है यह अभी देखना शेष है, हालांकि कुटलैहड़ से स्वयं मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का विधानसभा क्षेत्र भी सटा हुआ है। इस क्षेत्र में उनका भी खासा प्रभाव है। (अनंत ज्ञान)

### गगरेट में पिछले तीन चुनाव के परिणाम

**वर्ष** 2012 में इस विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के राकेश कालिया विजयी हुए थे। उन्होंने भाजपा के सुशील कालिया को 4897 मतों के अंतर से पराजित किया था। वर्ष 2017 में भाजपा के राजेश ठाकुर ने यहां कांग्रेस के राकेश कालिया को 9320 मतों से पराजित किया था। वर्ष 2022 में कांग्रेस के चैतन्य शर्मा ने एक तरफा जीत हासिल कर भाजपा के राजेश ठाकुर को 15685 मतों के अंतर से पराजित किया था। गगरेट आरक्षित विधानसभा क्षेत्र में 1998 और 2003 में कांग्रेस के कुलदीप कुमार विधायक रहे थे। आरक्षित विधानसभा क्षेत्र से ही वर्ष 2007 में भाजपा के बलबीर चौधरी भी विधायक रह चुके हैं।

### कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के पिछले तीन चुनाव

**वर्ष** 2012 में इस विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के वीरेंद्र कंवर ने कांग्रेस के रामदास मलांगड़ को 1692 मतों के अंतर से हराया था। वर्ष 2017 में भाजपा के वीरेंद्र कंवर ने कांग्रेस के विवेक शर्मा को 5606 मतों के अंतर से पराजित किया था। वर्ष 2022 में कांग्रेस के देवेंद्र सिंह भुट्टो ने भाजपा के वीरेंद्र कंवर को 7579 मतों से हराया था। इस विधानसभा क्षेत्र में 1998 में भाजपा के रामदास मलांगड़ विधायक बने थे। वर्ष 2003 में भाजपा के वीरेंद्र कंवर और वर्ष 2007 में भी भाजपा के वीरेंद्र कंवर ही विधायक बने थे।

## युवा मतदाता



**पहली** बार मतदान करके मतदान के महापर्व में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाऊंगी, जिसको लेकर काफी उत्साहित हूं। जो प्रत्याशी देशहित, केंद्र-प्रदेश में समन्वय करे उसे वोट दूंगी। उम्मीदवार ऐसा हो जो युवाओं, महिलाओं व समाज के गरीब तबके के लिए काम करे और सब को साथ लेकर चले। सभी को जागरूक भी कर रही हूं। उम्मीदवार ऐसा हो जो विकास परक सोच वाला हो और जनता की समस्याएं दूर करे, जो सभी वर्गों का समान विकास करवाए और लोगों को साथ लेकर चले, ऐसे उम्मीदवार को ही वोट दूंगी।

**दीप्ति आंनद, कुल्लू**



**लोकसभा** क्षेत्र मंडी में युवाओं के लिए रोजगार के संसाधनों का सृजन, उच्च शिक्षा व प्रशिक्षण का प्रबंध अति आवश्यक है। चूंकि इस क्षेत्र में चंडीगढ़-मनाली फोरलेन लगभग डेढ़ सौ किलोमीटर से ज्यादा क्षेत्र में बन रहा है। ऐसे में युवाओं के लिए पर्यटन पर आधारित स्वरोजगार को भी बढ़ावा देने की जरूरत है। लोकसभा क्षेत्र के विश्वविद्यालय, महाविद्यालयों व प्रशिक्षण संस्थानों में पर्यटन व्यवसाय के संवर्धन के लिए कोर्स शुरू करने की भी सख्त जरूरत है। इन मुद्दों पर बात करने वाले उम्मीदवार को मेरा समर्थन रहेगा। हम हर बार ठगे जाते हैं चुना हुआ सांसद गांव में आता ही नहीं, गांव की समस्याओं का सांसद को पता ही नहीं चलता, लोग गांव से शहर में पलायन कर रहे हैं और शहरों पर बोझ बढ़ता जा रहा है।

**राधिका, बीएड छात्रा,**
**विधानसभा, सदर मंडी।**

## टिकट 'आस' के मारे 'बेचारे', कब होगा इंतजार खत्म

### आखिर क्यों है एक अनार सौ बीमार जैसी हालत, 6 के 6 उपचुनाव में अभी हो रही माथा-पच्ची

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

विधानसभा के 6 उपचुनाव के लिए कांग्रेस के भीतर टिकट के चाहवानों का इंतजार आखिर लंबा क्यों हो रहा है। यह सवाल पार्टी के भीतर तो चर्चा में है ही, राजनीति की समझ रखने वाले जानकर भी इसमें लगातार हो रही देरी पर भौचक्के दिख रहे हैं। सवाल इसलिए भी है, क्योंकि पार्टी का पिछला इतिहास भी ऐसा ही रहा है।



समय पर प्रत्याशियों की घोषणा नहीं करने की वजह से इसका खामियाजा वर्कर्स को भुगतना पड़ता रहा है। लेटलातीफी हमेशा ही कांग्रेस के वर्कर्स के लिए परेशानी का सबक रही है। विरोधी जब तक चुनावी ताम-झाम के बीच में आगे निकल जाते हैं, पार्टी उस समय आखिरी दौर में प्रत्याशियों का ऐलान करके उन्हें चुनावी दंगल में भेजती है। इसका पार्टी को कई मर्तबा नुकसान भी झेलना पड़ा है। अभी भी कुटलैहड़ को छोड़कर बाकी सभी जगह पर ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है।

कई जगह तो एक अनार सौ बीमार जैसे हालात अख्तियार हो चुके हैं। मसला चाहे सुजानपुर का हो या बड़सर का। हमीरपुर जिले की इन दोनों सीटों पर इस समय यही स्थिति दिख रही है।

अब मुख्यमंत्री वीरवार शाम से नादौन पहुंचे हुए हैं। शनिवार को वे दिल्ली चले जाएंगे, लेकिन पिछले दिन से ही उन्होंने टिकट के चाहवानों के साथ अलग–अलग बैठकें की हैं। अपने–अपने समर्थकों सहित इस तरह के नेता सीएम से मिले भी हैं। कुटलैहड़ के टिकट पर संशय खत्म हो गया है। क्योंकि खुद सुक्खू ने विवेक विक्कू को टिकट देने का ऐलान किया है। गगरेट में अभी स्थिति क्लियर नहीं है। धर्मशाला में भी यही हालात हैं। लाहौल स्पीति और नालागढ़ में भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। रामलाल मार्कंडेय चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुके हैं।

नालागढ़ में भी कमोबेश यही स्थिति है। दरअसल इन 6 उपचुनावों में जो हालात तैयार हुए हैं। कांग्रेस इसके लिए कतई तैयार नहीं थी और इन विधानसभा क्षेत्र में सेकेंड लाइन के नेताओं की भी मौजूदगी वैसी नहीं थी कि अचानक चुनाव लड़ने के लिए उन्हें उतार दिया जाए।

इसीलिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू फैसला लेने से पहले सभी से चर्चा कर रहे हैं। उम्मीद यही है कि अगले कुछ दिनों में यह असमंजस दूर हो जाएगी। सुजानपुर और बड़सर में भाजपा के लोग भी परिस्थितियों के अनुसार उम्मीदवारी के रास्ते खोज रहे हैं। खुद मुख्यमंत्री भी

इसमें कई जगह रुचि दिखा रहे हैं, लेकिन पार्टी के भीतर इसका कोई अलग संदेश न चला जाए, इस इस पर भी वे वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की राय ले रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### बागियों के खिलाफ सरकार एग्रेसिव

**बागियों** के खिलाफ सरकार मुकम्मल तौर पर एग्रेसिव मूड में दिख रही है, उसका चुनावी मोड शुरू हो चुका है और जिस तरीके से मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और अन्य मंत्री नेता अब भाजपा को घेरने में लगे हुए हैं। निश्चित रूप से कांग्रेस का वर्कर भी उत्साह दिखाने लगा है, लेकिन उसके लिए जिताऊ उम्मीदवार की इंतजार सबसे बड़ी परेशानी है।

## किशन कपूर ने दर्ज की है सबसे ज्यादा और कम मार्जिन से जीत



**धर्मशाला।** धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र में 5 बार चुनाव जीतने वाले किशन कपूर के नाम ही सबसे ज्यादा तथा सबसे कम मार्जिन से जीतने का रिकार्ड रहा है। इसके अलावा 2019 के लोकसभा चुनावों में किशन कपूर का नाम देश में दूसरे सबसे बड़े मार्जिन करीब पौने पांच लाख मतों से जीतने का रिकॉर्ड रहा है। धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के चुनावों के आंकड़ों पर नजर डालें, तो 1977 के बाद हुए चुनावों में सबसे बड़े मार्जिन से जीत भाजपा के दिग्गज नेता किशन कपूर ने दर्ज की है, तो सबसे कम मार्जिन से जीत भी उनके नाम ही रही। 1977 में जनता पार्टी से जीत दर्ज करने वाले बृज लाल ने 2927 मतों से तथा 1982 में भाजपा की टिकट से 2542 मतों से जीत दर्ज की थी। 1985 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के मूलराज पाधा ने 1083 मतों से जीत दर्ज की। इसके बाद 1990 में किशन कपूर ने 13663 मतों से जीत दर्ज की, जो कि 1977 के बाद जीत का सबसे बड़ा मार्जिन था। 1993 में किशन कपूर ने सबसे कम मार्जिन, यानी 417 मतों से जीत दर्ज की। 1998 में भाजपा के किशन कपूर ने 3355 मतों से जीत दर्ज की। 2003 में कांग्रेस की चंद्रेश कुमारी ने 5118 मतों से जीत दर्ज की। 2007 में किशन कपूर ने 7616 मतों से जीत दर्ज की तो 2012 कांग्रेस प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने 5000 मतों से जीत दर्ज की। 2017 में भाजपा नेता किशन कपूर ने 2997 मतों से जीत दर्ज की। 2019 के उपचुनावों में भाजपा के विशाल नेहरिया ने 6558 मतों से जीत दर्ज की। 2022 में कांग्रेस के सुधीर शर्मा ने 3285 मतों से जीत दर्ज की।


## महिला मतदाता



**मतदान** महत्वूपर्ण होता है। सोच-समझ कर जनता से किए वादों को पूरा करने वाले व्यक्ति को ही वोट दूंगी। साथ ही क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दे। उम्मीदवार ऐसा हो जो विकास करे और जनता की समस्याओं को दूर कर, सभी वर्गों का समान विकास करवाए। जहां मौजूदा राजनीति की बात है तो, नेता कभी एक पार्टी में तो कभी दूसरी पार्टी में जा रहे हैं। यह काम लोगों के लिए परेशानी का सबक बना हुआ है। इस बार लोगों को ऐसी राजनीति पर सोच विचार जरूर करना चाहिए, ताकि समाज का भला हो सके।

**पूनम, बनोई।**

## पुरुष मतदाता



**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू आम परिवार से निकल कर मुख्यमंत्री बने हैं। उनके 15 महीनों के कार्यकाल में एसी तो बड़ी घटना नहीं हुई, जिसका मुद्दा बना कर भाजपा कांग्रेस सरकार को गिराने का प्रयास करे, जहां तक ओबीसी वर्ग के मुद्दों का सवाल है तो भाजपा सरकार में इस वर्ग को हमेशा दरकिनार किया गया है। जिला कांगड़ा में ओबीसी समुदाय का रुझान जिस पार्टी की ओर होता है वही सरकार बनाती है। धर्मशाला उपचुनाव में भी यदि ओबीसी समुदाय के किसी व्यक्ति को टिकट दी जाए तो कांग्रेस की जीत की राह आसान हो जाएगी।

**श्रीकंठ चौधरी, धर्मशाला**

**सियासत** वर्ष 2019 से हाशिए पर चल रहे पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के घर बड़े भाजपा नेताओं की एंट्री

# होलीलॉज की तर्ज पर राजनीति का बड़ा पावर सेंटर बना समीरपुर

**अरविंद शर्मा, शिमला**

हिमाचल प्रदेश की राजनीति में करीब पांच दशकों से सत्ता के केंद्र में रहे होलीलॉज की तर्ज पर अब समीरपुर में दो बार प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे प्रेम कुमार धूमल का घर सत्ता का पावर सेंटर बन चुका है। वर्ष 2019 से भाजपा में हाशिए पर गए पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के वर्चस्व की अब भाजपा के बड़े नेताओं को याद आने लगी है और उपचुनाव के आते ही सभी बड़े नेता समीरपुर में धूमल के घर पहुंचकर उनका आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।



कांग्रेस से भाजपा में आए सभी बागी विधायक, राजेंद्र राणा, सुधीर शर्मा, इंद्र दत्त लखनपाल, देवेंद्र भुट्टो, चैतन्य शर्मा व रवि ठाकुर धूमल के परिवार में हाजिरी भर चुके हैं, वहीं निर्दलीय विधायक होशियार सिंह, केएल ठाकुर और आशीष शर्मा के साथ पूरी भाजपा धूमल के घर पर हाजिरी लगा रही है। अब प्रश्न यहां उठ रहा है कि चुनावों की दस्तक देते ही क्या भाजपा से टिकट प्राप्त कर चुके सभी बागी विधायक धूमल के नाम पर ही अपनी नैया पार लगाने की तैयारी कर रहे हैं या फिर अब भाजपा को धूमल के बिना हमीरपुर का किला जीतना असंभव लग रहा है। वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनावों में यदि जयराम सरकार को धूमल के वर्चस्व की याद रहती और चुनावों में उनकी राय ली जाती, तो शायद वह आज सत्ता से बाहर नहीं होते और आज जोड़तोड़ के लिए इस तरह से मारे–मारे न फिरते। (अनंत ज्ञान)

### अपने ही गढ़ में आखिर क्यों एक भी सीट नहीं जीत पाई बीजेपी

**धूमल** के गृह जिला हमीरपुर में आखिर क्या ऐसा कारण रहा है, जिससे भाजपा के गढ़ रहे हमीरपुर में वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा एक भी सीट नहीं जीत पाई। हमीरपुर की तरह जिला सोलन में हुई वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की अपेक्षा यही दर्शा रही है कि भाजपा को केवल सत्ता हासिल करने के लिए अब धूमल के दर जाकर हाजिरी लगानी पड़ रही है और उपचुनाव को जीतने के लिए उनके वर्चस्व का आशीर्वाद लेना आवश्यक हो गया है।

### राजीव बिंदल सहित जयराम ठाकुर की हाजिरी भरने की मजबूरी



**भाजपा** अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल सहित नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को क्या अब धूमल के दर पर उपचुनाव जीतने के लिए हाजिरी भरना मजबूरी बन रहा है। हमीरपुर जिला सहित प्रदेश भर में पूर्व मुख्यमंत्री धूमल की छवि जनता के बीच आज भी साफ नजर आती है और उनके आशीर्वाद के बिना जिला सोलन सहित हमीरपुर ऊना में भाजपा को पार पाना मुश्किल भरा हो सकता है।

**अनंत ज्ञान**
## अनुभवी स्टाफ चाहिए
'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**
प्रूफ रीडर, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर एवं उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

**डिजिटल मीडिया**
डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, रिपोर्टर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**
मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें
बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

# आईटीआई की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में धर्मशाला का दबदबा
## डीसी ने नवाजे विजेता, युवाओं को नशे से दूर रहने की दी नसीहत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

आईटीआई शाहपुर में जिला स्तरीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की पुरूष वर्ग की 17 वीं खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता आईटीआई धर्मशाला ने अपना दबदबा कायम करते हुए ओवरआल चौंपियन का खिताब जीता, जबकि एथलेटिक्स में आईटीआई सलियाणा अव्वल रहा इसी तरह से सांस्कृतिक प्रतियोगिता में आईटीआई शाहपुर की टीम अव्वल रही।

बैडमिंटन में आईटीआई सलियाणा प्रथम, पालमपुर द्वितीय , बास्केटबॉल में गढ़जमूला प्रथम जबकि धर्मशाला द्वितीय, खो-खो में धर्मशाला पहले तथा रझुँ दूसरे स्थान, वॉलीबॉल में ज्वाली पहले तथा नूरपुर दूसरे स्थान तथा कबड्डी में आईटीआई शाहपुर प्रथम जबकि नूरपुर दूसरे स्थान पर रहे । शुक्रवार को प्रतियोगिता के समापन पर उपायुक्त हेमराज बैरवा ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बच्चे अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें। खेलों में जीत के बाद अब अपने अपने प्रशिक्षण में पूरी ऊर्जा एवं लग्न के साथ डट जाएं, ताकि जिंदगी में निर्धारित किए गए मुकाम को हासिल किया जा सके।



आईटीआई की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी सामूहिक चित्र में।

उन्होंने कहा कि आईटीआई के अध्यापक एक कमेटी बनाएं और देखें कि जो बच्चे यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करके गए हैं उन्हें बाद में किसी तरह की कोई परेशानी तो नहीं हो रही, ताकि पूर्व में ही उसे सुधारा जा सके।

उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि संस्थानों में नशे के दुष्प्रभावों के बारे में नियमित तौर पर संवाद जरूरी है ताकि युवाओं को जागरूक किया जा सके। स्थानीय आईटीआई के प्रधानाचार्य एवं आयोजक सचिव चैन सिंह राणा ने मुख्यातिथि तथा अन्य आए हुए मेहमानों का स्वागत किया तथा चार दिनों तक चली इस प्रतियोगिता बारे जानकारी देते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता में जिला कांगड़ा की 20 आईटीआई के लगभग 600 प्रतिभागियों तथा ऑफिशियल ने हिस्सा लिया। इस मौके पर एसडीएम शाहपुर करतार चंद, प्रधानाचार्य ई. संजीव सहोत्रा, प्रधानाचार्य ई. कीरत सोहल, प्रधानाचार्य ई. बंदना के इलावा विभिन्न आईटीआई के प्रधानाचार्य, ग्रुप अनुदेशक, व अन्य गणमान्य नागरिक तथा आईटीआई के छात्र उपस्थित रहे ।

# 65 पुलिस कर्मी संभालेंगे कालेश्वर महादेव बैसाखी मेले की सुरक्षा व्यवस्था
## एसएचओ गुरदेव बोले- ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर उठाए जा रहे ठोस कदम

**सालविया शर्मा, गरली**

गरली के निकट शिवतपो भूमि कालेश्वर महादेव में 12 से 14 अप्रैल तक चलने वाले राज्य स्तरीय बैसाखी मेले की सुरक्षा-व्यवस्था इस बार 65 पुलिश कर्मियों के हवाले होगी, जिसमें मेला स्थल और ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर ब्यास नदी में डूबकी लगाने वालों पर जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहेगा।

पुलिस थाना रक्कड़ के प्रभारी गुरदेव सिंह बताया कि राज्य स्तरीय बैसाखी मेले में ट्रैफिक वन-वे की जा रही है, ताकि यहां सड़क पर लगने वाले जाम से राहत मिल सके।

उन्होंने ऐलान किया है कि मेले में आने वाली गाड़ियों को पार्क करने का प्लान भी बनाया गया है, जिसमें सदबा-मनियाला की ओर से आने वाली हर गाड़ी कालेश्वर महादेव से मनियाला को जाने वाले संपर्क मार्ग पर पार्क होगी, जबकि कूहना से आने वाली सभी गाड़ियों को खड़ी करने के लिए यहां शनि मंदिर के साथ आम के बगीचे पर पार्क होगी और गरली परागपुर



जानकारी देते एसएचओ गुरदेव सिंह।

चंबापतन की ओर से आने वाली गाड़ियो को चंबापतन पुल के साथ सड़क किनारे पार्क होगी। अगर इस दौरान सड़क के बीचोंबीच गाड़ी खड़ी करने वाले किसी भी चालक को नहीं बख्शा जाएगा।

वहीं मेले की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा की अध्यक्षता में आयोजित हुई इस बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी माजूद रहे। वहीं इस मौके मेले की सुरक्षा व्यवस्था व तीन दिन तक चलने वाली सास्कृतिक संध्या में गायक कलाकारों के नाम फाइनल करने के साथ-साथ उक्त मेले में कौन-कौन चीफ गेस्ट होंगे, इस बारे विस्तार से चर्चा की गई।

बैसाखी मेले के दौरान यहां पंचतिर्थि के पवित्र स्नान सरोवर में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को नहाने के लिए मेला प्रशासन ने तमाम पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, जिसमें महिलाओं और पुरुषों को अलग-अलग नहाने के लिए प्रबंध किया गया है, ताकि इस महापर्व पर हर कोई आस्था की डूबकी लगा सके।

एसडीएम मैडम शिल्पी बेक्टा ने कहा कि कालेश्वर महादेव बैसाखी मेले के दौरान यहां ब्यास नदी में चलने वाली नाव मे अगर ओवर लोडिंग सवारियां बिठाने पर भी नियमों के अनुसार कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा हेतु ब्यास नदी में जो नाव चलाई जाएगी, उसमे तय किए गए मापदंड अनुसार ही सवारियां बिठाई जाएंगी, अगर चंद सिक्कों के लालच की खातिर अगर नाव में एक भी ज्यादा सवारी बिठाई गई तो तुरंत कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# चुनाव के पर्व में सभी नागरिकों की सहभागिता जरूरी: डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिले में विधानसभा चुनावों में प्रत्येक क्षेत्र और व्यक्ति की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। जिले में महाविद्यालयों, ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप अभियान भी आरंभ किया गया है, ताकि कोई मतदाता वोट से अधिकार से वंचित नहीं रहे।

शुक्रवार को शाहपुर में जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने निर्वाचन प्रक्रिया के अंतर्गत मतदाता जागरूकता विषय पर शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में हस्ताक्षर अभियान का भी शुभारंभ किया तथा निर्वाचन विभाग द्वारा बनाए गए सेल्फी पॉइंट में एसडीएम शाहपुर के साथ सेल्फी भी ली। उन्होंने कहा कि वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से वोटर आईडी कार्ड से संबंधित आवश्यक जानकारियां हासिल की जा सकती हैं।

उन्होंने कहा कि टोल फ्री 1950 पर भी वोटर जानकारियां हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिले में बूथ स्तर तक चुनावों की दृष्टि से हर व्यवस्था उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वह चुनाव के दिन भारी संख्या में घरों से निकल कर अपने मताधिकार का उपयोग करें। क्षेत्र में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के संचालन हेतु लोग प्रशासन का सहयोग करें । उन्होंने कहा कि लोग बिना किसी लालच और दबाव में आए अपना वोट डालें तथा आदर्श आचार संहिता संबंधित किसी भी शिकायत को तुरंत अपने चुनाव अधिकारी के ध्यान में लाएं।

**वोटर लिस्ट में नाम अवश्य दर्ज करवाएं छूटे हुए मतदाता**

# आयुर्वेदिक स्पेशलिस्ट पोस्ट ग्रेजुएट संगठन की राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

राजीव गांधी राजकीय स्नातकोत्तर आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय पपरोला में एक दिवसीय राष्ट्रीय कान्फ्रेंस का आयोजन शनिवार को किया जाएगा जिसमें देशभर के आयुर्वेद विशेषज्ञ आयुर्वेद के विश्व भर में जनसंचार और कार्यान्वन के बारे चर्चा की करेंगे।

ऑल इंडिया आयुर्वेदिक स्पेशलिस्ट पोस्ट ग्रेजुएट संगठन द्वारा आयोजित इस कॉन्फ्रेंस का मुख्य उद्देश्य विश्व भर में आयुर्वेद का प्रचार-प्रसार किया जाना है। यह जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय चौधरी ने बताया कि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. राकेश शर्मा और विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. बीएल मेहरा, सचिव, नेशनल कौंसिल ऑफ इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन की तरफ से शामिल रहेंगे।

कान्फ्रेंस के संयोजकों के रूप में बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के काया चिकित्सा विभाग में कार्यरत प्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद और ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद के काया चिकित्सा विभाग में कार्यरत, डॉ. आर. के. यादव शामिल रहेंगे।

# भूकंप के झटकों से सहमे लोग, नुकसान की नहीं सूचना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल के कांगड़ा जिला में साल 1905 में रिक्टर स्केल पर 8 की तीव्रता से आए भूकंप की याद फिर से ताजा हो गई। हालांकि इस भूकंप से किसी प्रकार के नुक्सान की कोई सूचना हीं है, जबकि 119 साल पहले आए तेज भूकंप में 20000 लोगों की मौत हो गई थी।

पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश के साथ पंजाब तथा हरियाणा के विभिन्न हिस्सों में वीरवार रात भूकंप के झटके महसूस किए गए। इस बार इसका केंद्र चंबा जिला रहा। रात 9 बजकर 34 मिनट पर आए इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.3 दर्ज की गई। भूकंप की गहराई चंबा जिला के पांगी क्षेत्र में जमीन की सतह से 10 किलोमीटर नीचे रही। इस भूकंप की भौगोलिक स्थिति 33.09 अक्षांश और 76.59 देशान्तर एवं 10 किलोमीटर की गहराई पर थी।

हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के विश्लेषण के अनुसार भूकंप के चिन्हित केंद्र से जिला चंबा की तहसील पांगी की साच, सेचू, शून (हिलुत्वान) और कुमार (परमार) पंचायतें प्रभावित हुई। आरंभिक तौर पर आंशिक नुक्सान की जानकारी सामने आई है जिसकी रिपोर्ट बनाई जा रही है। बताते चलें कि जब लोग सोने की तैयारी कर रहे थे तो ये झटके महसुस हुए। भूकंप की वजह से जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। जिला आपदा प्रबंधन आथोरिटी से मिली जानकारी के अनुसार कहीं से कोई नुकसान नहीं हुआ। उधर इस बारे में जानकारी देते हुए उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने बताया कि भूकंप से जिले में किसी तरह के नुक्सान की कोई सूचना डीडीएमए को नहीं मिली है।

## न्यूज ब्रीफ

### अरनी यूनिवर्सिटी में वॉलीबाल टूर्नामेंट शुरू

**नूरपुर।** युवाओं में खेलों की रुचि बढ़ने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने के उद्देश्य को लेकर नूरपुर विधानसभा में रणजीत बक्शी जनकल्याण सभा ने दूसरे तीन दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का आगाज किया। इस वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ अरनी यूनिवर्सिटी के चांसलर विवेक सिंह ने किया। इस प्रतियोगिता में 36 टीमें भाग ले रही है । यह टूर्नामेंट अकिल बक्शी ने अपने पिता की याद में करवाया है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वह नशे से दूर रहें और खेलों की ओर रुचि रखे । हमने इस टूर्नामेंट में जो टॉप टू प्लेयर आएंगे उन्हें अपनी यूनिवर्सिटी में शिक्षा देंगे और उसकी मदद करेंगे । रणजीत बक्शी जनकल्याण सभा अध्यक्ष अकिल बक्शी ने कहा कि वॉलीबाल प्रतियोगिता का आज आगाज हुआ है और हमारे लिए गर्व कि बात है। हमारा उद्देश्य है कि हम हर वर्ष क्रिकेट और वॉलीबाल का टूर्नामेंट में करवाएं। यूनिवर्सिटी के चांसलर ने भी इस टूर्नामेंट में टॉप टू प्लेयर को अपनी यूनिवर्सिटी में शिक्षा देने का अश्वासन दिया है।

### जहरीला पदार्थ निगलने से महिला की मौत

**कांगड़ा।** जिला के पुलिस थाना कांगड़ा के अंतर्गत गलती से जहरीला पदार्थ निगलने से एक महिला की मौत का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार खोली निवासी 48 वर्षीय यह महिला मानसिक रूप से बीमार थी और अपने भाई-भाभी के साथ रहती थी। गुरुवार को उक्त महिला ने गलती से कोई जहरीला पदार्थ निगल लिया, जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद परिजन उसे टांडा मेडिकल कॉलेज ले गए जहां उपचार के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। मामले की पुष्टि करते हुए एसएचओ संजीव कुमार ने बताया कि महिला के शव का पोस्टमार्टम करवा के परिजनों को सौंप दिया है तथा सीआरपीसी 174 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

### गगल में युवक पर चाकू से हमला

**गगल।** गगल में आज शाम सरेआम गुंडागर्दी का नंगा नाच देखने को मिला जहां एक युवक बाइक पर एक युवती से बातें कर रहा था तो वही दूसरा युवक वहां आ गया और कुछ बहस बाजी हो गई जिस पर बाइक चालक युवक ने चाकू निकालकर उस पर हमला करने की फिराक में ही था कि वहां पर उपस्थित लोगों ने उसे बचा लिया परंतु युवक वहां से फरार हो गया । मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी नारायण सिंह वह संजीव कुमार ने बताया की पुलिस ने आरोपी की बाइक को कब्जे में लेकर थाने में दोनों पक्षों को बुला लिया है और पुलिस आरोपी से शक्ति से पूछताछ कर रही है।

### सुधीर शर्मा और रवि ठाकुर ने लिया दलाईलामा से आशीर्वाद

**मैक्लोडगंज।** धर्मशाला के पूर्व विधायक सुधीर शर्मा और लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक रवि ठाकुर शुक्रवार को तिब्बतियों के सर्वोच्च धर्मगुरु दलाईलामा से मिलने पहुंचे। दोनों पूर्व विधायकों ने दलाईलामा से मुलाकात कर धर्मगुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके उपरांत सुधीर शर्मा ने मैक्लोडगंज के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ निजी होटल में बैठक भी की। भाजपा की ओर से पूर्व विधायक सुधीर शर्मा को धर्मशाला से उपचुनाव के लिए प्रत्याशी घोषित किया गया है जिसके चलते सुधीर शर्मा लगातार भाजपा कार्यकर्ताओं व आम जनता से संपर्क कर रहे हैं।



### दाड़ी मेले की तैयारियां आरंभ, भव्य होगा आयोजन

**धर्मशाला।** उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि दाड़ी में धुम्मू शाह मेले का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस के लिए उच्च न्यायलय के आदेशों की अनुपालना करते हुए एसडीएम धर्मशाला को मेला अधिकारी नियुक्त किया गया है। शुक्रवार को धुम्मू शाह मेले की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि यह मेला आठ अप्रैल से लेकर 15 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि मेले में कुश्तियों सहित बच्चों के लिए झूले इत्यादि लगाए जाएंगे, ताकि लोगों का भरपूर मनोरंजन हो सके। उन्होंने कहा कि मेले की तैयारियों को लेकर कमेटी का गठन भी कर दिया गया है ताकि परंपरा के अनुसार मेले का सफल आयोजन किया जा सके। उन्होंने कहा कि नगर निगम के अधिकारियों सहित लोक निर्माण विभाग, आईपीएच, विद्युत, युवा खेल सेवाएं विभाग तथा भाषा एवं संस्कृति विभाग के अधिकारियों को मेला कमेटी में शामिल किया गया है इसके साथ ही गैर सरकारी सदस्य भी मेले के आयोजन में शामिल किए जाएंगे, ताकि मेले का सफल आयोजन सुनिश्चित किया जा सके।

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रझूं में 'स्वीप' के तहत करवाई कार्यशाला




राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रझूं में कार्यशाला के दौरान उपस्थित शिक्षक व स्टूडेंट्स।

**राकेश डोगरा, डरोह**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रझूं में सुव्यस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम 'स्वीप' के तहत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यातिथि राकेश शर्मा उपमंडल अधिकारी धीरा रहे।

उन्होंने कहा कि स्वीप का प्राथमिक लक्ष्य सभी पात्र नागरिकों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करना है। भारत में सहभागी लोकतंत्र का निर्माण करना है। युवा मतदाताओं को युवा शक्ति को मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए। हमें वोट डालने का अधिकार है, इसका हमें उपयोग करना चाहिए लोकतंत्र की नीव मताधिकार पर ही रखी जाती है। भारत संसार का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है।

उन्होंने युवा मतदाता वर्ग को लोकसभा चुनाव 2024 में अधिक से अधिक मतदान करने हेतु जागरूक किया। वे 18वीं लोकसभा के लिए मतदान करेंगे, जिसमें युवा और नए मतदाताओं की सक्रिय भूमिका बहुत आवश्यक है। उन्होंने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए हस्ताक्षर अभियान का भी शुभारंभ किया।

इस अवसर पर स्वीप नोडल ऑफिसर पवन राणा, नायव तहसीलदार महेश्वर चौधरी, ग्राम पंचायत प्रधान धर्म सिंह, वार्ड सदस्य और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से रविंद्र सिंह, किरण, सुदर्शन, मुकेश, संजू, दर्शन सिंह, पूनम कुमारी, ललिता, सुपरवाइजर रवि कुमार उपस्थित रहे। धीरा उपमंडल सुलह विधानसभा स्वीप के नोडल अधिकारी प्रोफेसर पवन राणा ने कहा कि स्वीप भारत में मतदाता शिक्षा, मतदाता जागरूकता फैलाने और मतदाता साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए भारत के चुनाव आयोग का कार्यक्रम है। उन्होंने युवा वर्ग को आगे आकर मतदान को एक उत्सव की तरह मानने का संदेश दिया तथा मतदान में भाग लेने को प्रेरित किया। इस दौरान राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इसके अलावा मतदान केंद्र पीरा, चंबी और गड़ियारा मैं मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। (अनंत ज्ञान)

# चुनाव नजदीक आते-आते सुधीर शर्मा कहीं बीमार न पड़ जाएं : विजय इंद्र
## 17 विकास कार्यों को जानबूझ कर रोकने का लगाया आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

भाजपा पार्टी संभल कर रहे, उप-चुनाव नजदीक आते-आते सुधीर शर्मा बीमार भी पड़ जाते हैं और फिर चुनाव लड़ने मना कर देते हैं। धर्मशाला में कई विकास कार्य ऐसे थे जिन्हें आसानी से पूरा किया जा सकता था लेकिन शायद सुधीर शर्मा के ईशारे पर ही इन कार्यों को जानबूझ कर रोका गया।

उक्त तंज और आरोप कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी विजय इंद्र कर्ण ने धर्मशाला में आयोजित एक प्रैस वार्ता में लगाए। उन्होंने भाजपा पर भी हमला बोलते हुए कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय को हर बार मुद्दा बनाने वाली भाजपा अपनी डबल इंजन की सरकार में इस मुद्दे को क्यों नहीं उठा पाई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू केंद्रीय विश्वविद्यालय का पैसा जमा करवाएंगे और इस निर्माण भी धर्मशाला में करवाएंगे। विजय इंद्र कर्ण ने करीब 17 विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि यह कार्य आसानी से पूरे किए जा सकते थे लेकिन सुधीर शर्मा की इच्छा शक्ति की कमी और अधिकारियों से कम संपर्क होना इसका मुख्य कारण हो सकता है, या फिर यह भी हो सकता है कि उन्होंने जानबूझ कर इन विकास कार्यों को होने से रोके रखा। उन्होंने कहा कि डल झील के 4 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई है और डल झील के सौंदर्यीकरण पर जल्द काम शुरू होगा। भागसू नाग स्थित प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण के लिए करीब 25 करोड़ स्वीकृत हैं।



प्रेस वार्ता को संबोधित करते पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी विजय इंद्र कर्ण व अन्य।

उन्होंने आदि हिमानी चामुंडा, ट्यूलिप गार्डन, अघंजर महादेव, इंद्रू नाग मंदिर, डे-बोर्डिंग स्कूल, यूनिटी हॉल, नेशनल डेयरी फॉर्म व ओबीसी समुदाय भवन निर्माण जिसके लिए मात्र एक अधिकारी के हस्ताक्षर की जरूरत है, आदि कई विकास कार्य गिनवाते हुए कहा कि इन कार्यों को पत्राचार अथवा अधिकारियों के बातचीत से पूरा किया जा सकता था। इसके अतिरिक्त चामुंडा मंदिर के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 10 करोड़ रुपए की आवश्यकता है जिसे जिलाधीश कांगड़ा के माध्यम से ब्याज रहित दरों से उपलब्ध करवाया जा सकता है। धर्मशाला में फूड राष्ट्रीय कॉर्नर स्वीकृत है जिसके निर्माण के लिए मात्र एक विभाग की एनओसी की जरूरत है, जिसे भी अब तक पूरा किया जा सकता था। उन्होंने कहा कि भाजपा भूल जाए कि वह सरकार गिरा पाएगी। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि कांग्रेस आगामी उप-चुनाव में धर्मशाला सहित सभी विधानसभा सीटें जितेगी। इस अवसर पर उनके साथ धर्मशाला नगर निगम महापौर नीनू शर्मा, नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरभजन सिंह भज्जी, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश पप्पी एवं विनीत धीमान सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गौरतलब है कि वर्ष 2019 के उप-चुनाव में सुधीर शर्मा इसलिए चुनाव नहीं लड़े थे क्योंकि उन्होंने बीमार होने की बात कही थी। विजय इंद्र कर्ण का आरोप है कि उन्होंने बीमारी का बहाना बनाया था ताकि वह चुनावी हार से बच सकें।

**डीएनबी फॉलोअप** | पीजी के लिए अब दोबारा मिलेगी स्वीकृति, इस पर संशय, पावर के बगैर जूझेगा अब मेडिकल कॉलेज

# डी-रिकॉग्नाइज हो गया मेडिकल कॉलेज हमीरपुर

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

पीजी की डिग्री के लिए हमीरपुर स्थित मेडिकल कॉलेज अब डी-रिकॉग्नाइज्ड हो गया है। इसका सीधा मतलब ब्लैक लिस्ट भी माना जाता है। डीएनबी यानी डिप्लोमेट नेशनल बोर्ड के माध्यम से इस मेडिकल कॉलेज में तीन दर्जन के करीब जो डॉक्टर्स पीजी कर रहे थे, उन्हें अब हिमाचल से बाहर दूसरी जगह जाना ही पड़ेगा, क्योंकि नेशनल काउंसिल के आदेश ही ऐसे हैं, लेकिन विडंबना यह है कि तकरीबन तीन सप्ताह पहले मेडिकल कॉलेज को इस बाबत बोर्ड ने मेल के जरिए चिट्ठी भेज दी थी। समय रहते इस पर कोई असर नहीं हुआ। लिहाजा खामियाजा अब न केवल संबंधित पीजी करने वाले डॉक्टर्स को भुगतना पड़ेगा, बल्कि मेडिकल कॉलेज हमीरपुर की भीतरी व्यवस्था भी चरमराएगी।

**दो साल पहले विदेशी स्टूडेंट की इंटर्नशिप पर भी हुआ था विवाद**

पीजी डिग्री के लिए सरकार और संस्थान को अच्छी खासी मशक्कत करनी पड़ती है, उसके बाद इस तरह के मामले में केंद्र से स्वीकृति मिलती है अब क्योंकि डी-रिकॉग्नाइज हो गया है लिहाजा नए सिरे से यह स्वीकृति फिर से मिल पाएगी ऐसा लग नहीं रहा, क्योंकि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री, एमसीआई और प्रदेश सरकार की इंवॉल्वमेंट के बगैर यह मामले सुलझाने वाले नहीं हैं। (अनंत ज्ञान)

### विवाद बना समस्या

**पीजी** करने वाले डॉक्टर के भीतर भी अब या विवाद इसलिए समस्या बना है, क्योंकि जिन तकरीबन तीन डॉक्टर्स की शिकायत के बाद अब तीन दर्जन के करीब सभी डॉक्टर्स को हिमाचल से बाहर जाने पर मजबूर होना पड़ेगा, उनमें भी डिफेक्शन पड़ गई है। कारण यह है कि इनमें कुछ हिमाचल के हैं और बाकी ज्यादातर बाहरी राज्यों से। यहां डीएनबी करने पहुंचे हुए हैं, जिन्होंने शिकायत की है वे भी अब ऊहापोह की स्थिति में है, क्योंकि उन्हें भी ऐसा शायद मालूम नहीं था, कि उन्हें संस्थान छोड़ना पड़ेगा। आधी-अधूरी पीजी छोड़कर दूसरी जगह फिर से व्यवस्था बनाना आसान नहीं होता, यही असल में समस्या है। अब जिन्होंने शिकायत नहीं की, उन्हें भी जाना पड़ेगा। ऐसे में यहां अजीबो-गरीब स्थिति बनी हुई है। स्टाइपेंड मिले या न मिले, कई डीएनबी वाले डॉक्टर्स यह भी कह रहे हैं कि वे यहीं रहना चाहते हैं और कुछ की वजह से उन्हें अब परेशानी झेलनी पड़ेगी। स्टाइपेंड मिले या न मिले, कम से कम उनकी डिग्री तो यहीं पर पूरी हो जाती।

### मरीजों को भुगतना पड़ेगा खामियाजा

**चिंता** तो मेडिसिन, सर्जरी और अन्य तकरीबन 6 प्रमुख विभागों को भी है, क्योंकि उनके जाने से मैनपॉवर घटेगी और उसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ेगा। कुछ साल पहले भी इस तरह की समस्या विदेशी स्टूडेंट्स की इंटर्नशिप को लेकर आई थी। मगर उसका हाल केंद्रीय मंत्री के हस्तक्षेप की वजह से हल हो गया था। यदि अगले एक-दो दिनों में कुछ नहीं हुआ, तो फिर मामला बिगड़ जाएगा।

### समय रहते क्यों नहीं हुआ निवारण

**मुख्यमंत्री** सुखविंदर सिंह सुक्खू के गृह जिला के इस मेडिकल कॉलेज में आई यह समस्या भले ही स्टाइपेंड के मामले को लेकर आई हो, मगर समय रहते इसका निवारण क्यों नहीं हुआ। इस पर जवाब तो सरकार और उसके स्वास्थ्य विभाग को ही देना है। डायरेक्टर स्वास्थ्य विभाग को इसकी सारी जानकारी थी।

**In the Court of Marriage Officer-Cum-Sub-Divisional Magistrate, Nagrota Bagwan, Distt. Kangra (H.P.)**

**1.** Sh. Raj Kumar age 27 years S/o Sh. Sher Singh R/o Vill. & P.O. Hatwas Tehsil Nagrota Bagwan Distt. Kangra.
**2.** Neha Kumari age 23 years d/o Sh. Gumat Ram R/o Vill. Chatrani P.O. Dhara Tehsil Bhunter Distt. Kullu.

**Versus General Public**

**Subject:- Notice for Registration of Marriage**

Applicants Sh. Raj Kumar age 27 Years S/o Sh. Sher Singh R/o. Vill. & P.O. Hatwas Tehsil Nagrota Bagwan Distt. Kangra and Neha Kumari age 23 years d/o Sh. Gumat Ram R/o Vill Chatrani P.O. Dhara Tehsil Bhunter Distt. Kullu has filed an application under section 16 of Special Marriage Act alongwith affidavit in the court of the undersigned in which they have stated that they have solemnized their marriage on 03.07.2020 at home "Shri Mansa Devi Temple Chamunda Tehsil Dharamshala Distt. Kangra." as per Hindu rites and customs.

Therefore, the general public is hereby informed through this notice that any person, who has any objection regarding this marriage, can file the objection personally or in writing before this court on or before 19.04.2024. The objections received after 19.04.2024 will not be entertained and marriage will be registered accordingly.

Issued today on 15.03.2024 under my hand and seal of the court.

**Marriage Officer-Cum Sub-Divisional Magistrate Nagrota Bagwan**

# सुकेत देवता मेला में नहीं होंगे ममलेश्वर महादेव के दर्शन

**पीयूष, करसोग**

रियासतकाल से मनाए जा सुकेत रियासत का प्रसिद्ध सुकेत देवता मेला में इस बार हजारों श्रद्धालुओं को शिव के प्रतिरूप ममलेश्वर महादेव के दर्शन नहीं होंगे। ममेल गांव में शुरू होने वाले लाहौल देवता मेले में ममलेश्वर महादेव शिरकत करेंगे। मंदिर प्रबंधन कमेटी ने इस वजह से राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेले में शिरकत नहीं करने का निर्णय लिया है।

सुकेत रियासत के मुख्य देवता हैं, श्री ममलेश्वर महादेव के बारे में मान्यता है कि जब पांडव अज्ञातवास में घूम रहे थे, तो वे कुछ समय के लिए ममेल गांव में रुके। यहां मंदिर में एक प्राचीन ढोल है, जिसके बारे में कहा जाता है कि यह भीम का ढोल है। सबसे प्रमुख गेहूं का दाना है, जिसे कि महाभारत काल का बताया जाता है।

यहां मंदिर के पास कई शिवलिंग, शिव और विष्णु भगवान की मूर्तियां भी विद्यमान है। ममलेश्वर महादेव के प्रधान हंसराज ने बताया कि ममेल गांव में नवरात्र के बीच में लाहौल मेले का आयोजन होगा। इस वजह से सुकेत देवता मेले में इस बार देवता शिरकत नहीं करेंगे और साथ ही देवता के नए रथ का निर्माण कार्य भी चला हुआ है। (अनंत ज्ञान)



आराध्य देव श्री ममलेश्वर महादेव।

## हाल-ए-मंडी



**मंडी।** शहर में सड़कों की हालत बिगड़ती जा रही है। बात अगर शहर से थोड़े से हटके करें तो सड़कों की हालत ऐसी खस्ता है कि गाड़ियां तो दूर पैदल चलने वाले को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं वार्ड नंबर 3 में भिउली वीडियो आफिस को जाने वाली सड़क का हाल कुछ ऐसे हो गया है जैसे सड़क में ही तालाब बन गया हो। शहर वासी जगदीश वैद्य ने नगर निगम से मांग कि है कि कोई भी हादसा होने से पहले इस सड़क को दुरुस्त किया जाए।

# शहर में तीन सर्विलांस टीमें तैनात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

करसोग विधानसभा क्षेत्र में तैनात सर्विलांस टीमें आदर्श आचार संहिता की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित कर रही है। वाहनों की निरंतर चेकिंग की जा रही है ताकि चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली किसी भी प्रकार की सामग्री क्षेत्र में न पहुंच सके।

सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम करसोग राजकुमार ने बताया कि करसोग विधानसभा क्षेत्र में निष्पक्ष व पारदर्शी व शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाने के लिए गठित यह सर्विलांस टीमें 24 घंटे निरंतर निगरानी कार्य में जुटी हुई है।

आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो इसके लिए क्षेत्र में तीन सर्विलांस टीमें तैनात की गई है। उन्होंने कहा कि गठित टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों पर नाके लगाकर वाहनों की चैकिंग सुनिश्चित की जा रही है। आदर्श आचार संहिता के दौरान किसी भी व्यक्ति को 50 हजार से अधिक की नकदी लाने, ले जाने या अपने साथ रखने पर प्रतिबंध है। यदि किसी व्यक्ति के लिए अपने साथ 50 हजार या उससे अधिक की नकदी लेना या ले जाना अति आवश्यक हो तो उस स्थिति में व्यक्ति के पास नकदी से संबंधित वैध दस्तावेज होने आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि राजनीतिक गतिविधियों से संबंधित और मतदाताओं को प्रलोभन प्रदान कर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली सामग्री, नकदी के अलावा, क्षेत्र में अवैध रूप से आने वाले विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थ और शराब इत्यादी की अवैध आवाजाही पर भी पूरी तरह प्रतिबंध है।


चैकिंग करती सर्विलांस टीम।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय चैंपियनशिप के ट्रायल 7 को

**मंडी।** जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष लीला विलास व कोषाध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने बताया कि 20 वर्ष से कम आयु वर्ग की स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए 7 अप्रैल को साई अकादमी कांगड़ा में ट्रायल रखा गया है। इसके लिए खिलाड़ियों की जन्मतिथि 1 जनवरी, 2005 से 31 दिसंबर, 2007 के बीच होनी चाहिए। ट्रायल केस में खिलाड़ियों को अपना आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। ट्रायल के लिए खिलाड़ी का जिला फुटबॉल संघ से एफिलिएटिड होना आवश्यक है।

### मेधावी छात्रों को साई फाउंडेशन ट्रस्ट ने दी छात्रवृत्ति



**सरकाघाट।** साईं एटरनल फाउंडेशन ट्रस्ट शिमला हिमाचल की ओर से राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भराड़ी (सजाओपीपलू) के 11 मेधावी विद्यार्थियों को कुल चालीस हजार रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की। विद्यालय प्रधानाचार्य भोला दत्त कश्यप ने साईं फाउंडेशन के संस्थापक व प्रबंध निदेशक राजकुमार वर्मा सहित पूरी टीम का इस मदद के लिए हार्दिक धन्यवाद किया है। छात्रवृत्ति पाने वाले विद्यार्थियों में रियांशिका, सृष्टि शर्मा, अंशिका, कंचना देवी, सांघवी, आयुष, शिवम कालिया, नैतिक ठाकुर, काव्या, आर्यन, शिवांश हैं।

### 50 ने सीखी वेस्ट मैटीरियल मैनेजमेंट




**मंडी।** राजकीय महाविद्यालय पनारसा में छह दिवसीय अंतरराष्ट्रीय जीरो वेस्ट-डे पर आधारित कार्यशाला संपन्न हुई। परिसर सौंदर्य समिति की अध्यक्षा डॉ. डिंपल जामटा ने बताया कि कार्यशाला में 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पुरानी एवं बेस्ट सामग्रियों को एकत्र किया और उन्हें शानदार गमलों के रूप में परिवर्तित किया। कार्यशाला का समापन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. उरसेमलता द्वारा गमलों में पौधे लगाकर किया गया।

### लोक नृत्य में महिला मंडल गलू पट्ट रहा प्रथम

**जोगिंद्रनगर।** राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर के अवसर पर महिलाओं के लिए लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महिला मंडल गलू पट्ट प्रथम स्थान पर रहा। महिलाओं की खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजन समिति की संयोजिका एवं प्रधानाचार्य आईटीआई ई. नवीन कुमारी ने बताया कि महिलाओं की लोकनृत्य प्रतियोगिता में महिला मंडल दुल-1 दूसरे तथा महिला मंडल पदवाहन पधर तीसरे स्थान पर रहा। कुल 17 महिला मंडलों ने भाग लिया।

### पवन ठाकुर ने पूर्व सीपीएस के निधन पर जताया शोक

**धनोटू।** नाचन के पूर्व विधायक एवं पूर्व सीपीएस टेक चंद डोगरा के निधन पर कांग्रेस कमेटी मंडी के कार्यकारी अध्यक्ष और सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी पवन ठाकुर ने घर जाकर शोक जताया है। इस मौके पर उनके साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान थे। उन्होंने कहा कि डोगरा को पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत राजा वीरभद्र सिंह भी बहुत मानते थे, जबकि डोगरा पूर्व में सुंदरनगर जिला में कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने कहा कि नाचन विधानसभा क्षेत्र को सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी अग्रणी किया है। टेक चंद डोगरा की मृत्यु असहनीय क्षति है।



### भाजयुमो आज प्रदेश भर में निकालेगा बाइक रैलियां

**मंडी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा छः अप्रैल को भाजपा के 45वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर प्रदेश भर में मंडल स्तर पर बाइक रैलियां निकालेगा। भाजयुमो की प्रदेश टोली बैठक में यह तय हुआ कि भाजयुमो छः अप्रैल को पार्टी स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर बाइक रैली के माध्यम से जनता के बीच जाएगी। युवा मोर्चा के मुख्य प्रवक्ता एवं अधिवक्ता अजय चौहान ने कहा कि देश ने भाजपा के शासन में विकास, सुरक्षा, समृद्धि और खुशहाली का एक सफर तय किया है। भारतीय जनता पार्टी ने व्यावहारिकता, वास्तविकता व देश की जनता के सहयोग से विकसित भारत की गाथा लिखी है। अजय चौहान ने कहा कि भारत एक युवा देश है और युवाओं के देश को आगे ले जाने में योगदान भी अहम है। युवाओं की क्षमता व अहमियत को समझते हुए युवा मोर्चा हमेशा युवाओं को सही दिशा देने का काम करता आया है।

## पांच दिवसीय राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर संपन्न

# देवी-देवताओं की निकली जलेब

## श्री हुरंग नारायण व देव पशाकोट ने की जलेब की अगुआई

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

प्रत्येक वर्ष एक से पांच अप्रैल तक मनाए जाने वाले राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर का शुक्रवार को विधिवत समापन हो गया। अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा ने पुराने मेला मैदान में चौहार घाटी के अराध्य देव श्री हुरंग नारायण व बजीर देव श्री पशाकोट सहित उपस्थित समस्त देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना के बाद अराध्य देव श्री हुरंग नारायण व देव पशाकोट की अगुवाई में देवी-देवताओं की निकली भव्य जलेब की अगुवाई की।

इस दौरान निदेशक राजस्व प्रशिक्षण संस्थान, जोगिंद्रनगर सतीश शर्मा भी उनके साथ विशेष तौर पर मौजूद रहे। इसके बाद अतिरिक्त मुख्य सचिव ने मेला मैदान जोगिंद्रनगर में मेले का झंडा उतारकर विधिवत समापन किया।

इस अवसर पर ओंकार शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवी देवताओं की पवित्र धरती है। यहां पर प्रतिवर्ष देवी-देवताओं से जुड़े कई लोक उत्सवों व मेलों का आयोजन किया जाता है। जिसमें जोगिंद्रनगर का यह प्राचीन व ऐतिहासिक राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला भी शामिल है।


बड़ा देव श्री हुरंग नारायण व बजीर देव श्री पशाकोट की अगुआई में निकली जलेब।

### जालंधर के गामा अली ने जीती कुश्ती

**अतिरिक्त** मुख्य सचिव ओंकार शर्मा ने मेले के दौरान आयोजित करवाई गई कुश्ती के विजेता पहलवान जालंधर के गामा अली को गुर्ज व 31 हजार रुपए की नकद ईनामी राशि देकर पुरस्कृत किया। इस दंगल के उप विजेता रहे दिल्ली के रोहित को भी 21 हजार रुपए की नकद राशि देकर पुरस्कृत किया।

### एसडीएम ने किया मुख्यातिथि का स्वागत

मेला समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने सभी देवी-देवताओं के साथ मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा मेला आयोजन बारे विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर निदेशक राजस्व प्रशिक्षण संस्थान, जोगिंद्रनगर सतीश शर्मा के अतिरिक्त तहसीलदार जोगिंद्रनगर डॉ. मुकुल शर्मा सहित मेला आयोजन समिति से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा कई लोग मौजूद रहे।


देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना करते अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा।

# बुजुर्गों व दिव्यांगों को घर पर मिलेगी मतदान की सुविधा


बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम गोहर।

**अनंत ज्ञान, गोहर**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उपमंडल अधिकारी नागरिक एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी लक्ष्मण सिंह कनेट की अध्यक्षता में बीएलओ सुपरवाइजर के साथ उपमंडल कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सहायक निर्वाचन अधिकारी गोहर द्वारा सभी को निर्देश दिए गए कि 18 या उससे अधिक वर्ष से अधिक जो 1 अप्रैल को 18 वर्ष के सभी मतदाताओं का नाम, बीएलओ के माध्यम से मतदाता सूची में जोड़ना सुनिश्चित करें।

इसके साथ ही सभी पोलिंग बूथ में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं जांचना और उनकी उपलब्धता सुनिश्चित करें। वहीं 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं तथा दिव्यांगजन मतदाताओं की सूची मतदान केंद्र वाइज उपलब्ध करवाईं गई तथा 12-डी फॉर्म की आवंटन किए, जिससे 85 वर्ष से अधिक उम्र व दिव्यांग मतदाता को घर से भी मतदान की सुविधा उपलब्ध होगी। नाचन विधानसभा क्षेत्र के 126 मतदान केन्द्रों में कुल 88900 मतदाता मतदान करेंगे जिसमें 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता 775 हैं तथा 1351 दिव्यांगजन मतदाता हैं।

### नरोला में 7 से शुरू होगी रामायण कथा

**मंडी।** ग्राम पंचायत नरोला के वार्ड अपर नरोला और लोअर नरोला के स्थानीय निवासी पिछले 14 वर्षों से भागवत का आयोजन हर साल करते है। इस वर्ष भी 9 दिन तक चलने वाली रामायण कथा का आयोजन 7 अप्रैल से 15 अप्रैल तक चलेगा वह उसी दिन भंडारे के साथ समाप्त हो जाएगा। कथावाचक आचार्य जितेंद्र संख्यान रहेंगे।

## 10 दिन में जमा करवाने होंगे लाइसेंसी हथियार

**मंडी।** जिला में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद 62 प्रतिशत लाइसेंसी हथियार धारकों ने हथियार पुलिस थानों में जमा करवा दिए हैं। जिन्होंने अभी तक अपने हथियार थानों में जमा नहीं करवाए हैं उनको 10 दिन के भीतर अपने हथियार संबंधित थानों में जमा करवाने के लिए आदेश जारी किए गए हैं। हथियार जमा नहीं करवाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिला दंडाधिकारी मंडी अपूर्व देवगन ने स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि मंडी जिला में 12490 लाइसेंसी हथियार धारक हैं, जिनमें से 7712 लोगों ने अपने हथियार थानों में जमा करवा दिए हैं। यह हथियार चुनाव परिणाम घोषित होने तक थानों में जमा रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान हथियारों का प्रदर्शन प्रतिबंधित रहेगा। जिला दंडाधिकारी ने बताया कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करवाने और चुनावों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हथियार रखने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

# नीलकंठ मंदिर के पास से हटाया मलबा

**अनिल शर्मा, मंडी**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

शहर के थनेहड़ा बाजार में नीलकंठ महादेव मंदिर की पौड़ियों के पास लावारिस पड़े मलबे के बोरों को नगर निगम टीम ने साफ कर दिया है।

बता दें कि अनंत ज्ञान समाचार पत्र ने इस मामले को प्रमुखता से उठाया था। खबर छपते ही निगम प्रबंधन हरकत में आया और पौड़ियों के पास मलबे को बोरों को हटा दिया गया। शहर वासियों विजय कपूर, सौम्य, अश्विनी, अनित, गोकुल ने कहा कि हम अनंत ज्ञान का धन्यवाद करते हैं और उम्मीद करते हैं कि भविष्य में भी इसी प्रकार जनहित के मुद्दों को उठाते रहेंगे। शहर के कुछ लोगों द्वारा चोरी छिपे इस तरह से मलबे के बोरे रखना उचित नहीं है, सीसीटीवी चैक कर ऐसे लोगों के चालान काटने चाहिए, ताकि शहर की सुंदरता को ग्रहण न लगे। वहीं नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट ने कहा कि शहर की सुंदरता को बिगाड़ने नहीं दिया जाएगा। लोग प्रबंधन का सहयोग करें और हर कहीं कूड़ा न फैंके। इसके साथ ही यदि को मलबा आदि है तो नगर निगम कर्मचारियों को सूचित करें।


नीलकंठ महादेव मंदिर की पौड़ियों के पास से मलबा हटाते सफाई कर्मी।

## भाजपा पार्षदों ने जिलाधीश मंडी को भेजा अविश्वास पत्र

**जोगिंद्रनगर।** नगर परिषद के अध्यक्ष के विरुद्ध भाजपा समर्थित चार पार्षदों ने अविश्वास पत्र उपमंडलाधिकारी नागरिक के माध्यम से जिलाधीश मंडी को भेजा। इन सभी सदस्यों ने मांग की कि जिलाधीश महोदय इस अविश्वास प्रस्ताव पर आगामी कार्यवाही के लिए आदेश दें।

नगर परिषद के उपाध्यक्ष अजय धरवाल ने इस अवसर पर कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा संगठन है तथा तीन पार्षदों ने कुछ दिन पूर्व ही पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद भाजपा पार्षदों की संख्या नगर परिषद में बहुमत में आ गई, जिस कारण भाजपा संगठन के आदेश पर यदि भाजपा समर्थित पार्षद बहुमत में है तो भाजपा समर्थित ही अध्यक्ष होना चाहिए।

इस आदेश की पालना करते हुए अविश्वास पत्र उपमंडलाधिकारी नागरिक के माध्यम से जिलाधीश मंडी को प्रेषित किया गया है।

# शहर में लगे अवैध होर्डिंग हटाए जाएं : वीरेंद्र शर्मा

**पुष्पराज, मंडी**

मंडी शहर में नगर निगम के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने शहर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इंदिरा मार्केट के मुख्य द्वार के ऊपर लगी तारों में शॉर्ट सर्किट होने से लगी आग का जायजा लिया और मौके पर ही नगर निगम कर्मचारियों को उचित कार्यवाही करने के आदेश भी दिए। साथ ही उन्होंने शहर व इंदिरा मार्केट में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

शहर में तारों का जंजाल इस कदर हो गया है कि आए दिन किसी न किसी जगह में शॉर्ट सर्किट होता ही रहता है। जिस पर महापौर ने इन्हें सही करने के भी निर्देश दिए। शहर में नालियों के ऊपर लगे जंगलों की टूटी हुई स्थिति का भी जायजा लिया और साथ ही शहर में अवैध रूप से लगाई गई होर्डिंग को भी हटाने के निर्देश दिए।

नगर निगम के सहायक अधिशासी अभियंता ई. एचसी जसवाल, कनिष्ठ अभियंता अभय शर्मा व नगर निगम के कर्मचारी भी मौजूद रहे। नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने बताया कि शहर की समस्याओं का समाधान समय पर किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

# निशुल्क कोचिंग देंगे डॉक्टर ओपी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

मंडी जिले के पांगणा स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में केमिस्ट्री और बायोलॉजी के अध्यापकों की कमी के चलते बच्चों का शिक्षा संबंधी अधिकार प्रभावित न हो इसके लिए डाक्टर ओपी पंचकूला से औनलाइन इस क्षेत्र में पढ़ने वाले बच्चों को नि:शुल्क कोचिंग देंगे।

हिमाचल के प्रमुख शिक्षाविद डॉक्टर ओपी सिंह जो तीस वर्षों से कोचिंग इंडस्ट्री से चंडीगढ़ में कार्यरत हैं। डॉक्टर ओपी सिंह की पहले भी इस क्षेत्र में उनकी सकारात्मक योगदान की प्रशंसा की जा चुकी। पांगणा स्कूल के प्रधानाचार्य ने डॉक्टर सिंह से उम्मीद की कि वे बच्चों को इंटरैक्टिव लेक्चर के माध्यम से शिक्षा प्रदान करेंगे, ताकि उनकी शिक्षा में कोई अवरोध न हो। डॉक्टर ओपी सिंह का कहना है कि अगर किसी दूर दराज के सरकारी स्कूल में किंही कारणों से फिजिक्स केमिस्ट्री और बायोलॉजी के प्रवक्ता उपलब्ध नहीं हैं तो उनकी ऑर्गेनाइजेशन द्वारा इन सब्जेक्ट के इंटरएक्टिव लेक्चर निशुल्क लगाए जा सकते हैं।


डॉक्टर ओपी सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए।

# मुख्यमंत्री छुटभैया नेता की तरह कर रहे बयानबाजी : राकेश



**मंडी।** हिमाचल प्रदेश के इतिहास में शायद ऐसा पहली बार देखने को मिला कि जब हिमाचल प्रदेश का मुखिया मंच पर अपने पद की मर्यादा भूलकर एक छुटभैया नेता की तरह बयानबाजी करते हुए नजर आए।

भाजपा मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जंवाल ने कहा कि जनसभा के दौरानमुख्यमंत्री यह भूल गए कि वह किस पद पर बैठे हैं और वरिष्ठ नेताओं के लिए इस तरह के घटिया शब्दों का इस्तेमाल किया। इससे पहले भी इस तरह की परिस्थितियां हिमाचल में बनी है, जब पार्टी के कार्यप्रणाली से नाराज होकर नेता या विधायक दूसरे दल में शामिल हुए हैं, लेकिन कभी भी इस तरह की शब्दावली का इस्तेमाल हिमाचल प्रदेश की राजनीतिक इतिहास में देखने और सुनने को नहीं मिला। विधायक राकेश जंवाल ने कहा कि खुद की कार्यप्रणाली को सुधारने की जगह नेताओं पर बिना किसी सबूत के झूठे आरोप लगाना मुख्यमंत्री को शोभा नहीं देता।

## गुहार — ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर रास्ता खुलवाने की उठाई मांग

# 50 परिवारों का सरकारी रास्ता किया बंद

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

नगर परिषद सरकाघाट के वार्ड सात बैहड डबरोग में एक परिवार द्वारा पचास परिवारों का रास्ता रोके जाने पर आक्रोशित दो दर्जन ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल मनोहर लाल शर्मा की अगुवाई में एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा से मिला, जिसमें उन्होंने बताया कि डबरोग बकारटा सड़क मार्ग पर नैनादेवी मंदिर से 50 मीटर आगे एक व्यक्ति द्वारा अपने घर के साथ गुजरने वाली सरकारी जमीन पर बने सौ साल पुराने रास्ते को बंद कर 50 परिवारों के लिए आने जाने के लिए भारी परेशानी खड़ी कर दी है, जबकि यह रास्ता 100 साल से भी ज्यादा पुराना है और सरकारी जमीन पर बना है।

इस रास्ते को बंद किए जाने से ग्रामीणों को अपने घर, दुकान, स्कूल, कॉलेज और अपनी जमीन तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया कि इस रास्ते को उक्त व्यक्ति ने पहले भी बंद किया था, बाद में प्रशासन के आदेशानुसार खोल दिया था, लेकिन अब फिर बंद कर ग्रामीणों को मुसीबत कर दी है। सभी ग्रामीणों ने एसडीएम से गुहार लगाई है कि दो दिनों के अंदर बंद किए गए रास्ते को खुलवाया जाए, ताकि ग्रामीणों को आने जाने के लिए राहत मिल सके और सरकारी रास्ते को बंद किए जाने पर दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए अन्यथा पूरा गांव सड़कों पर उतर का धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर हो जाएगा।

इस मौके पर मनोहर लाल शर्मा, रूप चंद, सोहन सिंह, डॉ. सुमन कुमार, अनीश कुमार, जगदीश चंद, अशोक कुमार, प्रोमिला देवी, जमना देवी, कंचन आदि मौजूद रहे। उधर, एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने ग्रामीणों को जल्दी ही रास्ता खुलवाने का आश्वासन दिया। (अनंत ज्ञान)


प्रतिनिधिमंडल एसडीएम स्वाति डोगरा से मिलने के उपरांत सामूहिक चित्र में।

## मतदान केंद्रों में होगी चुनाव पाठशाला

**नेरचौक।** सहायक निर्वाचन अधिकारी व उपमंडलाधिकारी विशाल शर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता एवं सहभागिता के अंतर्गत आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन तक प्रत्येक माह के प्रथम शनिवार को प्रत्येक मतदान केंद्र में चुनाव पाठशाला आयोजित की जाएगी।

इस दौरान पूर्व ग्राम प्रधान, पंचायत सदस्य, आशा वर्कर, एनएसएस छात्र-छात्राएं, बीएलओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत सचिव, सुपरवाइजर, रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, ग्राम विकास अधिकारी, विद्यालय के अध्यापक, चौकीदार एवं क्षेत्र के अन्य प्रतिष्ठित एवं सम्मानित व्यक्ति सदस्य होंगे।

# खलीण के लोग सड़क से वंचित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

उपमंडल बलद्वाड़ा के अंतर्गत आने वाले गांव नरोला में नरोला की आवाज कमेटी कि बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें वार्ड खलीण में संतोष कुमारी के घर के प्रांगण में सेवानिवृत्त कैप्टन जगदीश वर्मा ने अध्यक्षता की।

बैठक में खलीण के स्थानीय निवासियों के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई, उसके बाद स्थानीय अनुसूचित जाति के स्थानीय निवासियों ने दुख जताया कि अभी भी उन्हें सरकार के ढुलमुल रवैया से सड़क और बस सेवा से वंचित रहना पड़ रहा है। 2003 में उन्होंने अपनी मलकीयत भूमि देखकर के सड़क निकलवाई थी और पीडब्ल्यूडी ने इस सड़क का निर्माण भी किया था, उसके साथ ही इस सड़क को खनोट में जाने वाली सड़क के साथ मिला दिया गया था।

बीच में एक लगभग 60 70 मी. के एरिया में खड्ड के ऊपर पुल के निर्माण करने के कार्य पिछले लगभग 20 वर्षों से लंबित पड़े हैं, जिससे लोगों को आए दिन समस्याओं से जूझना पड़ता है। इन मुद्दों को लेकर के बैठक में प्रस्ताव पास किया गया कि वह सड़क और बस सेवा के बारे में जो कार्रवाई चल रही है उसके लिए एक रिमाइंडर भेजा जाएगा। उसके बाद इस मामले को अनुसूचित जाति आयोग भारत सरकार चंडीगढ़ कार्यालय में भेज दिया जाएगा। सदस्यों ने उचित मूल्य की दुकान का एक ब्रांच छत्तर से खलीण नरोला में भी खोलने की मांग। इस बैठक में सीमा देवी बीडीसी अध्यक्ष सरकाघाट ब्लॉक, करम सिंह, अती देवी, पवन कुमार, उर्मिला देवी, जय लाल आदि मौजूद थे।


बैठक के दौरान सामूहिक चित्र में खलीण के लोग।

# डीसी ने जांचे स्ट्रांग रूम के सुरक्षा इंतजाम

## सुरक्षा में लगे जवानों का मनोबल बढ़ाया और उन्हें ड्यूटी में कोताही न बरतने की दी हिदायत


उपायुक्त जतिन लाल ऊना में स्ट्रांग रूम की व्यवस्था देखते हुए।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

लोकसभा चुनावों और 2 विधानसभा उपचुनावों के लिए ऊना जिले में प्रयोग में आने वाली ईवीएम तथा वीवीपीएटी को स्ट्रांग रूम स्थापित करके कड़े पहरे में रखा गया है। ऊना में ट्रक यूनियन के समीप उप मुहाल बाग तथा हरोली में कौशल विकास केंद्र पलकवाह में बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त जतिन लाल ने ये शब्द कहे। उन्होंने शुक्रवार को उप मुहाल बाग तथा पलकवाह में स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया।

जतिन लाल ने बताया कि जिला प्रशासन पूरी गंभीरता से चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन कर रहा है और प्रशासन द्वारा प्रत्येक स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। स्ट्रांग रूम की पहरेदारी को अभेद्य सुरक्षा घेरा बनाया गया है। सशस्त्र बल की पूरी टुकड़ी 24 घंटे ईवीएम की कड़ी पहरेदारी पर तैनात है।

सुरक्षा कर्मचारी पूरी सजगता से इनकी निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने सुरक्षा में लगे जवानों से भी बातचीत की और उनका मनोबल बढ़ाया तथा ड्यूटी में किसी भी तरह की कोताही न बरतने की हिदायत दी।

# शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य के लिए जन-जन तक पहुंच रहीं 'स्वीप' टीमें

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले में चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य के साथ स्वीप टीमें जन-जन तक पहुंच रही हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त जतिन लाल के निर्देशानुसार ये टीमें रोचकता और मनोरंजन से भरे विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का काम कर रही हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को भड़ोलियां खुर्द, बसदेहड़ा, झलेड़ा, हरोली व कैलाश नगर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**निर्भीक होकर करें मतदान :** वीरवार को कानूनगो निर्वाचन हरजीत सिंह की अगुआई में आईआरबीएन बनगढ़ के एकलव्य कलामंच ने भड़ोलियां कलां व बसदेहड़ा में नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को मताधिकार के प्रयोग को लेकर जागरूक किया।

**जागरूकता मुहिम से जुड़कर एसएचजी समूहों ने दिया संदेश :** इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े स्वयं सहायता समूहों (एचएचजी) ने पंचायत झलेड़ा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान रुद्रा नंद ग्राम संगठन ने लोगों को मतदान में अपनी शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित बनाने को लेकर प्रेरित किया।

### कॉलेज प्रशिक्षुओं को बताया मतदान का महत्व

**गगरेट** उपमंडल के तहत बनाए गए स्वीप नोडल अधिकारी सुनील कुमार की अगुआई में कैलाश नगर पंचायत के तहत शांति कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कॉलेज के बीएड व जेबीटी प्रशिक्षुओं को मतदान के महत्व को लेकर जागरूक किया तथा अपने मत का सोच समझ कर प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं और दिव्यांग मतदाताओं को घर से वोट डालने का विकल्प चुनने की सुविधा है।

# दौलतपुर चौक स्कूल में मंत्रोच्चारण के साथ की नए सत्र की शुरुआत


दौलतपुर चौक में हवन यज्ञ के दौरान मौजूद अध्यापक।

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दौलतपुर चौक में शुक्रवार को हवन डालकर व मंत्रोच्चारण के साथ नए सत्र का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सनम सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों ने हवन कुंड में आहुतियां डालकर नए सत्र का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों सहित उनके अभिभावकों ने भी भाग लिया। विद्यालय को इसी वर्ष पीएम श्री व उत्कृष्ट विद्यालय का दर्जा प्राप्त हुआ है।

इस उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों लोगों ने यह दर्जा प्राप्त होने पर खुशी जाहिर की है, जिससे विद्यालय में आधुनिकरण के साथ साथ अन्य सुविधाएं मिलेंगी। विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के लिए यह विद्यालय एक वरदान साबित होगा। उक्त जानकारी विद्यालय की प्रधानाचार्या सनम ने दी।

## न्यूज ब्रीफ

### 'माता रत्नों दे घर' भजन रिलीज


सिद्ध बाबा चानो के मंदिर धर्मपुर हरोली में गाने को लांच किया गया।

**ऊना।** सिद्ध बाबा बालकनाथ को समर्पित 'माता रत्नों दे घर' भजन को वन विभाग के फॉरेस्ट गार्ड रामपाल ने अपनी मधुर आवाज देकर गाया है, जिसका विधिवत पोस्टर सिद्ध बाबा चानो के मंदिर धर्मपुर हरोली में लांच किया गया। इस भजन को यू ट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया। राम पाल ने बताया कि गाने को शूट शाहतलाई और दयोटसिद्ध आदि में किया गया है। इस भजन में विशेष सहयोग प्रोड्यूसर परमिंद्र सागर, हरजिंद्र शर्मा, मोहित राजू, भगत प्रेम, कुलवंत खन्ना, धर्मपुर के सेवक शशि भारद्वाज, पवन संधू और कुशल बाला का रहा है।

### जरूरतमंद महिला को दी आर्थिक सहायता

**हरोली।** सलोह गांव के सेवानिवृत्त कर्नल तरसेम जसवाल ने बढ़ेड़ा की विधवा निर्मला देवी को 15 हजार की आर्थिक सहायता दी है। इस मौके पर बढ़ेडा कृषि सोसायटी के सदस्य देसराज राणा, सदस्य नरेंद्र राणा समेत अन्य उपस्थित रहे। समाजसेवी कर्नल जसवाल ने कहा कि वह हर माह अपनी पेंशन से पीड़ित वर्ग को आर्थिक सहायता प्रदान करते रहते हैं। सोसायटी सदस्य देसराज राणा ने कर्नल की निस्वार्थ सेवाओं की प्रसंशा की। सदस्य नरेंद्र राणा ने कर्नल जसवाल के द्वारा दिए गए आर्थिक सहयोग को अमूल्य बताया।


सेवानिवृत्त कर्नल तरसेम जसवाल जरूरतमंद महिला की आर्थिक सहायता करते हुए।

### बदोली में श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन


श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथा का श्रवण करते श्रद्धालु।

**ऊना।** बदोली गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में सभी भक्तों को श्रीधामवृंदावन से पधारे स्वामी भागवत शरण जी महाराज द्वारा पंचम दिवस की कथा श्रवण कराई गई। इसमें श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। कथा व्यास ने कहा धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करे। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। इस दौरान स्वामी भागवत शरण जी महाराज ने कहा कि आजकल की युवा पीढ़ी अपने धर्म अपने भगवान को नहीं मानते हैं, लेकिन तुम अपने धर्म को जानना चाहते हो तो पहले अपने धर्म को जानने के लिए गीता, भागवत, रामायण पढ़ो तो तुम नहीं तुम्हारी आने वाली पीढ़ी भी संस्कारी हो जाएगी। कथा में राधे कृष्ण गोविंद गोपाल राधे राधे भजन पर भक्तों ने खूब आनंद उठाया, उपरांत सभी भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

### पाप मोचनी एकादशी का महत्व समझाया


आचार्य अतुल कृष्ण से आशीर्वाद लेते श्रद्धालु।

**बंगाणा।** सोहारी के गांव पलोह में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन व्यासपीठ श्रध्य आचार्य श्री अतुल कृष्ण जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब-जब धर्म की हानि होती है, पाप रूपी अंधकार बढ़ता है तो भगवान पाप का विनाश करने के लिए पुनः धर्म की स्थापना करने के लिए अवतरित होते हैं। पलोह गांव में भगवान बासुदेव जी को छप्पन भोग खिलाया गया। आचार्य जी ने पापमोचनी एकादशी के महत्व को समझाया कि इसका व्रत कितना फलदायी है क्योंकि यह हमें पाप से सदा सदा के लिए छुटकारा दिलाता है। आज कथा में भारी संख्या में लोगों ने अपनी हाजिरी लगाई। आज मुख्य रूप से बेद पराशर जनरल सेक्रेटरी गगरेट कांग्रेस, रामेशरी देवी, शर्मा बस ट्रांसपोर्ट के मालिक राम पाल, देस राज शर्मा, ज्योती ब्रजाता, सुभाष, मधुसूदन तिवारी व नीना तिवारी उद्योगपति रविदत्त, चैन सिंह, सुपरिंटेंडेंट रिटायर्ड ने भाग लिया। कथा के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमें बाबू श्री किशनदेव के छोटे भाई पवन शर्मा परिवार सहित दिन-रात सेवाएं दे रहे हैं।

### रजत के प्रदर्शन पर सराहना की

**ऊना।** ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी में ऊना जिले के खिलाड़ी रजत सैनी ने त्रिपुरा यूनिवर्सिटी के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए हिमाचल विश्वविद्यालय को ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी में जीत दिलाई। रजत सैनी ने चार ओवर में 12 रन देकर दो खिलाड़ियों को आउट किया और एक ओवर मेडन डाला। खेल प्रेमियों रमन सैनी अनुराग दयाल, पंकज पीटर क्रिकेट कोच, विनय मंदली, संदीप बेदी, नवीन शर्मा, सुनील शर्मा और सैनी समुदाय ने रजत सैनी को अच्छे प्रदर्शन पर बधाई दी है।

# इंदिरा स्टेडियम बना फैंस पार्क, फ्री दिखाए जाएंगे आईपीएल के तीन मैच



इंदिरा स्टेडियम को फैंस पार्क बनाया गया है, जिसमें दर्शक मुफ्त मैच का आनंद लेंगे।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

आईपीएल के बीच ऊना के इंदिरा स्टेडियम को फैंस पार्क बनाया गया है। स्थानीय इंदिरा ग्राउंड ऊना में 6 और 7 अप्रैल को होने वाले मैच आईपीएल मैचों को लाइव स्क्रीन पर दिखाया जाएगा। इस संबंधित सतपाल सैनी ने बताया कोई भी व्यक्ति यदि इस मैच को देखना चाहता है, तो वह इंदिरा ग्राउंड में मैच देख सकता है। इस मैच को देखने के लिए कोई भी फीस चार्ज नहीं की जाएगी।

आईपीएल फैंस पार्क में तीन मैच लाइव दिखाई जाएंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सीनियर वाइस प्रेजिडेंट सतपाल सैनी और नरेंद्र कपिला सेक्रेटरी जिला क्रिकेट ऊना के अधिकारी मौजूद थे। पार्कमें बच्चों के मनोरंजन के लिए भी खास ध्यान रखा गया है।

आईपीएल पार्क कमेटी ने बताया मैच को लेकर सभी तैयारियां कर ली गई हैं। कमेटी ने बताया जो लोग लाइव मैच नहीं देख सकते, वे इंदिरा ग्राउंड में आकर लाइव मैच की ही तरह मैच को देख सकते हैं। इस आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य आईपीएल के मैच को लाइव दिखाना और दर्शकों का मनोरंजन करना है।

# वोट डाल सकेंगे आवश्यक सेवाओं में लगे मतदाता

**ऊना।** जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि आवश्यक सेवाओं में कार्यरत मतदाता अपना वोट डालने के लिए डाक मत पत्र का उपयोग कर सकते हैं। वे रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) को फॉर्म 12-डी जमा करके इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं।

आवश्यक सेवा अधिकारियों की इस श्रेणी में स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर, पैरा-मेडिकल स्टाफ, एंबुलेंस सेवा कर्मी, एचआरटीसी के ड्राइवर और कंडक्टर (स्थानीय रूट बस सेवाओं को छोड़कर), अग्निशमन सेवाएं, एचपी राज्य दुग्ध संघ और दुग्ध सहकारी सोसायटी की दूध आपूर्ति सेवा के कर्मचारी शामिल हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत स्थानीय मीडियाकर्मी, जल शक्ति विभाग में पंप ऑपरेटर और टर्नर और बिजली बोर्ड के इलेक्ट्रीशियन और लाइनमैन तथा जेल स्टाफ, जिनके मतदाता सूची में नामांकित हैं, वोट डाल सकते हैं।

# शिवबाड़ी मेले में पहली बार सांस्कृतिक कार्यक्रम बनेंगे आकर्षण का केंद्र

## 20 और 21 अप्रैल को होगा आयोजन, स्थानीय कलाकार भी दे सकेंगे प्रस्तुतियां

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

सुप्रसिद्ध द्रोण महादेव शिव मंदिर शिवबाड़ी अंबोटा में हर साल आयोजित होने वाला दो दिवसीय शिवबाड़ी मेला इस बार 20 व 21 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। शिवबाड़ी मेले का विशेष आकर्षण इस बार मंदिर ट्रस्ट की ओर से आयोजित किया जाने वाला सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। इसमें हिमाचल व पंजाब के उभरते कलाकार तो अपनी प्रस्तुतियां देंगे ही, बल्कि स्थानीय कलाकारों को भी यह मेला मंच प्रदान करेगा।

शुक्रवार को इस मेले के आयोजन को लेकर मंदिर ट्रस्ट द्वारा आयोजित की गई बैठक में यह अहम निर्णय लिए गए हैं। मंदिर ट्रस्ट के उपायुक्त एवं एसडीएम सौमिल गौतम सुप्रसिद्ध शिवबाड़ी मंदिर के कायाकल्प के साथ-साथ इस मेले को विशेष पहचान दिलाने के लिए कृत्संकल्प नजर आ रहे हैं। मंदिर ट्रस्ट की बैठक में शिवबाड़ी मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करवाने को हरी झंडी दे दी गई।

स्थानीय कलाकार जो कि इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देना चाहते हैं, वे पंद्रह अप्रैल तक एसडीएम कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। मेले में लंगर लगाने वाली संस्थाओं को मंदिर प्रशासन से अनुमति लेनी होगी। मेले में लगने वाले झूलों के लिए स्लाट की नीलामी सोमवार को होगी। इसके साथ ही अस्थायी दुकानें लगाने के लिए भी मंदिर प्रशासन ही स्लाट अलॉट करेगा।

मेले के दौरान द्रोण शिव मंदिर में माथा टेककर वापस आने वाले श्रद्धालु सीधे मेला ग्राउंड में पहुंच सकें, इसके लिए भी मंदिर प्रशासन ने एक कच्चे रास्ते का निर्माण किया है। सौमिल गौतम ने बताया कि मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए सहयोग करने वाले दानी सज्जनों को भी सम्मानित किया जाएगा।

### भगवान शिव करते हैं भक्तों की मनोकामना पूरी

शिवबाड़ी मेला हर साल द्रोण महादेव शिव मंदिर के साथ सटे मैदान में वर्षों से आयोजित हो रहा है। मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव किसी न किसी रूप में यहां आकर भक्तों की मनोकामना पूरी करते हैं। ये मेला इतना प्रसिद्ध है कि प्रदेश के साथ-साथ पड़ोसी राज्य पंजाब के असंख्य श्रद्धालु इस मेले में शरीक होने आते हैं।

# विवेक मिंका कुटलैहड़ विस उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने सह प्रभारी बनाए



**ऊना।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिंका को विधानसभा उपचुनाव में हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कैबिनेट मंत्री रोहित ठाकुर और अनिरुद्ध सिंह की अध्यक्षता वाली कमेटी में सह प्रभारी बनाया गया है। गगरेट में कैबिनेट मंत्री हर्षवर्धन चौहान की अध्यक्षता वाली कमेटी में विधायक मलेंद्र राजन और सुदर्शन बबलू को भी जिम्मा दिया गया है। कांग्रेस विवेक मिंका कार्यकारी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुटलैहड़ जिला ऊना को कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र का चुनाव सह प्रभारी बनाए जाने का पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है।

इस नियुक्ति के लिए मिंका ने मुख्यमंत्री सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी संजय अवस्थी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा की जीत सुनिश्चित करना प्रथम कर्तव्य रहेगा। पिछले विधानसभा चुनावों में भी पार्टी प्रत्याशी को बतौर कार्यकारी अध्यक्ष के नाते सभी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर 32 वर्ष के बाद पार्टी प्रत्याशी को भारी जीत सुनिश्चित की गई थी और इस बार भी कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी विवेक शर्मा भारी जीत की ओर अग्रसर हैं। कुटलैहड़ की जनता के साथ जो धोखेबाजी और प्रलोभन में कुटलैहड़ को कलंकित किया, उन्हेंआम जनता कभी माफ़ नहीं करेगी।

# कांग्रेस प्रत्याशियों को लेकर विधायक बबलू और ज्वालाजी के विधायक संजय रत्न आज टटोलेंगे नब्ज

**सन्नी पुरी, गगरेट**

हिमाचल में लोकसभा चुनाव के साथ हो रहे विधानसभा उपचुनाव में सरकार बचाने को जद्दोजहद कर रही कांग्रेस को अब उपचुनाव में प्रत्याशी उतारने के बाद होने वाली बगावत से बचने के लिए भी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। जाहिर है कि बागी पूर्व विधायकों के पाला बदलने के बाद दूसरी पंक्ति के नेताओं में टिकट पाने के लिए इस कद्र होड़ मची है कि पार्टी को बगावत होने के अंदेशे नजर आ रहे हैं।

यही वजह है कि टिकट का ऐलान करने से पहले ही पार्टी नेता जिन विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होने हैं, वहां पहुंच कर ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ-साथ संभावित प्रत्याशियों से भी वार्ता का दौर शुरू करने जा रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को विधानसभा क्षेत्र गगरेट में तैनात किए गए सह प्रभारी विधायक सुदर्शन सिंह बबलू व ज्वालाजी के विधायक संजय रत्न आकर संभावित प्रत्याशियों के साथ-साथ कार्यकर्ताओं की भी नब्ज टटोलेंगे। जाहिर है कि कांग्रेस सरकार को बागी पूर्व विधायकों ने सरकार को ऐसी अग्निपरीक्षा में डाला है कि कांग्रेस भी हर बाधा को पार करने के मूड में है।

कांग्रेस के समक्ष सरकार बचाने की भी चुनौती है, तो बागी पूर्व विधायकों को सबक सिखाने का भी सवाल है। यही वजह है कि कांग्रेस इन विधानसभा क्षेत्रों में होने जा रहे उपचुनाव में प्रत्याशी घोषित करने से पहले प्रत्याशी घोषित करने के बाद पैदा होने वाली परिस्थितियों से अभी से निपटना चाहती है, ताकि बागी पूर्व विधायकों को इस उपचुनाव में धोबी पटका देने से पहले अखाड़े में एक भी ऐसा कंकड़ न छोड़ा जाए, जो उनके प्रत्याशी के लिए कोई भी दांव आजमाने की राह का रोड़ा बने। यही वजह है कि शनिवार को पार्टी ने ज्वालाजी के विधायक संजय रत्न व सह प्रभारी विधायक सुदर्शन सिंह बबलू को गगरेट में ब्लॉक कांग्रेस की बैठक करने के साथ संभावित प्रत्याशियों से भी वार्ता करने को कहा है। शनिवार को इस बैठक में गगरेट का सियासी पारा बेशक थोड़ा बहुत चढ़े, लेकिन कांग्रेस टिकट के ऐलान के बाद कोई लफड़ा नहीं चाहती।

हालांकि, कांग्रेस नेता इस बैठक को चुनावी तैयारियों के लिए ही आयोजित बैठक बता रहे हैं। गगरेट में तैनात किए गए सह प्रभारी चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने बताया कि शनिवार को वह और ज्वालाजी के विधायक संजय रत्न सुबह 11 बजे ब्लाक कांग्रेस की बैठक में शिरकत करेंगे तो संभावित प्रत्याशियों से भी मुलाकात की जाएगी। इस दौरान जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताओं से भी फीडबैक ली जाएगी।

# सीएम के बयान की भाजयुमो करता है निंदा : अजय ठाकुर


भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र भुट्टो के साथ भाजयुमो कार्यकर्ता।

**बंगाणा।** हमीरपुर लोकसभा से अनुराग सिंह ठाकुर एवं कुटलैहड़ विस क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो को भारी बढ़त के साथ जिताएंगे। कुटलैहड़ भाजपा का था और भाजपा का ही रहेगा। ये शब्द राज्य ह्यूमन राइट विंग के राज्य अध्यक्ष एवं जिला ऊना भाजयुमो सचिव अजय ठाकुर ने टीम सहित कुटलैहड़ के प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो के साथ बैठक करने के बाद मीडिया से कहे। अजय ठाकुर ने कहा कि ऐसे लोकप्रिय नेता को किसी सीएम द्वारा अपनी लोकप्रियता हासिल करने के लिए मंच से अभद्र भाषा बोलना निंदनीय है और जिला युवा मोर्चा सीएम सुक्खू द्वारा दिए गए बयान की कड़ी निंदा करती है।

# सांसद अनुराग ने रिकॉर्डतोड़ किया काम, खुली बहस के लिए तैयार : संदीप


भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र भुट्टो के साथ भाजयुमो कार्यकर्ता।

**अंब।** लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही संसदीय क्षेत्र हमीरपुर में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। भाजपा ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकु र को प्रत्याशी घोषित किया है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस अब तक उम्मीदवार तय नहीं कर पाई है। अंब खंड के बीडीसी उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर ने सांसद की उपलब्धियां गिनवाते हुए कहा किजितना काम अनुराग ठाकुर के समय में हुआ, उतना आज तक कभी नहीं हुआ। इस मौके पर आगे बीडीसी अध्यक्ष ने बताया की जिन कांग्रेसियों को विकास दिखाई नहीं दे रहा, वे उनके साथ संसदीय क्षेत्र का दौरा कर सकते हैं, साथ ही खुली बहस के लिए भी वह तैयार हैं। उनके साथ साथ चुरुड्डु पंचायत के प्रधान विनय शर्मा ने कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की जनता को चाहिए कि सांसद अनुराग ठाकुर को निर्विरोध चुनकर दोबारा संसद में भेजें। इस मौके पर चुरुड्डू ग्राम पंचायत उपप्रधान चन्नन सिंह, पंच नरेंद्र, सादिक, कृष्ण देवी, राज कुमारी, सेना से सेवानिवृत्त मलकीत सिंह, हंसराज, बलजीत, लखा मौजूद रहे।

**आयोजन** खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए : रघुवीर सिंह

# चक ने जीता क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला मैच

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**


क्रिकेट प्रतियोगिता के मौके पर मौजूद गणमान्य, साथ हैं युवा।

बंगाणा उपमंडल क्षेत्र की खरयालता पंचायत के सदा शिव ध्यूसंर महादेव क्लब बही के सौजन्य से पूर्व खिलाड़ी स्व. अभिषेक राणा व स्व. खिलाड़ी राजेंद्र सिंह की याद में चौथी क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित करवाई जा रही है। इस प्रतियोगिता में लगभग 16 पंचायतों के खिलाड़ी अपना दमखम दिखाएंगे। इस प्रतियोगिता की अध्यक्षता पंजाब रेजिमेंट के जवान नीरू चौधरी कर रहे हैं। इस प्रतियोगिता में शुक्रवार को मुख्यातिथि के रूप में सेवानिवृत्त उपनिदेशक सैनिक कल्याण बोर्ड ऊना से मेजर रघवीर ने शिरकत की तथा सभी खिलाड़ियों को बधाई दी तथा खिलाड़ियों को खेल को खेल भावना से खेलने के प्रति जागरूक किया तथा साथ में सभी खिलाड़ियों को नशे से दूरी बनाए रखने हेतु जागरूक किया गया।

इस मौके पर विशेष अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त कैप्टन मदन लाल तथा समाजसेवी रोहित शर्मा ने भी युवाओं को प्रेरित किया। इस खेलकूद प्रतियोगिता में पहले मैच में दिलवा तथा चक में जोरदार मुकाबला देखने को मिला। चक ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 100 रन बनाए परंतु दिलवा की टीम 60 रन पर ऑल आउट हो गई। वहीं, दूसरे मुकाबले में बनेहड़ा तथा अलोह में खबर लिखे जाने पर मुकाबला चल रहा था।

इस प्रतियोगिता के शुभारंभ के मौके पर मुख्यातिथि मेजर रघवीर सिंह, विशेष अतिथि कैप्टन मदन लाल, समाजसेवी रोहित शर्मा, युवा क्लब अध्यक्ष रघवीर सिंह संगम, बीडीसी सदस्य राजेंद्र ठाकुर ने 5100-5100 रुपए तथा लोक निर्माण विभाग से सेवानिवृत्त अधीक्षक कुलदीप सिंह ने 2100 रुपए इन युवाओं की हौसला अफजाई करते हुए दिए।

वहीं, इस प्रतियोगिता का आयोजन आशीष धीमान, विक्की शर्मा, मनोज शर्मा आदि युवा कर रहे हैं। इस मौके पर स्थानीय पंचायत प्रधान राकेश धीमान, सेवानिवृत्त मुख्य अध्यापक, रणधीर सिंह, सेवानिवृत्त हिमाचल पथ परिवहन निगम के चालक रणवीर सिंह, धर्म पाल सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# लोगों को स्वीप के तहत दिया जागरूकता संदेश

**ऊना।** आईआरबीएन बनगढ़ के एकलव्य कलामंच के कलाकारों ने व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी(स्वीप) के तहत सनोली, मजारा व संतोषगढ़ में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान उन्होंने सभी मतदाताओं को संदेश दिया कि हमें किसी भी प्रलोभन में न आते हुए अपने मताधिकार का उपयोग करना है और चाहे वृद्ध हो या जवान सभी को मतदान अवश्य करना है। इस दौरान कानूनगो निर्वाचन हरजीत सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत विकास खंड उन्ना की पंचायत डटवाड़ा में कृष्णा ग्राम संगठन समूह ने लोगों को मतदान के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा लोकसभा चुनावों और विधानसभा उपचुनावों में शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित बनाने का आग्रह किया।

# मतदाता जागरूकता अभियान चलाया


स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान में प्रतिभागी।

**बंगाणा।** स्वीप स्वीप अर्थात सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा और निर्वाचक सहभागिता भारत निर्वाचन आयोग कार्यक्रम के अंतर्गत लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान हेतु बंगाणा में लोगों को जागरूक किया गया। इस उद्देश्य से 'मेरा वोट मेरी ताकत' थीम के तहत अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में सेल्फी विथ वोट एक्टिविटी करवाई गई।

> एक बच्चे को अपनी शिक्षा तक सीमित न रखें, क्योंकि वह किसी अन्य समय में पैदा हुआ था।
> –रवींद्रनाथ टैगोर

## संपादकीय

# नशे की गिरफ्त में हिमाचल

देवभूमि हिमाचल अपनी देव संस्कृति, मेहनतकश लोगों और खूबसूरती के लिए जाना जाता है। दुनिया भर के लोग यहां सुकून के पल गुजारने के लिए आते हैं। कुछ अच्छे होते हैं, जो कुछ दिन बिताकर अपने वतन या घर लौट जाते हैं, लेकिन कुछ ऐसे भी होते हैं, जो यहां की भोली-भाली जनता को अपने जाल में फंसाकर उन्हें कुछ ऐसी चीजों का आदी बना देते हैं, जिनसे पार पाना फिर इस पहाड़ी राज्य के लोगों के लिए मुश्किल ही नहीं, बल्कि असंभव भी हो जाता है। ये मतलबी लोग या तो यहीं बस जाते हैं या फिर वापस अपने मूल ठिकाने पर लौट जाते हैं। लौट तो जाते हैं, मगर यहां के लोगों को एक ऐसी चीज का आदी बनाकर जाते हैं, जिसके बगैर ये लोग एक पल नहीं रह पाते।

हम बात कर रहे हैं, उस जहर की जो इस वीरभूमि के युवाओं की नशों में कुछ इस कदर घुल रहा है कि राज्य का भविष्य सुरक्षित नहीं दिख रहा। यहां ऐसा कोई दिन नहीं गुजरता, जिस दिन नशे से संबंधित कोई खबर अखबारों की सुर्खी न बनी हो। नशे का कारोबार अब इस कदर फल-फूल रहा है कि आरोपी लाखों और करोड़ों की खेप के साथ पकड़े जा रहे हैं। पकड़े जाने वाले कुछ आरोपी यहीं के हैं, तो कुछ बाहरी राज्यों के। आरोपी जहां कहीं के भी हों, नशे से तो इस राज्य का भविष्य यानी युवा ही बर्बाद हो रहे हैं। एक दिन पूर्व ही राज्य के तीन जिलों में कुल 15 किलो से अधिक चरस पकड़ी गई है। इस नशे की खेप की कीमत करोड़ों रुपए है। चरस हो या फिर सफेद जहर चिट्टा, युवा इसके ऐसे आदी हो गए हैं कि न तो उनको अपनी फिक्र है और न ही अपने माता-पिता के मान-सम्मान की। दिन हो या रात, नशे के आदी हो चुके युवा हर वक्त बस इसी में डूबे रहना चाहते हैं।

हिमाचल का एक पड़ोसी राज्य, जो कभी भारत का सबसे समृद्ध राज्य होता था आज वह 'उड़ता पंजाब' के नाम से जाना जाता है। वहां नशा इस कदर पैर पसार चुका है कि इस पर फिल्में तक बन चुकी हैं। पंजाब की यह दुर्दशा करने वाले अब हिमाचल के युवाओं को भी खेतों और नालों में ही पड़ा हुआ देखना चाहते हैं। यही वजह है कि पहले पंजाब से सटे इलाकों में यह कारोबार फैला, अब पूरे हिमाचल में ही फैल गया है। राज्य का कोई भी ऐसा जिला नहीं है, जहां नशे के सामान की तस्करी न होती हो। ऐसा नहीं है कि सरकार या पुलिस प्रशासन इससे बेखबर है। सरकार और पुलिस दोनों ही इस मामले में बहुत ही संजीदा हैं और नशे के उन्मूलन को लेकर कई अभियान भी छेड़ रखे हैं। लोगों को नशे के दुष्प्रभावों बारे जागरूक भी किया जाता है। प्रदेश सरकार ने तो नशा तस्करी को लेकर इतने सख्त कानून बना रखे हैं कि दोषी को कारावास और जुर्माने के अलावा उसकी और उसके रिश्तेदारों की संपत्ति तक पुलिस द्वारा सीज कर दी जाती है, मगर इतना कुछ करने के बाद भी परिणाम आशा के अनुरूप नहीं आ रहे। नशे क मामले कम होने के बजाय बढ़ते ही जा रहे हैं।

अब सवाल यह है कि नशे के दुष्प्रभावों से अवगत होने के बाद भी आज की युवा पीढ़ी इस दलदल में क्यों धंसती जा रही है? तो इसके पीछे कई कारण हैं। इनमें से एक नशे की आदत है, जो एक बार पड़ जाए तो छूटने का नाम नहीं लेती। दूसरा कारण गलत संगत है। गलत संगति में पड़कर युवक-युवतियां सही फैसला नहीं ले पाते। तीसरा कारण इस कारोबार से होने वाली मोटी कमाई है। जहां मेहनत से अपने घर और गाड़ी का सपना साकार करने में उम्र लग जाती है, तो इस कारोबार में कुछ ही दिनों में आसानी से इतनी कमाई हो जाती है कि घर और गाड़ी दोनों ही अपने पास हो जाते हैं, बशर्ते पकड़े न जाएं। ऐसे में नशे से संबंधित कानूनों को और सख्त करने की जरूरत है। दुनिया में ऐसा कोई मर्ज नहीं, जिसका इलाज न हो। जरूरत मर्ज को पहचानने और सही दवा से उसका उपचार करने की है। सरकार को चाहिए कि वह जनसहयोग से ऐसा अभियान छेड़े कि हर घर में नशे के विरुद्ध मुहिम शुरू हो। लोगों को इतना जागरूक किया जाए कि नशे के नाम से ही उन्हें नफरत हो जाए, तभी इस खूबसूरत पहाड़ी राज्य का भविष्य सुरक्षित रह पाएगा।

# बदलाव लाने के लिए राजनीति सबसे सशक्त माध्यम

**भाजपा स्थापना दिवस पर विशेष**



लेखक : डॉ. आशी वशिष्ठ
स्वतंत्र टिप्पणीकार

देश के राजनीतिक इतिहास में छह अप्रैल का दिन खास अहमियत रखता है। 'अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा' भारतीय जनता पार्टी के पहले अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी ने आज ही के दिन 1980 में यानी 44 साल पहले पार्टी की स्थापना के समय ये शब्द कहे थे। शायद उन्होंने यह बात पार्टी के कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए कही होगी, लेकिन उस समय पार्टी कार्यकर्ताओं या फिर विपक्षी दलों में शायद ही किसी ने सोचा होगा कि आने वाले दिनों में अटल जी की बातें सही साबित होंगी।

1984 के लोकसभा चुनाव में केवल दो सीटें हासिल करने से लेकर 2019 के चुनाव में 303 सीटें जीतने वाली भाजपा ने अपने इस शानदार सफर में कई उतार-चढ़ाव भी देखे, बड़े झटके भी खाए और मायूसी भी महसूस की। धरातल पर बदलाव लाने के लिए राजनीति सबसे सशक्त माध्यम है। राजनीति के माध्यम से हम समाज के दबे-कुचले लोगों और उपेक्षित समुदायों को ऊपर उठाते हुए सामाजिक-आर्थिक विषमताओं को दूर करने का भरसक प्रयास कर सकते हैं। एक व्यापक बदलाव लाने का जो कार्य, बड़े से बड़े वेतन वाली प्रतिष्ठित नौकरी करके भी नहीं किया जा सकता है, उसे राजनीति के माध्यम से आसानी से किया जा सकता है। इसी सिद्धांत पर चलते हुए भाजपा ने आरंभ से ही राजनीति को सत्ता की बजाय सेवा का माध्यम माना है। आजादी के बाद के लंबे काल खंड तक भारतीय राजनीति में परिवार और व्यक्ति केंद्रित दलों ने राजनीति को कमाई का जरिया बनाया और सेवा भाव को नदी के जलधारा में प्रवाहित कर दिया। बीच-बीच में केंद्र की सत्ता पर आसीन गैर-कांग्रेसी सरकारों ने लोक कल्याण के लिए कुछ करने की सोची, तो उन्हें अस्थिर कर दिया गया। 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में पूर्ण बहुमत की एनडीए सरकार का गठन हुआ, तब से तस्वीर में बदलाव आया है। पिछले दस वर्षों में आम आदमी को इस बात का आभास हुआ है कि राजनीतिज्ञ अगर सेवा करने के भाव से राजनीति करें तो कितना बड़ा और व्यापक बदलाव देश और आम आदमी की जिंदगी में लाया जा सकता है। भाजपा की रीति-नीति और संकल्पों की डगर पर चलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने यह साबित कर दिया कि राजनीति सेवा का सबसे सशक्त माध्यम है। परिवारवादी दल जो अपने परिवारजनों के विकास और उत्थान में सारी ऊर्जा खपाते हैं, वह राजनीति को सेवा का नहीं, बल्कि मेवा का माध्यम मानते हैं। उनकी डिक्शनरी में परिवार पहले और देश बाद में आता है।

तीन मार्च, 2024 को बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में जन विश्वास महारैली में इंडी अलांयस की रैली में बोलते हुए राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री मोदी के परिवारवाद वाली टिप्पणी का जवाब देते हुए कहा था कि उनकी कोई संतान नहीं है और पत्नी के साथ नहीं रहते। कैसे जानेंगे कि परिवार क्या होता है? लालू प्रसाद की आपत्तिजनक टिप्पणी के अगले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना के आदिलाबाद में जनसभा को संबोधित कर रहे थे, तो उन्होंने विपक्ष की ओर से उनके परिवार को लेकर किए गए हमले का परोक्ष रूप से जवाब दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, 'मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं, तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। मैं इनसे कहना चाहता हूं कि 140 करोड़ देशवासी मेरा परिवार हैं। जिनका कोई नहीं है, वे भी मोदी के हैं और मोदी उनका है। मेरा भारत ही मेरा परिवार है।' जो दल एक परिवार या व्यक्ति द्वारा द्वारा संचालित हो रहे हैं, उनके लिए परिवार ही सर्वोपरि है। उनकी सारी ऊर्जा परिवार के विकास और कल्याण में ही खर्च होती है।

उनके एजेंडे में आम आदमी का विकास और कल्याण अंतिम पायदान पर होता है। प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की विचारधारा ने भारतीय राजनीति की इसी विचारधारा को पलटने का काम किया है, इसलिए प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के अन्य नेता कहते हैं कि हमारे लिए नेशन फर्स्ट है। विपक्ष के लिए तो फैमिली फर्स्ट इसे सारा देश अब अनुभव करने लगा है। श्रीमद्भागवत गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने भी अर्जुन को राजनीति और कूटनीति के माध्यम से राज्य, धर्म एवं समाज की रक्षा करने के लिए प्रेरित किया है। धर्म के विपरीत आचरण करने वालों और सत्ता, सुख-संपदा, धन-वैभव एवं ऐश्वर्य के लिए जीने वालों को उन्होंने समस्त संसार के लिए विनाशकारी बताया है, इसलिए हमारी राजनीति के विमर्श में लोकमंगल की भावना होना बहुत आवश्यक है। राजनीति को सत्ता पाने का अवसर मानने वाली अनैतिकता ही अस्वस्थ राजनीतिक परंपरा को पोषित करती रहती है। यदि राजनीति की ऊर्जा को ऊर्ध्वगामी बनाया जाए और नैतिकता, मूल्यों एवं आदर्श का समावेश करते हुए सेवाभाव से कार्य किया जाए तो एक स्वस्थ, सक्षम एवं सजग समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है।

सही राजनीतिक नेतृत्व किसी भी संस्था या अभियान को जन-जन के बीच पहुंचा सकता है और उसे जनभागीदारी का प्रतीक बना सकता है। वैश्विक महामारी कोरोना के समय में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वर्तमान भारत सरकार ने जिस प्रकार से गरीबों एवं असहायों की सहायता के लिए राजनीतिक दूरदृष्टि के साथ शासन एवं प्रशासन का कार्य किया है, वह संस्थाओं के नेतृत्व का श्रेष्ठ उदाहरण है। कोरोना के समय विपक्ष ने नकारात्मक भूमिका निभाई। देश में बनी वैक्सीन से लेकर तमाम व्यवस्थाओं का उपहास उड़ाया। देश की जनता को भ्रमित करने का काम किया। इसमें कोई दोराय नहीं है कि विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाले भारत जैसे देश में कोरोना के संकट से निपटते हुए गरीबों, मजदूरों, किसानों, शोषितों और वंचितों के हितों की रक्षा करने से लेकर देश की आर्थिक गतिविधियों को सुचारु रूप से चलाने तक का कार्य, किसी चुनौती से कम नहीं था, लेकिन संकट के ऐसे समय में प्रधानमंत्री ने देश के सभी राजनीतिक दलों को एक साथ जोड़ने का समेकित प्रयास करते हुए देश को आत्मनिर्भर बनाने और जन-कल्याण करने के लिए सरकार की भावी प्राथमिकताओं और योजनाओं को धरातल पर उतारा है।

राजनीति का मूल उद्देश्य जनता के सामाजिक-आर्थिक कल्याण को अधिकतम करना है। यदि राजनीति का पूरी तरह से सही और सकारात्मक दिशा में प्रयोग की जाए तो विकास के नए शिखर छुए जा सकते हैं, मानवता की सेवा की जा सकती है और देश को निरंतर आगे बढ़ाया जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी साफ-सफाई जैसे छोटे से बिंदु से लेकर गरीबों को आवास की सुविधा के बारे में एक साथ सोचते हैं। उनकी सोच के दायरे में किसान, महिलाएं, युवा, दलित, आदिवासी, वंचित और देश का एक-एक नागरिक है। प्रधानमंत्री मोदी में सेवा के गुण पार्टी की रीति-नीति और विचारों की वजह से प्रभावी हैं, क्योंकि भाजपा के संस्थापकों ने सेवा भाव से ही राजनीतिक क्षेत्र में कदम बढ़ाया और अपनी आने वाली पीढ़ियों में भी सेवाभाव को कूट-कूट कर भरने का काम किया।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# सतर्कता और सावधानी सहित करना होगा मतदान



लेखक : मुमुक्ष के ठाकुर
ओबड़ी, चंबा

हमारे देश भारत का लोकतंत्र अब इतना परिपक्व तो हो ही चुका है कि हमें अब तो बिना किसी स्वार्थ और मनभेद के अपने बहुमूल्य वोट / मतदान का प्रयोग करना चाहिए, ऐसा करना ही होगा। भारतीय प्रजातंत्र के महापर्व लोकसभा के आम चुनाव अब प्रारंभ होने ही वाले हैं।

सार्वजानिक विकास और देश की बहुमुखी प्रगति के लिए मतदान करते हुए जाति, धर्म, क्षेत्र, लिंग, भाषा, विशेष राजनितिक मतभेद आड़े नहीं आने चाहिए। सर्वत्र ऐसा देखने-जानने को मिल ही जाता है कि कुछ नाकाबिल तथा स्वार्थी लोग भी चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र भर देते हैं, फिर किसी अन्य विशेष उम्मीदवार के पक्ष में अपना नामांकन वापस ले लेते हैं, ऐसी परिस्थिति में यह बहुत प्रबल संभावना रहती ही है कि इन लोगों ने आपस में पैसों का या किसी अन्य वस्तुओं का अनैतिक, असंवैधनिक लेन-देन अवश्य ही किया है, भूलकर भी ऐसे लोगों को वोट नहीं देना चाहिए। अपनी पार्टी छोड़ते हुए भागकर दूसरे राजनीतिक दल में शामिल होने वाले उम्मीदवारों की जमानत भी जरूर जब्त करवानी चाहिए। किसी के भी पक्ष में मतदान करते समय यह अवश्य ही जान-पहचान लेना अनिवार्य है कि उस उम्मीदवार विशेष की शैक्षणिक, आर्थिक, व्यक्तिगत और सामाजिक स्थिति क्या है? उम्मीदवार का सामान्य और सामाजिक व्यवहार भी ध्यान में रखना बहुत आवश्यक है। जनता को चाहिए कि स्वार्थ और सत्ता के मद में आकंठ डूबे राजनीतिक उम्मीदवारों को भी कड़ा और कभी न भूलने वाला सबक सिखाएं। यह सुनिश्चित करना भी बहुत जरूरी है कि भ्रष्ट, अनैतिक और दुष्ट लोग समाजसेवा के नाम पर उनकी अपनी तिजोरी को भरने का धंधा नहीं बना पाएं।

निसंदेह हमारे चुने हुए सांसद उच्च शिक्षित, योग्य, समर्थ, ईमानदार तथा देश सेवा को पूर्णतः समर्पित तो होने ही चाहिएं। निरंतर सतर्कता ही स्वाधीनता का मूल्य है। यदि हमें अपने संविधान, स्वतंत्रता, अधिकारों और पारदर्शी लोकतंत्र की सुरक्षा करनी है तो हमें बहुत ही सावधानी, सतर्कता, निस्वार्थ और सजगता के साथ अपने बहुमूल्य मत का प्रयोग करना है, तभी हमारे देश का प्रजातंत्र और ज्यादा सार्थक, समर्थ और सशक्त होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कविता

# आखिर मैं इंसान हूं



सुरेंद्र ठाकुर, जिला न्यायालय परिसर धर्मशाला

*आखिर मैं इंसान हूं*
*कब तक सहूं विरह के थपेड़े*
*इंतजार करूं*
*कब तक देखूं सूनी दीवारें*
*अकेलेपन का दीदार करूं*
*तुम्हें तो संभालना है*
*जहान भर को*
*यहां आग लगी है तन-मन में*
*बेकरारी पल भर साथ नहीं छोड़ती*
*क्यों और कैसे निर्वाह करूं*
*जानता है वह अनजान बन के*
*फिरता है कहूं कैसे कि उसको रुक*
*घड़ी भर विराम करूं*
*तुम तो मस्त हो व्यस्त हो*
*अपनी दिल की दुनिया में*
*मुझसे पूछो मैं अपने*
*दिल का क्या इंतजाम करूं*
*मुसाफिर हूं दो पल के लिए*
*शहर में तुम्हारे*
*मन चाहता है कि वह अपना मिले*
*जिससे अपने दिल का दुखड़ा रोऊं*
*कुछ उसकी पूछूं*
*कुछ अपना बयान करूं*
*इंतजार की हदें पार हो गईं*
*कोई सुराग कोई निशान पता न*
*चल सका उसका*
*तू ही बता कैसे मैं आराम करूं*
*आखिर मैं भी इंसान हूं।*

# भारत में सदियों से वित्तीय वर्ष का मुख्य घटक लाल 'बही खाता'



लेखक : पारुल अरोड़ा
पैलेस कॉलोनी, मंडी

वर्तमान भारत में एक अप्रैल से नया वित्तीय वर्ष प्रारंभ होता है और इसका समापन 31 मार्च को होता है। विभिन्न देशों में विभिन्न मासों से वित्तीय वर्ष प्रारंभ या समाप्त होते हैं। भारत में वैदिक काल से चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर नव संवत्सर (नववर्ष) बनाया जाता है। सनातन संस्कृति में यह दिन अत्यंत शुभ माना जाता है। भारत में कृषि का चक्र भी इन्हीं दिनों में बदलता है, तो संभव है कि तभी भारत में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के आसपास वित्तीय वर्ष आरंभ किए जाने की परंपरा शुरू हुई हो। आज के डिजिटल युग में जहां सारा काम कंप्यूटर के माध्यम से होता है। व्यापारी भी अपना सारा लेखा-जोखा विभिन्न साफ्टवेयर के उपयोग से सुरक्षित करते हैं।

लेखा-जोखा रखने वाले लेखापाल कहलाते हैं। ऐसा भी समय रहा है, जब लगभग प्रत्येक व्यापारी अपना सारा लेखा-जोखा लाल रंग के कपड़े और उस पर पीले रंग के धागे से की गई कड़ाई वाली मोटी जिल्द और अंदर सफेद पृष्ठों पर स्याही और लेखनी से लिखते थे। आज तो विभिन्न प्रकार की लेखनियां बाजार में उपलब्ध हैं, जिनमें पहले से स्याही भरी होती है। अलग-अलग आकार प्रकार के बही खातों में पृष्ठों का आकार, मोटाई और पृष्ठों की संख्या अलग रहती है। इन बहियों का मूल्य वजन के हिसाब से होता है। मंडी के ऐतिहासिक चौहटा बाजार में रोहित वैद्य जी आज भी अपने पूर्वजों के बही-खातों के क्रय-विक्रय करने के कार्य को आगे बड़ा रहे हैं। वहीं, अरोड़ा करयान स्टोर के स्वामी स्व. सुदर्शन अरोड़ा नए वित्तीय वर्ष शुरू होने से पहले लाल रंग के नए बही खाते क्रय कर लेते थे। इन बहियों के अंदर के प्रथम पृष्ठ पर श्री गणपति और मां लक्ष्मी का चित्र आज कल पहले से छपा हुआ आता है, किंतु पहले के समय में हाथ से ही चित्र बनाए जाते थे। इन्हीं पृष्ठों पर वर्ष भर का लेखा-जोखा व्यापारी या लेखापाल लिखते हैं। नए बही खाते की सर्वप्रथम पूजा की जाती और प्रथम पृष्ठ पर गणपति और लक्ष्मी से संबंधित मंत्र लिखे जाते, के उपरांत ही लेखा-जोखा लिखा जाता। हमारी सनातन संस्कृति में 'शुभ लाभ' का तात्पर्य सत्य निष्ठा से ही अर्जित लाभ से है।

प्राचीन काल से ही भारत के व्यापारी विश्वभर में अपनी सत्यनिष्ठा से ही पहचाने जाते रहे हैं। पहले के बही-खातों के पृष्ठों का रंग हल्का भूरा या हल्का पीला होता था। भारत में हस्तनिर्मित कागज हजार वर्ष से भी पूर्व बनाया जाता था। आज भी बुजुर्ग सियालकोटी कागज और बहियों का गुणगान करते नहीं थकते। यह बहियां सौ वर्ष तो आराम से निकाल लेती हैं। लाल रंग हमारी संस्कृति में शक्ति का प्रतीक है और शुभ माना जाता है। पीला रंग बृहस्पति से जुड़ा है और शुभ है। हिंदू भगवानों के हाथों में, पांडुलिपियां, पोथियां, बही-खाते के आकार की पुस्तकें प्राचीन मूर्तियों और चित्रों में देखी जा सकती हैं। वर्तमान में बही खाता लिखने का चलन समय के साथ कम हो रहा है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अधिकारियों की तबादला नीति में है सुधार की आवश्यकता



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

समय के साथ जहां क्षेत्र समाज में अनेक विशेषताएं देखने को मिलती हैं, तो उसी समाज में समस्याएं भी समय-समय पर उत्पन्न होती रहती हैं। आज हम एक ऐसे विषय की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहेंगे, जो समस्या या फिर प्रक्रिया दशकों से चली आ रही है। वह समस्या या फिर प्रक्रिया है अधिकारियों के समय से पहले तबादले और एक ईमानदार, निष्पक्ष और दबंग अधिकारी को आखिर क्यों होना पड़ता है इस समस्या से दो-चार, जो शायद कहीं न कहीं ऐसे खास अधिकारी के आत्मसम्मान को भी कहीं न कहीं ठेस जरूर पहुंचती होगी।

अधिकारियों के तबादलों का क्रम हमेशा से प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार द्वारा समय-समय पर करवाया जाता है, जो कि सरकार का एक विशेष अधिकार भी रहता है। तो वहीं, प्रदेश की व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने के लिए तबादलों के माध्यम से भी सरकार की ओर से एक विशेष राहत और व्यवस्था करवाई जाती है। तबादलों का यह दौर देवभूमि हिमाचल प्रदेश में भी समय-समय पर देखने और सुनने को मिलता रहता है परंतु तबादलों के इस प्रक्रिया में अनेक विभागों और अलग-अलग क्षेत्रों से ऐसे अनेक मामले देखने को मिलते हैं, जहां कुछेक अधिकारियों को कुछ समय आने के उपरांत ही अन्य क्षेत्रों में तबादलों के रूप में भेज दिया जाता है, जिस तबादलों के इतने कम कार्यकाल में ऐसे अनेक अधिकारी असमंजस और दुविधा की स्थिति में रहते हैं कि वह उस परिस्थिति में क्या करें, जिसमें अनेक क्षेत्रों व विभागों के अधिकारियों द्वारा मजबूरन न्यायालय का दरवाजा भी मजबूरी में खटखटाना पड़ता है और न्यायालय से कभी कभी कुछ समय के लिए राहत भी मिल जाती है, जबकि ऐसी स्थिति में अधिकारियों का अपना निश्चित कार्यकाल भी पूरा नहीं होता है, परंतु यह परिस्थितियां अनेक क्षेत्रों में राजनीति की आड़ में भी कारगर साबित होती हैं, ऐसी खास परिस्थितियों में ऐसा अधिकारी जो शायद राजनीतिक परिवेश और इस वातावरण का निपुण खिलाड़ी न हो, उसके लिए इस तरह की व्यवस्था से निकलना कहीं न कहीं मुश्किल भी हो जाता है, परंतु आज इस व्यवस्था में कहीं न कहीं सरकार द्वारा परिवर्तन करने और संशोधन करने की भी कहीं न कहीं दरकार देखने को मिलती हैं, क्योंकि तबादलों का यह दंज अनेक प्रदेशों में देखने को मिलता हैं जिसमें आईएएस, आईपीएस, एचएएस अधिकारियों से लेकर विभिन्न विभागों के वरिष्ठ व कनिष्ठ अधिकारियों को यह व्यवस्था कहीं न कहीं कभी-कभी विचलित भी कर जाती हैं।


इस बात को लेकर इतिहास गवाह है, जैसे कुछेक जानकारी अनुसार इस सूची में सबसे पहला नाम आता है विनीत चौधरी का। हिमाचल प्रदेश के 1982 आईएएस बैच के अफसर विनीत चौधरी का 31 साल के करियर में 52 बार ट्रांसफर किया गया और इस तरह सबसे ज्यादा ट्रांसफर पाने वाले आईएएस अफसर की लिस्ट में विनीत चौधरी का नाम सबसे ऊपर आता है। असम-मेघालय कैडर के विंस्टन मार्क सिम्सन को 36 साल के करियर में 50 बार ट्रांसफर किया गया। पंजाब कैडर के कुसुमजीत सिद्धू का 46 बार ट्रांसफर किया जा चुका है। हरियाणा कैडर के आईएएस अधिकारी अशोक खेमका की ही तरह उनके कॉलीग केशनी आनंद अरोड़ा का भी 45वीं बार ट्रांसफर किया जा चुका है।

इस तरह के सैकड़ों उदाहरण समय-समय पर देखने और सुनने को मिलते हैं, परंतु आज के परिप्रेक्ष्य में राजनीति से ऊपर उठकर और प्रदेश और देश की अखंडता के लिए इस व्यवस्था पर प्रदेश और केंद्र सरकार को कुछ न कुछ संशोधन करने और परिवर्तन करने की भी परम आवश्यकता है, जिसमें अगर प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार संशोधन करती है तो निसंदेह भविष्य में आने वाले नए अधिकारियों के लिए भी एक बड़ी राहत और संदेश सरकार के इन प्रयासों से जाएगा, अगर इस ओर विशेष परिवर्तन और पारदर्शिता लाई जाती है, तो वहीं दूसरी ओर तबादले के इस व्यवस्था में ऐसे अनेक अधिकारी अपनी राजनीतिक पैठ और हर परिस्थितियों को भांपने में बड़ी महारथ हासिल कर जाते हैं, जिसमें तबादलों को रुकवाने के लिए अनेक प्रकार के प्रयोग किए जाते हैं।

ऐसे अधिकारियों को इस व्यवस्था से ज्यादा कोई असहजता भी शायद उत्पन्न नहीं होती है, जबकि कुछेक अधिकारी इस व्यवस्था को सरकार का विशेष अधिकार मानकर भी तर्क-वितर्क रखते हैं, परंतु अनेक बार तबादलों को लेकर समाज का ध्यान इस ओर जाता रहा है, जबकि अनेक क्षेत्रों में ऐसे अधिकारी भी मौजूद हैं, जो दशकों से एक ही क्षेत्र में कार्यरत हैं, तो वहीं दूसरी ओर जहां एक अधिकारी को अनेक बार स्थानांतरित करके और कम समय सीमा में ही विशेष परिस्थितियों में इस व्यवस्था से दो चार होना पड़ता है, जबकि ऐसे खास अधिकारी जनता की मूलभूत सुविधाओं और समस्याओं को सुलझाने और जनता के दिलों में राज भी करते हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में सरकारों से निवेदन और आग्रह रहेगा कि इस व्यवस्था में भविष्य में पारदर्शिता और संशोधन करने का प्रयास किया जाए, ताकि देश व प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों और जिलों में ऐसे अनेक अधिकारियों को समय-समय पर जिनकी पहचान ईमानदारी, दबंगता, निष्पक्षता और अनुभवों के लिए जाने जाते रहे हैं, भविष्य में कहीं न कहीं ऐसे खास अधिकारियों को राहत जरूर मिलेगी, ऐसी उम्मीद और आशा करते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# टीएमयू की इसरो के साथ ऊंची उड़ान



लेखक : प्रो. श्याम सुंदर भाटिया
स्वतंत्र टिप्पणीकार

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (टीएमयू) मुरादाबाद ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के संग मिलकर एक ऊंची उड़ान भरी है। गर्व की बात यह है कि इसरो ने टीएमयू को अपना नोडल सेंटर बनाने की सहमति जता दी है। इसरो के स्टार्ट प्रोग्राम के तहत इस नोडल सेंटर में यूजी और पीजी स्टूडेंट्स को प्रशिक्षित किया जाएगा। बशर्ते यूजी के फाइनल इयर के स्टूडेंट्स पात्र हों। नोडल सेंटर के जरिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान के लिए संभावनाओं के द्वार खुलेंगे। इस प्रोग्राम के तहत वैज्ञानिकों को स्पेस टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नवीनतम एवं उत्कृष्ट तकनीकों के अध्ययन के संग-संग रिसर्च करने का स्वर्णिम अवसर मिलेगा।

टीएमयू के कुलाधिपति सुरेश जैन, जीवीसी मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन ने इसरो की इस हरी झंडी को यूनिवर्सिटी के लिए बड़ा दिन बताते हुए कहा कि इसरो के इस स्टार्ट प्रोग्राम के संग टीएमयू की साझेदारी नया इतिहास लिखेगी। अक्षत जैन ने कहा, हम अपने स्टूडेंट्स को ज्ञान-विज्ञान के संग-संग प्रौद्योगिकी के नए क्षेत्रों में प्रशिक्षित करने के प्रति संकल्पित हैं। टीएमयू की ओर से सीसीएसआईटी के प्रिंसिपल प्रो. आरके द्विवेदी सेंटर को-ऑर्डिनेटर बनाए गए हैं।

प्रो. द्विवेदी ने बताया कि इसरो के स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी अवेयरनेस ट्रेनिंग-स्टार्ट प्रोग्राम की ओर से ई-क्लासेज 15 अप्रैल से 8 मई तक चलेंगी। इस स्टार्ट प्रोग्राम से टीएमयू के बीटेक सीएस, बीटेक एआई, बीटेक डेटा साइंस, एमटेक सीएस, एमसीए, बीसीए, बीएससी ऑनर्स-सीएस, बीएससी एनिमेशन, बीसीए-मोबाइल एप्लीकेशन एंड वेब टेक्नोलॉजी, बीसीए-क्लाउड टेक्नोलॉजी एंड इंफॉर्मेशन सिक्योरिटी आदि कोर्सेज़ के स्टूडेंट्स लाभान्वित होंगे। उल्लेखनीय है इसरो देशभर के शैक्षणिक संस्थानों में स्टार्ट-2024 प्रोग्राम का शंखनाद करने जा रहा है। देशभर के फिजिकल साइंसेज और टेक्नोलॉजी के यूजी और पीजी कोर्स चलाने वाले संस्थान इसके पात्र होंगे। इसरो के इन मानकों की कसौटी पर ही तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी को इसके लिए चुना गया है।

स्टार्ट प्रोग्राम का मुख्य मकसद युवाओं को अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र के प्रति आकर्षित करना है ताकि हम वैश्विक चुनौतियों का सामना कर सकें। इस प्रशिक्षण के दौरान अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विभिन्न मॉडयूल शामिल होंगे, जिसमें चयनित स्टूडेंट्स को प्राथमिक जानकारी दी जाएगी। इसरो ने विषयवार प्रशिक्षण की तीन श्रेणियां निर्धारित की हैं। टीएमयू के प्रशिक्षण की पात्रता प्रथम श्रेणी के दायरे में आती है। इस सघन प्रशिक्षण के दौरान भारतीय अंतरिक्ष अंवेषण कार्यक्रमों एवं अनुसंधान अवसरों को लेकर भी सत्र आयोजित किए जाएंगे। टीएमयू की ओर से हिना हाशमी को को-ऑर्डिनेटर बनाया गया है। हिना का कहना है कि इच्छुक स्टुडेंट्स 8 से 12 अप्रैल तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। स्टार्ट प्रोग्राम में चयन का आधार एप्टीटयूड के अलावा शैक्षणिक प्रदर्शन और मेरिट होगी। इसरो के मानक के अनुरूप टीएमयू में सभी अत्याधुनिक सुविधाएं-स्मार्ट लेक्चर हॉल्स, वातानुकूलित ऑडिटोरियम, हाई स्पीड इंटरनेट आदि उपलब्ध हैं।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के मुख्य कार्यों में देश के लिए अंतरिक्ष संबंधी तकनीक उपलब्ध करवाना व उपग्रहों, प्रमोचक यानों, साउंडिंग राकेटों और भू-प्रणालियों का विकास करना शामिल है। भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम डॉ. विक्रम साराभाई को भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम का जनक कहा गया है। 1957 में स्पूतनिक के प्रक्षेपण के बाद उन्होंने कृत्रिम उपग्रहों की उपयोगिता को भांपा। 1962 में 'अंतरिक्ष अनुसंधान के लिए भारतीय राष्ट्रीय समिति' (इनकोस्पार) का गठन किया गया। इसके सभापति के रूप में डॉ. साराभाई को नियुक्त किया गया।

आज अंतरिक्ष में भारत की सबसे बड़ी कामयाबी का परचम लहरा है। इसरो ने एक साथ रिकॉर्ड 104 सैटेलाइट का प्रक्षेपण कर इतिहास रचा है। प्रक्षेपण के कुछ देर बाद पीएसएलवी-सी37 ने भारत के काटरेसैट-2 श्रृंखला के पृथ्वी पर्यवेक्षण उपग्रह और दो अन्य उपग्रहों तथा 103 नैनो उपग्रहों को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया। भारत ने इससे पहले जून 2015 में एक बार में 57 उपग्रहों को प्रक्षेपण किया था।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**गर्मियां** आते ही बहुत से लोगों को लगता है अब तो बाहर घूमने के दिन आ गए हैं, लेकिन शायद वे यह नहीं समझते कि जरूरत से ज्यादा धूप के संपर्क में रहने से उनके शरीर पर काफी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इस दौरान कुछ सावधानियां बरतना बेहद आवश्यक हो जाता है। ऐसी ही कुछ आदतों के बारे में जानते हैं, जिनमें सुधार लाकर गर्मी के मौसम में स्वस्थ्य रहा जा सकता है। गर्मी के मौसम में सबसे बड़ी आदत जिसमें बदलाव करना चाहिए, वह है पानी पीने की आदत। अगर शरीर को भरपूर मात्रा में पानी न मिले, तो चक्कर आना, थकान और सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है। गर्मी के मौसम में शराब, शक्कर वाले ड्रिंक और कैफीन जैसे पेय पदार्थों के अधिक सेवन से बचें। यह डिहाइड्रेशन के खतरे को बढ़ा सकते हैं। जब प्यास लगे तो ग्लोकोज या फिर नींबू पानी का सेवन करें। प्रोसेस्ड और तले हुए फूड्स, मीठे स्नेक्स और मीठे ड्रिंक्स का अधिक सेवन सीमित कर दें। तले हुए के बजाय ग्रिल्ड या भुने हुए फूड आइटम्स का विकल्प चुनें और स्नेक्स के रूप में ताजे फल और सब्जियों का सेवन करें। स्वस्थ्य शरीर और मन के लिए शारीरिक व्यायाम आवश्यक है। कोशिश करें कि बहुत लंबे समय तक बैठने से ब्रेक लें।

**–नर्वदा देवी, बैजनाथ**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।**
***editoranantgyaan@gmail.com***

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# तेलका के कई गांव आज भी सड़क सुविधा से महरूम

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

जिला चंबा की उपतहसील तेलका की ग्राम पंचायत मोड़ा के कई गांव आज भी सड़क सुविधा से वंचित हैं। जहां भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है तो वहीं आकांक्षी जिला चंबा के यह गांववासी आज भी आदिवासियों की जिंदगी जीने को मजबूर हैं।

हालांकि आजादी के कुछ सालों बाद हिमाचल को पूर्ण राज्य का दर्जा मिला तब से लेकर आज तक कई सरकारें आईं और कई चली गईं, लेकिन आज तक इन लोगों की दुर्दशा पर किसी को तरस नहीं आया। यह एक हैरानी का विषय है?



स्थानीय ग्राम पंचायत के प्रधान एवं कई गांववासियों ने बताया कि उन्होंने इन गांवों को मुख्य मार्ग से जोड़ने हेतु कई बार स्थानीय जिला प्रशासन विधायक एवं सांसद तक गुहार लगाई, किंतु नतीजा आज तक शून्य ही रहा। उन्होंने बताया कि आज तक उन्हें आश्वासनों के सिवाय कुछ नहीं मिला है।

उन्होंने अपने मौजूदा हालातों से अवगत करवाते हुए बताया कि उन्हें अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं का भी पूरा लाभ नहीं मिल पाता। सरकार की जनकल्याणकारी लाभकारी योजनाएं भी यहां पहुंचते-पहुंचते दम तोड़ देती हैं। स्थानीय गांववासी सड़क न होने से आज भी लोग कई किलोमीटर का पैदल फासला तय कर रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं को पीठ पर लादकर घर पहुंचाने को मजबूर हैं। (अनंत ज्ञान)

## मरीज बीच रास्ते में तोड़ देते हैं दम

**आपातकाल** में स्थिति ओर भी बदतर हो जाती है जब मरीज को पालकी में डालकर मुख्य मार्ग तक पहुंचाना पड़ता है। कई मर्तबा समय पर चिकित्सीय सुविधा न मिलने से मरीज बीच राह में दम तोड़ जाते हैं। ग्रामीण रवि कुमार, शक्ति कुमार, माधोराम, प्रकाश कुमार, अमर सिंह, उत्तम सिंह, निधिया राम, बिंदू व सतीश आदि ने बताया कि हलेला, सिधोगा, सैलल-वन गांवों के लिए सड़क सुविधा आज भी सपना बनी हुई है।

## सड़क सुविधा की लगाई गुहार

**लोगों** ने बताया कि चुनावों के समय इन गांवों को सड़क सुविधा से जोड़ने की बात तो राजनेता करते हैं, लेकिन बाद में इस पर कोई कार्रवाई न होने से लोग अब खुद को ठगा महसूस करने लगे हैं। ग्रामीण कई बार इन गांवों को सड़क सुविधा से जोड़ने की मांग भी उठा चुके हैं, मगर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हो पाई है। उन्होंने गांवों को सड़क सुविधा से जोड़कर ग्रामीणों को राहत प्रदान करने की गुहार लगाई है।

# चंबा क्षेत्र में वृद्धजन आइकन हैं प्यार सिंह : एडीएम

**अनंत ज्ञान, चंबा**



105वें जन्मदिन पर प्यार सिंह से बातचीत करते मौजूद प्रशासनिक अधिकारी।

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी राहुल चौहान ने शतायु मतदाता एवं चंबा विधानसभा क्षेत्र के वृद्धजन आइकन सरदार प्यार सिंह को उनके 105वें जन्मदिन के अवसर पर मोहल्ला जनसाली स्थित उनके घर पर जाकर उन्हें जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर उन्होंने प्यार सिंह से उनका कुशलक्षेम जाना तथा उनके जीवन अनुभव के संबंध में विस्तृत चर्चा की। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी राहुल चौहान ने सरदार प्यार सिंह को शॉल भेंट कर सम्मानित और उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंबा मुकेश रेपसवाल की ओर से सम्मान पत्र भी प्रदान किया।

गौरतलब है कि 105 वर्षीय सरदार प्यार सिंह पूर्व में शिक्षक रहे हैं तथा उन्होंने सेवा काल के दौरान अपने निर्वाचन संबंधी दायित्व का बखूबी निर्वहन करने के अलावा सेवानिवृत्ति के पश्चात निरंतर प्रत्येक चुनाव में मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है।

इस अवसर पर वृद्धजन आइकन सरदार प्यार सिंह ने जिला के समस्त मतदाताओं से लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपमंडल अधिकारी अरुण शर्मा, अरविंद सिंह और नोडल अधिकारी चंबा विधानसभा क्षेत्र अविनाश पाल उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### विद्यार्थी करेंगे ऐतिहासिक धरोहरों का भ्रमण

**चंबा।** राजस्थान की ऐतिहासिक धरोहरों का चंबा जिले के 52 वोकेशनल विषय के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण करेंगे। शैक्षणिक भ्रमण के लिए विद्यार्थियों का दल अध्यापकों सहित चंबा से राजस्थान के लिए रवाना हुआ। यह जानकारी जिला वोकेशनल समन्वयक केवल शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि सरकार प्रत्येक स्कूल से अच्छा कार्य करने वाले विद्यार्थियों का चयन किया गया था। इन्हीं बच्चों को भ्रमण के लिए ले जाया गया है। इसमें 31 छात्र और 21 छात्राएं शामिल हैं।

### सरकारी व निजी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र शुरू

**चंबा।** जिले के सरकारी और निजी स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया आरंभ हो गई। बच्चों के स्कूलों में दाखिले करवाने को लेकर अभिभावक बच्चों सहित स्कूल में पहुंच रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने के बाद बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है। अभिभावक बच्चों के लिए पढ़ाई का सामान जैसे किताबें, कॉपियां, वर्दी, जूते खरीदने को पहुंच रहे है। वहीं, दूसरी तरफ नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने के चलते स्कूलों में प्रार्थना सभाएं शुरू हो गई हैं। कियाणी स्कूल में बच्चे प्रार्थना करते दिखे।

### मंडी में यीशु मसीह का पुनरुत्थान दिवस मनाया



**मंडी।** प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान दिवस के उपलक्ष्य पर पास्टर जनक राज की अगुवाई में कलीसिया क्राइस्ट मेथोडिस्ट चर्च की ओर से राम नगर में पहला यूनाइटेड ईस्टर समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पास्टर सेमसन रमेश नाथ और सिस्टर एस्थर फरीदा नाथ जो दिल्ली से आये थे उनके द्वारा शुरू किया गया।

### एनटीपीसी कोलडैम में स्वरोजगार प्रशिक्षण



**सुंदरनगर।** एनटीपीसी कोलडैम द्वारा परियोजना प्रभावित क्षेत्र की महिलाओं के लिए सीएसआर कार्यों के अंतर्गत एनएसआईसी मंडी के सहयोग से कसोल गांव में चलाए जा रहे छह माह के कढ़ाई एवं वस्त्र उत्पाद कोर्स का सफलतापूर्वक समापन हुआ। समापन में मानव संसाधन एनटीपीसी कोलडैम उमेश कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए।

# चंबा की तंग सड़कों पर सफर 'रिस्की'

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला चंबा के शहर की चरमराई ट्रैफिक व्यवस्था लोगों के लिए सिरदर्द साबित हो रही है। शहर के विभिन्न हिस्सों में वाहनों के लंबे जाम से लोगों की आवाजाही रिस्की होकर रह गई है।

जाम के बोझ से सिकुड़ी शहर की सड़कों पर कई मर्तबा राहगीर वाहन की चपेट में आकर उपचार के लिए मेडिकल कालेज पहुंच चुके हैं। शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने को लेकर पार्किंग स्थल निर्माण की कवायद भी अदालती रोक के चलते बीच अधर में लटक गई है।

चंबा उपमंडल में ही औसतन हर माह तीन से चार सौ दोपहियां व चौपहियां वाहन पंजीकृत हो रहे हैं। शहर में वाहनों की दिन-प्रतिदिन बढ़ती भीड़ के बीच पार्किंग स्थलों की कमी अब गंभीर समस्या का रूप लेती जा रही है।



लगा हुआ जाम जिससे वाहन चालक व राहगीर परेशान हैं।

## वाहनों को खुले स्थान पर करें पार्क : एसडीएम अरुण

उधर एसडीएम चंबा अरुण शर्मा का कहना है कि यातायात पुलिस द्वारा शहर परिसर में यातायात जाम समस्या से निपटने के चालान प्रक्रिया अमल लाई जा रही है। उन्होंने वाहन चालकों से अनुरोध किया कि वाहनों को खुले स्थान पर पार्क करें, ताकि अन्य राहगीरों को परेशानी के दौर से न गुजरना पड़े।

## पार्किंग न होना जाम का कारण

**पार्किंग** स्थलों की कमी से बाहरी राज्यों व जिला के अन्य हिस्से से आने वाले चालकों के प्रतिबंधित हिस्से में वाहन पार्क करने से ट्रैफिक जाम के चलते लोगों को आवाजाही में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार चंबा जिला में चौपहियां वाहनों के लिए शहर में राजीव गांधी कांपलेक्स के धरातल और पुराने बस अड्डे परिसर में पार्किंग की अधिकृत सुविधा उपलब्ध है। मगर वाहनों की बढ़ती संख्या के आगे यह स्थल नाकाफी साबित हो रहे हैं। शहर के भीड़ भड़ाके वाले हिस्से में तो पैदल आवाजाही हाई रिस्क पर पहुंच गई है। पार्किंग स्थल में जगह न होने से चालक जहां मन किया वहां वाहन खड़ा कर रहे हैं। इस कारण भूरी सिंह संग्रहालय से लेकर मेडिकल कालेज के मेन गेट तक जाम की समस्या से लोगों को जूझना पड़ रहा है।

# सहायक आयुक्त को भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य जय सिंह ने सौंपा ज्ञापन



सहायक आयुक्त को ज्ञापन सौंपते जयसिंह व साथ हैं अन्य।

**आर रांगड़ा, चंबा**

पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा बाया पक्काटाला-बालू में भूस्खलन रोकथाम को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जय सिंह की अगुआई में भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने सहायक आयुक्त पीपी सिंह को ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य जयसिंह ने प्रतिनिधिमंडल की ओर से बताया कि जब मोहल्ला पक्का टाला से नीचे रोड से गुजरते हैं तो वहां पर भूस्खलन होता रहता है और पत्थर गिरते रहते हैं, जिससे वहां गुजरने वाले लोगों को नुकसान हो सकता है। सरकार ने फरवरी 2023 को 3 करोड़ 23 लाख रुपए इस लैंडस्लाइड घार में सीमेंट का स्प्रे व अन्य कार्य के लिए मंजूर किया था, लेकिन लोक निर्माण विभाग का रवैया इस बारे में सकारात्मक नहीं है।

उन्होंने कहा कि हमने पहले भी एक शिकायत पत्र थाना चंबा में दिया था। उसमें हमने निवेदन किया था कि उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए और एफआईआर दर्ज की जाए, लेकिन आज दिन तक लोक निर्माण विभाग व ठेकेदार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

उन्होंने कहा कि इस मांग को लेकर कल से पक्काटाला मार्ग पर जहां से पत्थर गिरते हैं, उस स्थान पर भूख हड़ताल करेंगे, अगर वहां पर कोई अनहोनी दुर्घटना होती है तो उसका जिम्मेदार लोक निर्माण विभाग ठेकेदार पुलिस विभाग और जिला प्रशासन होगी।

इस मौके पर भाजपा प्रदेश, जिला व उपमंडल पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

## सूरजपुर बाड़ी में दंगल सात को

**सरकाघाट।** पंचायत के सूरजपुर बाड़ी के लखदाता मंदिर परिसर में विशाल कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 7 अप्रैल को किया जाएगा। लखदाता छिंज कमेटी के अध्यक्ष विजय गुलेरिया ने बताया कि इस प्रतियोगिता में दिल्ली पंजाब हरियाणा राजस्थान जम्मू-कश्मीर चंडीगढ़ और हिमाचल के नामी गिरामी पहलवान अपना जौहर दिखाएंगे।
उन्होंने इस विशाल दंगल में आसपास के सभी लोगों से भाग लेने का आग्रह किया है।

## 15 तक करवाएं कुत्तों का पंजीकरण

**मंडी।** शहर में यूं तो सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाता है, लेकिन शहर की गलियों में रोज कुत्तों द्वारा मल किया जाता है, जिनमें से कुछ लोगों द्वारा पाले गए है और कुछ आवारा कुत्ते भी है। जिसके चलते शहर में कुछ लोग पालतु कुत्तों का पंजीकरण नहीं करवा रहे है जिसको लेकर मंडी नगर निगम कुत्तों के पंजीकरण के निर्देश जारी कर दिए गए है, जिसमें नगर निगम मंडी परिधि क्षेत्र में जिन व्यक्तियों द्वारा अपने घरों में पालतू कुत्ते पाल रखे हैं और जिन लोगों ने 2023 में पंजीकरण किए हैं और जिनकी वैधता 31 मार्च 2024 को समाप्त हो गई है। उनको 15 अप्रैल 2024 तक उक्त लाइसेंस/पंजीकरण व नवीनीकरण करवाना होगा। पिछले वर्ष करीब 150 कुत्तों का पंजीकरण किया गया था।

# कुलाल को मिला उत्कृष्ट स्कूल प्रबंधन समिति अवार्ड



प्रबंधन समिति से अवार्ड प्राप्त करते अध्यापक।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजकीय प्राथमिक पाठशाला कुलाल को चौथी बार उत्कृष्ट स्कूल प्रबंधन समिति का अवार्ड मिला है। शिक्षा खंड पांगी के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला कुलाल को लगातार चौथे वर्ष स्कूल प्रबंधन समिति का प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आवासीय आयुक्त रितिका जिंदल तथा शिक्षा खंड आधिकारी कर्म चंद ठाकुर मौजूद रहे और उन्होंने कुलाल की एसएमसी को पुरस्कृत किया गया।
अध्यापक सुरेंद्र शर्मा भी मौजूद रहे उन्हें भी लगातार दूसरी बार बेस्ट टीचर का अवार्ड मिला और उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया।

# भरमौर में 'स्वीप' गतिविधियां होंगी तेज : एसडीएम

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

जिला चंबा के जनजातीय उपमंडल भरमौर में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मिशन 414 के तहत स्वीप गतिविधियों में तेजी लाने के उद्देश्य से एक बैठक का आयोजन किया गया।

सहायक रिटर्निंग अधिकारी व एसडीएम भरमौर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में क्षेत्र में गत लोकसभा चुनावों के दौरान कम मतदान प्रतिशतता वाले मतदान केंद्रों में विशेष मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन बारे विस्तृत चर्चा की गई तथा इस संबंध में पूर्व में आयोजित गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।

बैठक में एसडीएम भरमौर ने बताया कि आगामी लोकसभा



बैठक के दौरान मौजूद एसडीएम भरमौर व अन्य अधिकारी।

## एसडीएम ने स्वीप टीम को दिए दिशा-निर्देश

चुनाव के दृष्टिगत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए भरमौर क्षेत्र को तीन सैक्टरों में विभाजित किया गया है, जिसके तहत होली, भरमौर और धरवाला क्षेत्र शामिल हैं।

ऐसे में मतदाता जागरूकता से संबंधित मुहिम को और अधिक कारगर करने की आवश्यकता है ताकि हर पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल हो सके तथा मिशन-414 के तहत चिह्नित किए गए मतदान केन्द्रों में कम से कम 75 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हो सके।उन्होंने बताया कि इस अभियान में वह खुद भी शामिल होंगे व जिला निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य जिला अधिकारी भी शामिल होंगे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनके अधीन हर कर्मचारी का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो तथा वे लोकसभा चुनाव में मताधिकार का प्रयोग करें।

उन्होंने खंड विकास अधिकारी, सीडीपीओ, शिक्षा विभाग बीएओ, बीएलओ, सुपरवाइजर और हैल्थ सुपरवाइजर को निर्देश दिए कि इस अभियान में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूहों, युवक मंडलों, महिला मंडलों, पंचायती राज प्रतिनिधि सहित उन सभी संस्थाओं को जोड़ा जाए जो बूथ स्तर पर काम कर रही हैं।

## छात्रों को बताया मतदान का महत्व



**सरकाघाट।** सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा द्वारा सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर छूटे हुए मतदाताओं का विशेष नामांकन अभियान हांऊ भी हुआ 18 साला रा जवान, सबी साऊगी मा भी करना मतदान प्रारंभ किया गया है। इस दौरान उन्होंने छात्रों को मतदान के प्रति जागरूक भी किया।

# सुकेती खड्ड से शव बरामद

**अनंत ज्ञान, मंडी**

मंडी शहर के पुलघराट के 150 मीटर की दूरी पर सुकेती खड्ड में देर सांय एक अज्ञात सव नंदी में लोगों ने देखा तो अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी जिस पर पुलिस की टिम ने तुरंत प्रभाव से शव को बाहर निकाला और उसे पोस्टमार्टम के लिए जोनल अस्पताल ले जाया गया। मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी सागर चंद्र ने बताया कि शव को शिनाख्त के लिए शव गृह में रखा गया है।

## सूडोकु 0024 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0023 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## बच्चों की मॉकड्रिल



मॉकड्रिल के दौरान बच्चे आपदा प्रबंधन के गुर सिखते हुए।

# बच्चों ने सीखे आपदा प्रबंधन के गुर

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

स्कूल आपदा प्रबंधन के अंतर्गत प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नागली जिला चंबा हिमाचल प्रदेश की अध्यक्षता मॉकड्रिल का आयोजन स्कूल में करवाया गया। इस दौरान विद्यालय में हूटर बजते ही सभी बच्चे और अध्यापक सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए कोई डेस्क के नीचे तो कोई मेज के नीचे सिर ढकते नजर आए।

### नागली स्कूल में करवाई मॉकड्रिल

आपदा प्रबंधन समिति प्रभारी अविनेश कुमार ने बताया कि इस ड्रिल में प्रधानाचार्य महोदय के साथ अध्यापक, प्राध्यापक सदस्य और स्कूल के सभी विद्यार्थियों ने इस ड्रिल में भाग लिया। मॉकड्रिल करवाने से पहले विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया, जिनमें हेड काउंट कमेटी में वरिष्ठ अध्यापक संदीप राज राठौड़ और फिरोज कुमार ने भाग लिया। निष्क्रमण कमेटी में अध्यापक सुधीर सिंह बलोरिया अनिल कुमार और छात्रा कृतिका ने भाग लिया। राहत एवं बचाव कमेटी में अध्यापिका सविता, अश्विनी कुमार और छात्रा सुमन ने भाग लिया।

## आज का पंचांग

6 अप्रैल, 2024, शनिवार

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :** 1945 (शोभकृत), **मास :** चैत्र, **तिथि** द्वादशी: (10:21) **: नक्षत्र :** शतभिषा (3:40), **पक्ष :** कृष्ण, **योग:** शुभ (06:54) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:58-12:48), राहुकाल (9:14 -10:48)।

**विशेष दिन**

- 6 अप्रैल 2024 : शनि प्रदोष व्रत आज।
- 7 अप्रैल 2024 : मासिक शिवरात्रि कल।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष :** बोलने से पहले सोचें। आज दुखद समाचार मिल सकता है। कारोबार में विवेक से कार्य करें, लाभ होगा। थोड़े प्रयास से अधिक लाभ होगा।

**वृषभ:** कम बोलें पर अच्छा बोलें। आज कई स्त्रोतों से धनलाभ संभव है। घर-परिवार की चिंता से तनाव रहेगा। निजी कार्यों से भागदौड़ होगी।

**मिथुन:** समय की अनुकूलता का आभास होगा। बड़े सौदों के लिए समय शुभ है। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। आर्थिक लाभ होगा।

**कर्क :** पसंदीदा भोजन का आनंद मिलेगा। दोस्तों के साथ यात्रा होगी। नौकरी में परिश्रम निरर्थक होगा। लापरवाही से लाभ के अवसर हाथ से निकलेंगे। विवाह प्रयास सफल रहेंगे।

**सिंह :** दिन की शुरुआत में आलस की अधिकता रहेगी। करियर के प्रति निर्णय लेने में संकोच रहेगा। धन प्राप्ति सुगमता से होगी। यात्रा सफल रहेगी। न्यायपक्ष मजबूत होगा।

**कन्या :** रोजगार के प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कार्यस्थल परिश्रम अधिक होगा। बुजुर्गजनों को पुरानी व्याधि से कष्ट होगा।

**तुला :** नई व्यापारिक योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार की आवश्यकता है। राजकीय सहयोग मिलेगा, उन्नति होगी। मनमुटाव हो सकता है।

**वृश्चिक:** जिम्मेदारी को समझें। गृहस्थ सुख मिलेगा। आज धनलाभ होगा। व्यवसायिक प्रतिद्वंद्वी शांत रहेंगे। आलस्य की अधिकता से कार्यों में विलंब होगा।

**धनु :** बातों से लोगों का दिल जित लेंगे। संतान के लिए समय अनुकूल है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे।

**मकर:** आज का दिन प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। आज की गई यात्रा-निवेश सफल रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी, जोखिम न लें।

**कुंभ :** न चाहते हुए भी फालतू खर्च बढ़ेगा। मामूली चोट, विवाद आदि से हानि संभव है। कुसंगति कष्टकारक रहेगी, जोखिम न लें। तीर्थयात्रा संभव है।

**मीन :** निवेश शुभ रहेगा। स्वजनों के साथ पार्टी-पिकनिक का आनंद मिलेगा। काम की अधिकता रहेगी। झूठ बोलने से बचें।

**अव्यवस्था** कश्मीर यूं तो किसी जन्नत से कम नहीं, पर हिमाचल भी किसी से कम नहीं लेकिन-

# कोरोना ने रोका जम्मूहार पर्यटन स्थल का प्रपोजल

**आरके रांगड़ा, चंबा**

कश्मीर यूं तो किसी जन्नत से कम नहीं लेकिन हिमाचल में भी ऐसी पहाड़ियां हैं जिनकी खूबसूरती भी किसी से कम नहीं है। इसी क्रम में बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म ताल से पहचान पाने वाला जम्मूहार क्षेत्र भी है।

इसके लिए साल 2020 में करीब पांच करोड़ रुपए का प्रपोजल तैयार कर सरकार को भेजा गया था लेकिन कोरोना के चलते लॉकडाउन लग गया, जिसके चलते स्थानीय लोगों को भी इसका कहीं न कहीं नुकसान झेलना पड़ा। (अनंत ज्ञान)

### लोगों को भी झेलना पड़ रहा इसका नुकसान



जम्मूहार का वह पर्यटन स्थल जिसे विकसित किया जाएगा।

## पर्यटकों के लिए की जानी हैं कई व्यवस्थाएं

गौर हो कि जिला मुख्यालय चंबा से करीब 14 किलोमीटर की दूरी पर स्थित जम्मूहार को निखारने के लिए भव्य मुख्यद्वार सहित अगाहर से बड़ी जम्मूहार तक पैदल ट्रैक बनाने, वेंडिंग जोन स्थापित करने, स्ट्रीट लाइट लगाने सहित पर्यटकों को बैठने के लिए बेंच की व्यवस्था करने के अलावा अन्य कार्य किए जाने थे। वर्ष 2020 में इसे उक्त योजना के तहत शामिल तो किया गया, लेकिन इसके बाद इस पर कोई भी कार्य नहीं हो पाया। इस कारण यह क्षेत्र विकास में पिछड़ गया है।

**अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव**

## विकसित होने पर बढ़ेंगे पर्यटक

**जम्मूहार** पर्यटन की दृष्टि से विकसित हो तो यहां पर्यटक आकर्षित होंगे। बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म ताल से पहचान पाने वाले देवदार के घने पेड़ों से ढके जुम्महार को निखारने के लिए स्थानीय लोगों की ओर से लगातार आवाज उठाई जाती रही है।

## जम्मूहार को उभारने के लिए उठाएं जाएंगे उचित कदम : एसडीएम अरुण

**इस** संदर्भ में एसडीएम चंबा अरुण शर्मा का कहना है कि पूर्व में पर्यटक स्थल जम्मूहार को उभारने के तैयार प्रपोजल फाइल के संदर्भ में पर्यटन विभाग से बातचीत कर उचित कदम अवश्य उठाएं जाएंगे, ताकि चलों चंबा अभियान योजना में शामिल कर जम्मूहार स्थल को प्रदेश सहित बाहरी राज्यों के पर्यटकों से रू-ब-रू करवाया जा सके।

## न्यूज ब्रीफ


कुल्लू के गांव पुईद के शहीद पैरा ट्रूप्पर कमांडो बालकृष्ण के बलिदान दिवस पर उनके घर पर पूर्व सर्विसमैन सूरत राम व अन्य लोग श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए।

### एसडीएम ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण


एसडीएम बंजार पंकज मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए।

**बंजार।** लोकसभा चुनावों के नजदीक आते ही एडीएम बंजार पंकज शर्मा की ओर से लोकसभा निर्वाचन-2024 के बंजार 24 विधानसभा के अंतर्गत पड़ने वाले मतदान केंद्रों का निरीक्षण शुरू कर दिया गया है। एसडीएम बंजार पंकज शर्मा ने बंजार विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र लारजी, शलवार, तलाड़ा, सैंज, शांघड़ आदि का निरीक्षण किया और बूथ लेवल अधिकारियों व स्कूल के मुख्याध्यापकों को निर्देश दिए कि आगामी लोकसभा चुनाव से पहले उपरोक्त मतदान केंद्रों में बिजली, पानी, शौचालय व अन्य मूलभूत सुविधाओं को सही से उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें साथ ही उन्होंने स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं जैसे की सफाई, टॉयलेट्स, मि-डडे मील, क्लासरूम आदि का निरक्षण किया और इस बात पर जोर दिया कि बच्चे देश का भविष्य हैं और अच्छी शिक्षा के साथ-साथ यह हमारा कर्तव्य है कि हम बच्चों में अच्छे संस्कार भी डालें।

### लोकतंत्र में मतदान के महत्व को समझाया



मौहल पंचायत में आयोजित चुनावी पाठशाला कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**कुल्लू।** मतदाताओं को मतदान के महत्त्व के बारे में बताने के लिए पंचायत मौहल में लगी चुनावी पाठशाला का आयोजन किया गया। चुनावी पाठशाला का आयोजन विधानसभा कुल्लू स्वीप टीम के नोडल अधिकारी रमन जैन ने किया। नेहरू युवा केंद्र के डिप्टी डायरेक्टर व जिला स्वीप टीम के नोडल अधिकारी लाल सिंह ने शिरकत की। इस अवसर पर लोगों को लोकतंत्र में प्रत्येक मत व मतदाता के महत्व को समझाया और लोकतंत्र के प्रति आस्था व जागरूकता बढ़ाने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में लोगों से संवाद किया और मौके पर ही नए वोट बनाए गए। इस कार्यक्रम में सीडीपीओ कुल्लू गजेंद्र ठाकुर जिला स्वीप टीम की ओर से श्यामलाल हांडा, प्रीतम सिंह, गिरधारी लाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# कोकसर पहुंचने लगे पर्यटक, दो सौ वाहन पहुंचे

## पर्यटन स्थल सिस्सू व धुंधी मैदान बना सैलानियों की पहली पसंद, पार्किंग व्यवस्था न होने से सिस्सू भेजी जा रहीं गाड़ियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल घाटी के विभिन्न पर्यटन स्थलों में रौनक लौटने लगी है। वहीं, कोकसर में भी पर्यटकों का मेला लगा है। बीआरओ द्वारा कोकसर तक सड़क बहाल कर दी गई है।

बीआरओ कोकसर बहाली के बाद रोहतांग दर्रे की ओर बढ़ गया है। कोकसर के बहाल होते ही पर्यटक भी पहुंचना शुरू हो गए हैं। शुक्रवार को दो सौ से अधिक पर्यटक वाहन कोकसर पहुंचे। हालांकि पार्किंग व्यवस्था न होने से प्रशासन पर्यटकों को सिस्सू की ओर ही भेज रहा है, लेकिन पर्यटक अब कोकसर भी दस्तक देने लगे हैं। इन दिनों पर्यटन स्थल सिस्सू व धुंधी मैदान सैलानियों की पहली पसंद बना हुआ है। सोलंगनाला में बर्फ की सफेदी चादर उड़ गई है। हालांकि अंजनी महादेव व फातरु में बर्फ के दीदार हो रहे हैं, लेकिन पर्यटक लाहौल घाटी को ही प्राथमिकता दे रहे हैं। सोलंगनाला के सभी पर्यटन कारोबारी धुंधी पहुंच गए हैं। कोकसर के पर्यटन कारोबारी रतन, दोरजे, पलजोर व रोहित ने बताया कि शुक्रवार को दो सौ से अधिक पर्यटक वाहन कोकसर पहुंचे। खिली धूप के बीच पर्यटकों ने दिन भर बर्फ में खेलने का आनंद लिया। कोकसर में भी पर्यटकों का मेला लगने लगा है। दूसरी ओर एक हजार पर्यटक से अधिक वाहन धुंधी, अटल टनल के साउथ पोर्टल व सिस्सू पहुंचे। आने-जाने वाले पर्यटक अटल टनल के नार्थ पोर्टल में फोटोग्राफी का आनंद ले रहे हैं। उधर, पुलिस अधीक्षक लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने बताया कि कोकसर में पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है। पार्किंग व्यवस्था होते ही पर्यटकों को कोकसर की ओर भेजा जाएगा। लाहौल घाटी में पर्यटक घूमने का आनंद ले रहे हैं।


कोकसर में लगा पर्यटकों का मेला।

### पर्यटकों के लिए जल्द बहाल होगा गुलाबा

पर्यटन नगरी मनाली में सैर सपाटे के लिए पहुंच रहे पर्यटक अब रोहतांग मार्ग पर गुलाबा तक जा सकेंगे। जल्द ही प्रशासन इस मार्ग को गुलाबा तक पर्यटकों के लिए बहाल कर देगा। सड़क से बर्फ हटा दी गई है। हालांकि, सड़क मस कलवर्ट लगाने और मरम्मत कार्य चले होने से एक दो दिन का समय लग सकता है। बर्फबारी के कारण रोहतांग दर्रा बदं है। लाहौल के कोकसर और मनाली की ओर से बर्फ हटाने का कार्य जारी है। मनाली की ओर से बिरो की टीम गुलाबा से आगे निकल गई है। लिहाजा, अब पर्यटकों को गुलाबा तक भेजा जा सकता है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि कोठी में स्थापित पुलिस बैरियर को जल्द शिफ्ट किया जाएगा। गुलाबा में इसका प्रबंध किया जा रहा है। रहने व पानी आदि की व्यवस्था का जायजा लेने के बाद चौकी शिफ्ट की जाएगी। बर्फ के लिहाज से सड़क यातायात के लिए ठीक है, लेकिन मरम्मत और कलवर्ट का कार्य चला हुआ है। इससे यातायात प्रबंधन में दिक्कतें आ सकती हैं। निरीक्षण कर एक दो दिन में पर्यटकों को कोठी से गुलाबा भेजा जा सकता है।

# कोल्ड चेन से किसान-बागवानों को मिलेंगे उत्पादों के सही दाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू के मौहल में इंडियन कोल्ड चेन कॉन्क्लेव 2.0 का आयोजन हुआ। इस कॉन्क्लेव का आयोजन स्माइल रिजॉर्ट में इंडियन कोल्ड स्टोर कंपनी व इसरे संस्था की ओर से किया गया और यहां जिले भर के प्रगतिशील किसान व बागवानों ने भाग लिया। इस अवसर पर बागवानों व किसानों को कोल्ड स्टोर निर्माण कर अपने उत्पादों की सही कीमत हासिल करने के बारे जागरूक किया गया।

अब किसान व बागवानों अपने स्तर पर भी कोल्ड स्टोरों का निर्माण कर सकते हैं और सरकार से मिलने वाली 50 फीसदी सब्सिडी का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। यही नहीं छोटे व मध्यम वर्ग के किसान व बागवानों समूह या क्लस्टर बनाकर भी इन कोल्ड स्टोरों का निर्माण कर सकते हैं। इंडियन कोल्ड स्टोर के ऑर्गेनाइजर आशीष गुप्ता व सीओ आशीष ने बताया कि कोल्ड चेन से किसान व बागवानों को अपने उत्पादों की सही कीमत मिलेगी। सेब, प्लम, नाशपती व टमाटर की घाटी कुल्लू जिले में इस तरह के कोल्ड स्टोर न होने के कारण किसान व बागवानों के उत्पाद भारी मात्रा में मार्केट में उतर जाते हैं, जिस कारण उत्पादों के दाम घट जाते हैं। कई बार तो पानी के भाव उत्पाद बिक जाते हैं, जिस कारण किसानों को नुकसान झेलना पड़ता है।


इंडियन कोल्ड चेन कॉन्क्लेव 2.0 में मुख्यातिथि पहुंचे अवॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस नकुल के साथ आयोजक।

# एनएच-3 की मरम्मत बनाएं सुनिश्चित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

डीसी तोरुल एस रवीश ने शुक्रवार को एनएचएआई भारतीय राष्ट्र उच्च मार्ग प्राधिकरण व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए एनएचएआई के अधिकारियों को पर्यटन सीजन आरंभ होने से पूर्व एनएच-तीन टकोली से मनाली तक के सभी संवेदनशील स्थलों की मरम्मत सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए, ताकि यहां आने वाले पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों को किसी प्रकार की कठनाइयों का सामना न करना पड़े।

डीसी ने देवधार व बनोतर में भूस्खलन से एनएच को हो रहे नुकसान को रोकने के लिए अल्पकालिक व दीर्घकालिक योजना व रणनीति तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएचएआई से एनएच-तीन के क्षतिग्रस्त स्थलों के बारे में जानकारी हासिल की तथा एनएचएआई की ओर से किए जा रहे कार्य की जानकारी हासिल की। बैठक में जानकारी देते हुए एनएचएआई के अधिकारियों ने कहा कि देवधार व बनोतर में भूस्खलन को रोकने के लिए सर्वेक्षण के बाद एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के आधार पर निविदाएं आमंत्रित कर ली गई हैं तथा आचार संहिता की समाप्ति के उपरांत कार्य आरंभ कर दिया जाएगा। फोरलेन के निर्माण होने के इतनी अवधि के बाद अब कुछ लोग सड़क निर्माण वाली भूमि पर अपने स्वामित्व के दावे कर मुआवजे की मांग कर रहे हैं। बैठक में कुल्लू से मनाली सड़क पर 11 ऐसे स्थान चिन्हित किए गए हैं, जहां पर बाढ़ से क्षति होने के उपरांत सड़क का महत्वपूर्ण हिस्सा बह गया है।


डीसी ने एनएचएआई व पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ की बैठक।

### डीसी ने मलबा हटाने के दिए निर्देश

**कुल्लू।** डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने डीसी कार्यालय में सभी एसडीएम के साथ बैठक की। बैठक के दौरान डीसी ने अपने अपने कार्यक्षेत्र में गत वर्ष आई बाढ़ से भरे हुए मलबे ड्रेजिंग एवं स्पीकिंग करने को लेकर महत्वपूर्ण स्थानों को चिन्हित कर यहां आवश्यक कार्यों को शीघ्र अमली जामा पहनाने के निर्देश दिए, ताकि अगले मानसून से पहले इन स्थानों को सुरक्षित कर के बाढ़ से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। चोज नाला के लिए एसडीएम कुल्लू, वन विभाग के अधिकारियों सहित सभी संबंधित अधिकारी संयुक्त निरीक्षण कर के ड्रेजिंग प्लान तैयार करें।

# मुख्यमंत्री पद के अनुरूप नहीं सुक्खू की भाषा : शौरी

**अनंत ज्ञान, बंजार**



ऊना की एक जनसभा में मुख्यमंत्री सुक्खू की ओर से दिए बयान पर बंजार से विधायक सुरेंद्र शौरी ने मुख्यमंत्री को नसीहत देते हुए कहा कि प्रदेश के मुखिया अपने दिल और दिमाग को थोड़ा बड़ा करें।

आगामी चुनावों में लगातार पिछड़ने से लगता है कि मुख्यमंत्री भारी दबाव में हैं, जिस कारण वे अपने दिमाग और जुबान में समन्यव खो चुके हैं। मुख्यमंत्री पद की एक गरिमा होती है और इस पद पर बैठे व्यक्ति को हमेशा इसके अनुरूप ही व्यवहार करना चाहिए। सीएम लगातार बिना सोचे समझे जो मन में आ रहा है बयान दिए जा रहे हैं और भूल गए हैं कि वे किस पद पर बैठे हैं। उनके बयानों में व्यावहारिकता की कमी है और जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी से पल्ल झाड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू की कार्यप्रणाली और व्यवहार के कारण ही चालीस विधायकों वाली कांग्रेस पार्टी आज 34 पर पहुंच गई है। इस प्रकरण से मुख्यमंत्री की क्षमता पर भी बड़ा प्रश्नचिह्न प्रदेश की जनता द्वारा लगाया जा रहा है। प्रदेश सरकार की लगातार गिर रही साख की खीझ मुख्यमंत्री के बयानों से झलक रही है। भुट्टो को कूटो जैसे बयान शांतिपूर्ण प्रदेश की परंपराओं के साथ मेल नहीं खाते और अराजकता को बढ़ावा देने वाले हैं।

# भाजपा का चुनावी शंखनाद, कांग्रेस में टिकट को घमासान

## रवि ठाकुर के पक्ष में एकजुट होने लगा लाहौल-स्पीति भाजपा का कुनबा, कांग्रेस में दिख रहा बिखराव

**कमलेश वर्मा, केलांग**



लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं।

भाजपा ने जहां लाहौल-स्पीति से पूर्व विधायक रवि ठाकुर को चुनावी मैदान में उतारा है और अब शनिवार से भाजपा लाहौल घाटी से चुनावी शंखनाद करने जा रहा है। वहीं, कांग्रेस में अभी तक प्रत्याशी को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। कांग्रेस की ओर से अभी तक यहां पर घमासान चला हुआ है। दावेदारों की सूची भी रोजाना बढ़ती जा रही है। लिहाजा, भाजपा ने जहां प्रत्याशी को मैदान में उतारकर शनिवार से चुनावी अभियान का शंखनाद करने जा रही है। वहीं, भाजपा आज उपचुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों को लेकर मंथन करने जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### आज कांग्रेस की बैठक

लाहौल-स्पीति की जिला मुख्यालय केलांग के मेंटोलिंग होटल में ( ओल्ड बस स्टैंड ) आज बैठक का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के इच्छुक उम्मीदवारों को लेकर मंथन किया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ज्ञाल्सन ठाकु ने पार्टी के सभी ही जिला कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों, तीनों ब्लॉक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस व सभी फ्रंटल के जिला अध्यक्षों, पदाधिकारियों व सक्रिय कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि सभी को इस बैठक में अनिवार्य रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज करें, ताकि बैठक का मुख्य उद्देश्य पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में सभी इच्छुक उम्मीदवारों में आपसी तालमेल बिठा कर जिला कांग्रेस कमेटी से पार्टी की ओर से किसी एक ही नाम का चयन हो सके।

### स्थापना दिवस पर होगा अभियान का आगाज

आज लाहौल में भाजपा स्थापना दिवस के दिन भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर का लाहौल-स्पीति में भव्य स्वागत किया जाएगा। पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर भी रवि ठाकुर के साथ विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही चुनाव प्रचार अभियान शुरू कर दिया जाएगा। ठाकुर भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र बौद्ध ने कहा कि लाहौल-स्पीति भाजपा पार्टी हाई कमान के आदेश पर भाजपा प्रत्याशी रवि के लिए चुनाव प्रचार में एकजुट होकर काम करेगी।

### मंत्री नेगी और सुंदर रहेंगे मौजूद

इस बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में मंत्री जगत सिंह नेगी ओर मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर विशेष रूप से पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### कार्यकारिणी की भंग

अखिल भारतीय युवा कांग्रेस ने प्रदेश में हुए राजनीतिक घटनाक्रम को देखते हुए लाहौल-स्पीति की जिला कार्यकारिणी के साथ उदयपुर ब्लॉक और केलांग ब्लॉक की कार्यकारिणी भंग कर दी है। युवा कांग्रेस के निर्वाचित अध्यक्ष अजीत लेकी अपने पद पर बने रहेंगे। शीघ्र ही संगठन में ऐसे लोगों की तैनाती कर दी जाएगी, जो संगठन के प्रति समर्पित रहे हैं। संगठन की मजबूती में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो।

# मतदान केंद्र-73 पंचायत घर शिरढ़ में स्थानांतरित

**कुल्लू।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तोरुल एस रवीश ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदान केंद्र 73- शिरढ़ को राप्रापा शिरढ़ से पंचायत घर शिरढ़ में स्थानांतरित किए जाने के प्रस्ताव पर बैठक की। मतदान के दिन एक जून को शिरढ़ स्कूल के परिसर में शिरढ़ मेला काहिका का आयोजन किया जाएगा, जिससे मतदान केंद्र में भीड़भाड़ होने की संभावना है, इसलिए वर्तमान मतदान केंद्र 73- शिरढ़ को राप्रापा शिरढ़ से पंचायत घर शिरढ़ में स्थानांतरित किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तावित भवन मतदान क्षेत्र के भीतर आता है व इसमें सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं तथा यह धरातल मंजिल में स्थित है।



अनंत ज्ञान

# नारी शक्ति विशेष




## गृहिणी का अपने परिवार के प्रति निस्वार्थ समर्पण अमूल्य

एक गृहिणी यानी हॉउस वाइफ की जिंदगी संघर्ष, समझौता और त्याग की परतों में लिपटा होता है, जहां पर शायद कोई समझ नहीं सकता है एक महिला अपनी पूरी जिंदगी एक परिवार को संवारने में लगा देती है। इसलिए गृहिणियों को अगर सुपर वुमन कहा जाए, तो गलत नहीं होगा क्योंकि जो काम गृहिणियां करती हैं वो कोई और नहीं कर सकता। एक महिला जब अपना नाम, अपनी पहचान और अपने खून के रिश्तों को पीछे छोड़ एक ऐसे परिवार का हिस्सा बनती है, जहां पर वो सिर्फ अपने पति के अलावा किसी को नहीं पहचानती, तो ऐसे में एक महिला में हिम्मत की नजर आती है। एक गृहिणी जब अपने बच्चों में संस्कार ओर मर्यादा बोने का कार्य करती है और अपने परिवार के मान सम्मान और यश में बढ़ोतरी करती है, तो ऐसे में ही एक नारी की असल शक्ति का पता चलता है। आज भले ही समाज में महिलाओं की भूमिका हाउस वाइफ की दुनिया से आगे निकल चुकी है। देश में करोड़ों महिलाएं परिवार के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को एक हाउस वाइफ के रूप में पूरी ईमानदारी के साथ निभा रही हैं।

सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू

### जिम्मेदारियों में खुद के लिए समय निकालना मुश्किल



**एक** हाउस वाइफ की जिंदगी बहुत सी जिम्मेदारियों के साथ शुरू होती है, जो कि कभी खत्म ही नहीं होती। शुरू-शुरू में परिवार की जिम्मेदारी को निभाना थोड़ा मुश्किल रहता है। मगर धीरे-धीरे सब कुछ सही हो जाता है बस आपको अपनी जिम्मेदारियों के प्रति ईमानदार रहना होता है। मुझे लगता है कि एक हाउस वाइफ जिस तरह से परिवार को चलाती है। वैसा पुरुष नहीं कर सकते, क्योंकि हमें पति और बच्चों के साथ-साथ घर के हरेक कार्य पर भी उतना ही ध्यान देना होता है। मुझे हाउस वाइफ होने पर गर्व होता है क्योंकि हम हमेशा अपने परिवार को जोड़ कर खुशहाल वातावरण बनाए रखती हैं, बस एक परेशानी होती है हम महिलाएं खुद के लिए बहुत कम समय निकाल पाती हैं और कई बार तमाम जिम्मेदारी निभाने के बाद हम अपनी असल उम्र से ज्यादा बड़ी नजर आने लगती हैं।

**मोनिका, हाउस वाइफ निवासी क्लॉथ।**

### गृहिणी को कामकाजी महिला से कमतर आंकना अनुचित



**गृहिणी** और कामकाजी महिला को एक-दूसरे की प्रतियोगी मान लेना, हमारी बहुत बड़ी भूल होगी। गृहिणी के बिना परिवार का अस्तित्व नहीं है, पर उसकी तुलना कामकाजी महिला के साथ करना तर्क संगत नहीं। एक गृहिणी जितनी कुशलता से अपने घर परिवार को संभाल और संवार सकती है उतनी कुशलता से परिवार को संभालना किसी ओर के लिए मुमकिन नहीं है। घर ही नहीं, बल्कि परिवार के हरेक सदस्य की हर छोटी और बड़ी बात गृहिणी से होकर ही गुजरती है ओर यहां पर एक गृहिणी की कुशलता अपने चरम पर होती है। एक गृहिणी परिवार में हर विचारधारा के सदस्यों की छोटी-बड़ी जरूरतों को ओर करते हुए घर के हर कोने अपनी सकारात्मक ऊर्जा से खुशहाल बनाए रखती है, वो भी बिना किसी शिकायत के। इसलिए मैं मानती हूं कि एक गृहिणी का अपने परिवार के प्रति निस्वार्थ समर्पण अमूल्य है और यही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है।

**अनिता ठाकुर, गृहिणी निवासी गांधीनगर।**

### बच्चों को शिक्षा के साथ देती हैं संस्कार



**देश** और प्रदेश को चलाने के लिए कुछ लिखित नियम होते हैं मगर किसी घर को कैसे चलाया जाए इसके लिए कोई नियम नहीं बने हैं। ऐसे में उस घर को कुशलतापूर्वक चलाने की जिम्मेदारी सिर्फ और सिर्फ गृहिणी की बुद्धिमत्ता पर निर्भर करती है। गृहिणी पूरे परिवार के सदस्यों के बीच में एक पुल का कार्य करती है, जो सब को अपने प्यार और समर्पण भावना से जोड़े रखती है। वह प्यार और निष्ठा के दम पर हर असंभव कार्य को संभव कर दिखाती है व बच्चों की जिंदगी में पहले शिक्षक होती है। इसलिए वह अपने बच्चों को शिक्षा देने के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी देती है। गृहिणी कामकाजी महिलाओं की तरह केवल एक काम तक सीमित नहीं है क्योंकि गृहिणी घर की देखभाल, खाने-पीने की व्यवस्था, खेत खलियानों की देखभाल, बच्चों की शिक्षा, आस-पड़ोस में सामाजिक दायित्वों सहित बहुत से कार्यों को एक साथ करती है। इसलिए गृहिणियों का दर्जा बहुत ऊपर हो जाता है।

**वीना बौद्ध, गृहिणी, निवासी मनाली नसोगी।**

### घर की जिम्मेदारी निभाना आना चाहिए



**एक** कुशल गृहिणी के लिए घर की जिम्मेदारी को कैसे ओर किस तरह से निभाना है ये तो आना ही चाहिए। घर परिवार की जिम्मेदारी को निभाते हुए हो सकता है कुछ समझौते भी करने पड़े मगर अपनी जिम्मेदारियों से कभी भी पीछे नही हटना है। गृहिणियां जब अपने घर के काम में व्यस्त होती हैं, तो ऐसे में उसे अपना ख्याल तक नहीं रखती हैं, सुबह से लेकर शाम तक अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और समर्पण भाव से निभाती हैं। घर परिवार के बीच तालमेल बैठाए रखना, पति, बच्चे, घर के बुजुर्गो ओर बड़ों को पूरा समय देना साथ ही गांव में भी सामाजिक जिम्मेदारियों का पालन करना ये सब करते हुए रीति-रिवाजों ओर संस्कारों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने में महिलाओं की बड़ी भूमिका है और गृहिणी होना सम्मान की बात तो मगर एक बड़ी जिम्मेदारी भी है।

**विजेता हरकु, निवासी शांशा गांव लाहौल-स्पीति।**

# मेला राज्यस्तरीय और होर्डिंग-बोर्ड जिलास्तरीय

## राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव घुमारवीं मेले में दिखा अव्यवस्थाओं का आलम, मेला परिसर में लगे कूड़े के ढेर

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी ने घुमारवीं के ग्रीष्मोत्सव मेले को राज्य स्तरीय मेले का दर्जा दिलाया, परंतु घुमारवीं प्रशासन इस मेले का राज्य स्तरीय मेले का स्वरूप देने में काफी हद तक विफल साबित हुआ।

यह सब तब देखने को मिला जब शुक्रवार को घुमारवीं में मेले का शुभारंभ किया जा रहा था। घुमारवीं प्रशासन की नाकामयाबी इस तरह से सामने दिखने का मिली कि मेला राज्य स्तरीय और होर्डिंग और बोर्ड अभी तक भी जिला स्तरीय मेले के लगाए हुए हैं। यहीं नहीं, घुमारवीं प्रशासन की ओर से मेले परिसर में सफाई की भी कोई बेहतर व्यवस्था नहीं थी। यहां पर लगे कूड़े के ढेरों से मेले में आने वाले लोगों का स्वागत किया जा रहा था। आपको बता दें कि मेला ग्राउंड के नजदीक लगी प्रदर्शनियों को देखने के लिए चढ़ने वाली सीढ़ियों की शुरुआत गंदे बदबूदार पानी से होती है।

**मंत्री राजेश धर्माणी ने दिलाया था राज्य स्तरीय दर्जा**



मेले में लगा बोर्ड अभी भी यह दर्शा रहा है कि मेला जिला स्तरीय है।

वहीं, हजारों रुपए बसूल कर व्यापारियों को दुकानें लगाने के लिए दी गई जगह पर जिस तरह से कूड़े की बदबू फैली हुई है वहां पर ग्राहकों का आना तो मुश्किल है। मेला ग्राउंड में लगाई गई प्रदर्शनियों वाले भवन के सबसे निचली मंजिल में कूड़े के ढेर लगे हैं। इसके पास हजारों रुपए खर्च कर मेले में व्यापार करने आए दुकानदार दुकानें लगाने को मजबूर हैं। दुकानदारों की मानें तो कूड़े की इस बदबू से उनका वहां खड़ा हो पाना भी बहुत मुश्किल हो रहा है तथा इस बदबू के बीच उनका कितना व्यापार हो पाएगा इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। लोक सांस्कृति को संजोय रखने के लिए मेले के हर मंच से बातें तो की जाती हैं, लेकिन बिलासपुर की संस्कृति के संदर्भ किसी तरह की कोई प्रदर्शनी यहां मौजूद नहीं है। बिलासपुर का इतिहास और बिलासपुर की धरोहर की जानकारी होना आज की युवा पीढ़ी को बताने की जरूरत है और इसी कड़ी के लिए ही मेलों का आयोजन होता है। लेकिन सांस्कृति ओर धरोहर की बातें महज मंच तक ही सीमित रह जाती है। (अनंत ज्ञान)


कूड़े के ढेर से हो रहा मेले में आने वाले लोगों का स्वागत।

### कूड़े से हो रहा मेले में आए लोगों का स्वागत

**वहीं,** जैसे-जैसे इस घुमारवीं ग्रीष्मोत्सव का दर्जा बढ़ता गया वैसे वैसे ही सुविधाएं सीमित होती जा रही है। मेला ग्राउंड के नजदीक करोड़ों की लागत से बनी बिल्डिंग में प्रदर्शनियां लगाई हुई है, लेकिन आधी प्रदर्शनियां खाली पड़ी हैं। मेले में पुलिस व्यवस्था तो बताई जा रही है मेले के बीचोंबीच एक-एक बाइक पर चार-चार युवा घूम रहे हैं। कूड़ा और बदबू मेले में आए लोगों का स्वागत कर रहे हैं। हालांकि मेले की तैयारियां एक माह पहले शुरू हो चुकी हैं बेशक मेला अध्यक्ष द्वारा हर कार्य के लिए विभिन्न समितियां बनाई गई थी, लेकिन इन समितियों द्वारा कितनी तैयारी की गई है धरातल पर यह तैयारियां समितियों की कार्यप्रणाली की पोल खोल रही हैं।

### जल्द उठा लिए जाएंगे कूड़े के ढेर: रीता सहगल

**उधर,** इस संदर्भ में जब नगर परिषद अध्यक्ष रीता सहगल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जल्द ही यहां से कूड़ें के ढेर का उठा दिया जाएगा। मेले को साफ-सुथरा बनाने के लिए प्रशासन कार्यरत है।

# घुमारवीं में शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव मेला


बैल पूजन कर मेले का आगाज करती मुख्यातिथि।



इस दौरान मुख्यातिथि को सम्मानित करते मेला कमेटी के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं सीर खड्ड के किनारे पांच से नौ अप्रैल तक होने वाले राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को बड़ी धूमधाम के साथ हुआ। राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव का शुभारंभ मंडलायुक्त मंडल मंडी राखिल काहलों ने खूंटा गाड़कर व बैलों की पूजा की।

इस मौके पर एसडीएम घुमारवीं गौरव चौधरी ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए उन्हें शॉल टोपी तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सबसे पहले ढोल-नगाड़ों की थाप के साथ मेला स्थल तक एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में उपस्थित सभी लोगों को रंग-बिरंगी पगडियां पहनाई गई और शोभायात्रा ढोल नगाड़ों के साथ शिव मंदिर से शुरू हुई जो मुख्य बाजार गांधी चौक से होती हुई मेला स्थल पर पहुंची। मेले को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखा गया तथा शोभायात्रा में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वहीं, मुख्यातिथि ने मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का रिबन काटकर उद्घाटन किया। मुख्यातिथि का मेला स्थल पहुंचने पर सरस्वती विद्या मंदिर घुमारवीं की स्कूली छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना पेश की गई।

इसके बाद विभिन्न महिला मंडल सदस्यों के द्वारा समूह गान, नृत्य अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुत किए गए। उन्होंने कहा कि उन्हें बहुत खुशी महसूस हो रही है और उनके लिए यह बेहद गौरवान्वित करने वाला पल है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को मेले की बधाई दी।

### मेले हमारी पुरानी धरोहर: राखिल काहलों

**इस** अवसर पर मुख्यातिथि राखिल काहलों ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मेले हमारी पुरानी धरोहर है, जिन्हें संजोए रखना हमारा दायित्व बनता है। उन्होंने कहा कि आज से करीब 20 वर्ष पहले जब वह घुमारवीं में एसडीएम के तौर पर कार्यरत थी तो उन्होंने इस मेले का बतौर अध्यक्ष संचालन किया था। लेकिन आज 20 साल बाद उन्हें एक बार फिर से इस मेले में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित होने का गौरव प्राप्त हुआ है।

# अंतिम संध्या में गायक विवेक गर्ग के गानों पर झूमा भराड़ी


मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या का लुफ्त उठाते मुख्यातिथि व अन्य।

**अनंत ज्ञान, डंगार चौक**

जिला स्तरीय अजमेरपुर ग्रीष्मोत्सव एवं छिंज मेला भराड़ी की अंतिम सांस्कृतिक संध्या का आयोजन मेला कमेटी प्रधान करतार सिंह चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें सतीश सोनी व विनोद सोनी रजत ज्वेलरी हाउस घुमारवीं व रजत बायोटेक दधोल के मालिक मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। साथ ही वशिष्ठ अतिथि के रूप में सचिन कुमार वर्मा, राकेश ठाकुर, कमल ठाकुर व अनिल शर्मा ने शिरकत की।

दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मुख्यातिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कमेटी प्रधान करतार सिंह चौधरी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत व धन्यवाद किया तथा साथ में क्षेत्र की समस्त जनता, कमेटी के पदाधिकारियों व समस्त सदस्यों तथा सभी विभागों का मेले के सफल आयोजन के लिए दिए गए। वहीं, सहयोग के लिए धन्यवाद किया और भविष्य में भी इसी तरह से सहयोग की अपेक्षा की। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विवेक गर्ग ने अपने प्रस्तुति दी।

हिमाचली प्रसिद्ध गायिका ममता भारद्वाज ने पहाड़ी, हिंदी व पंजाबी गाने प्रस्तुत किए व वाहवाही लूटी। उन्होंने एक से एक बढ़कर प्रस्तुति दी और उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। अंतिम सांस्कृतिक संध्या की प्रस्तुति सुरेश शर्मा हिमाचल के मशहूर गायक नाटी किंग ने हिंदी व पहाड़ी गानों से माहौल को मस्त बना दिया और सारा पंडाल झूम उठा उन्होंने पहाड़ी नाटियों से सबको झूमने पर मजबूर कर दिया।

## बिलासपुर में 3929 सेवा अर्हता मतदाता पंजीकृत

**बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में सेवा मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया में शामिल करने के लिए सभी स्तरों पर प्रयास किया जा रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी दी कि अभी तक जिला में 3929 सेवा अर्हता मतदाता पंजीकृत हैं, जिन्हें ऑनलाइन माध्यम से सेवा मत पत्र भेजे जाएंगे। उन्होंने बताया कि 46 झंडूता (अ.जा.) निर्वाचन क्षेत्र में कुल 1212 सेवा मतदाता है इसमें 1196 पुरुष व 16 महिलाएं शामिल है, 47 घुमारवीं निर्वाचन क्षेत्र में 1217 सेवा मतदाताओं में 33 महिलाएं व 1184 पुरुष मतदाता, 48 बिलासपुर सदर में 883 सेवा मतदाताओं में 849 पुरुष एवं 34 महिला, 49 श्रीनयनादेवी निर्वाचन क्षेत्र में कुल 617 सेवा मतदाताओं में 604 पुरुष व 96 महिलाएं शामिल है। उल्लेखनीय है कि सेवा मतदाताओं से प्राप्त यह सभी डाक सेवा मत पत्र सीधे तौर पर रिटर्निंग अधिकारी उपायुक्त हमीरपुर को भेजे जाएंगे तथा उनकी गणना रिटर्निंग अधिकारी हमीरपुर द्वारा की जाएगी।

# सर्वशिक्षा अभियान के तहत छात्रों को जॉब ट्रेनिंग के दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल सरकार के शिक्षा विभाग में समग्र शिक्षा अभियान के तत्वावधान से प्रदेश में किन्हीं कारणवश पढ़ाई छोड़ चुके 14 से 18 साल तक के बच्चों को शिक्षा का अधिकार कानून के तहत वैलूयर फैबटेक्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी स्किल सेंटर के माध्यम से निशुल्क वोकेशनल कोर्स करवा रही है, ताकि आउट ऑफ स्कूल चिल्डर्न को हुनरमंद बनाकर सामाजिक जीवन की मुख्यधारा से जोड़ा जाए।

बिलासपुर जिले के शिक्षा खंड सदर के जुखाला में वीएफपीएल स्किल ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में इलेक्ट्रॉनिक्स और ब्यूटी एंड वेलनेस का प्रशिक्षण ले रहे बच्चों को संबोधित करते हुए वैलूयर फैबटेक्स कंपनी के परियोजना अधिकारी सुमन प्रजापति ने कहा की प्रदेश भर में विभिन्न भौगोलिक और सामाजिक-आर्थिक मजबूरियों के कारण बीच में अपनी पढ़ाई छोड़ चुके बच्चों को सार्थक जीवन जीने और उन्हें स्वावलंबन बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के विभिन्न जिलों बिलासपुर, शिमला, सोलन, सिरमौर, ऊना, कांगड़ा, मंडी, कुल्लू, और चंबा में 100 स्किल ट्रेनिंग सेंटर चलाए जा रहे हैं।

### 3200 को प्रशिक्षण देने का काम जारी

**सात** विभिन्न ट्रेडों ब्यूटी एंड वेलनेस, सिलाई, प्लंबर, ऑटोमोटिव, आईटीइएस, इलेक्ट्रॉनिक्स और टूरिज्म में 3200 के करीब-करीब बच्चों को प्रशिक्षित करने का कार्यक्रम चल रहा हैं। इसमें कुछ बच्चों के पेपर की असेस्मेंट हो गई हैं और कुछ की अभी होने बाकी हैं। वहीं, प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं को सीखने की जिज्ञासा को प्रेरित करने के उद्देश्य से गेस्ट लेक्चर, फील्ड- इंडस्ट्रियल विजिट के साथ-साथ ऑन जॉब ट्रेनिंग का भी आयोजन किया गया, ताकि उनका तकनीकी प्रशिक्षण में उत्साह बढ़े।




**झंडूता।** श्री सर्वेश्वर महादेव मंदिर आनंद घाट में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन महंत श्री रूक्मेश्वर गिरी जी महाराज की देखरेख में किया जा रहा है। इसमें संदीप शास्त्री की कथा अमृत बरसाएंगे तथा कथा इस अप्रैल से 16 अप्रैल तक होगी तथा 16 अप्रैल को विशेष भंडारे का आयोजन होगा। कमेटी प्रधान राजेंद्र ठाकुर ने यह जानकारी दी। उन्होंने समस्त झंडूता की जनता से आग्रह किया है कि वह इस पावन बेला पर बढ़-चढ़कर भाग लें।

# झंडूता में 14 अप्रैल से शुरू होगा बैसाखी नलवाड़ी मेला


बैसाखी नलवाड़ी मेला को लेकर रणनीति बनाते अधिकारी।

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

उपमंडल झंडूता में होने वाले बैसाखी नलवाड़ी मेला 14 से 16 अप्रैल तक होगा। यह फैसला एसडीएम झंडूता योगराज धीमान की अध्यक्षता में बीडीओ ऑफिस झंडूता में आयोजित बैठक में लिया गया।

इस बैठक में सभी विभागों से चर्चा की गई कि मेले को कैसे आकर्षित बनाया जा सकता है। मेले की शुरुआत 14 अप्रैल को होगी।

इस बैठक में फैसला किया गया कि शोभायात्रा ठाकुरद्वारा मंदिर से मेला ग्राउंड झंडूता तक निकाली जाएगी। खूंटा गाड़ कर मेले की शुरुआत की जाएगी। बैठक में निर्णय लिया गया है कि स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी जाएगी। एसडीएम योगराज धीमान ने कहा कि बैसाखी नलवाड़ी मेला के लिए जो आज बैठक हुई उसमें कमेटी ने फैसला लिया कि मेला बैसाखी के दिन होना चाहिए, साथ ही 16 अप्रैल को दंगल होगा। इस बैठक में तहसीलदार झंडूता अर्शिया शर्मा, वन विभाग से डिप्टी रेंजर पवन कुमार, विकास खंड झंडूता से पंचायत निरीक्षक सुभाष कुमार, महाविद्यालय से डॉक्टर सुरेश कुमार शर्मा, सहायक अभियंता विद्युत राजेश कुमार, प्रिंसिपल गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल झंडूता पवन व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अनुराग ठाकुर दें दस साल का हिसाब: सांख्यान

**बिलासपुर।** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता संदीप सांख्यान ने कहा है कि करीब दस सालों से ठगी जा रही जनता को अब जागना ही होगा, क्योंकि चेहरा देखकर वोट देने की संस्कृति से लोग उब गए हैं तथा अब लोगों को अपने स्थानीय प्रतिनिधियों के रिपोर्ट कार्ड पर गौर करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता को शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी तथा सुरक्षा जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं को लेकर इन प्रतिनिधियों से सवाल करना चाहिए, ताकि पता चल सके कि बीते दस सालों में केंद्र से यह नुमांइदे अपने-अपने संसदीय क्षेत्र के विकास में कितना योगदान दे पाए हैं। उन्होंने कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सेलेब्रिटी सांसद एवं केंद्र में मंत्री अनुराग ठाकुर यदि सभी विधानसभा क्षेत्रों में करवाए गए विकास का ब्यौरा देने लगें तो निश्चित तौर पर फ्लॉप साबित होंगे। वहीं, तीनों प्रमुख और दो आंशिक जिलों की ही बात करें तो विकास के नाम पर भी इनकी सांसे फूलना शुरू हो जाएंगी। क्योंकि इन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र में कोई भी ऐसी विकास की ईबारत नहीं लिखी, जिससे वे गर्व कर सकें। केवल राष्ट्रीय मसलों को अपना बनाने तथा बाहरी राज्यों के विकास का श्रेय लेने वाले इन प्रतिनिधियों के हाथ आज भी खाली हैं।

## घुमारवीं में छात्रों को बताए आपदा से निपटने के गुर

**घुमारवीं।** जिला आपदा प्रबंधन अथॉरिटी एवं उपायुक्त कार्यालय के निर्देशानुसार शिवा बीएड कॉलेज घुमारवीं में कांगड़ा में चार अप्रैल 1905 को आए भूकंप की बरसी को स्मरण करते हुए आपदा जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। गृह रक्षा कंपनी कमांडर मदनलाल और लीडिंग फायरमैन अमृतलाल की अगुआई में मॉकड्रिल की गई। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि गृह रक्षा व अग्निशमन विभाग बिलासपुर के सहयोग से यह मॉकड्रिल सत्र आयोजित किया गया। फायरमैन विनय कुमार ने आग लगने की स्थिति में बचाव के विभिन्न तरीके प्रशिक्षुओं को डेमो देकर समझाए। उसके बाद कंपनी कमांडर मदनलाल ने अपनी टीम के साथ भूकंप आने की स्थिति में भवन के अंदर व बाहर कैसे बचाव करना चाहिए विषय को बड़े विस्तार से प्रशिक्षुओं को समझाया। आपदा की स्थिति में पुलिसए गृह रक्षाए अग्निशमन विभाग और चिकित्सा विभाग की सेवाएं लेने को कहा। कॉलेज के प्रबंध निदेशक इंजीनियर पुरुषोत्तम शर्मा ने इस आयोजन व जानकारी को महत्वपूर्ण व समय की जरूरत बताया। कहा कि इस तरह के जागरूकता सत्र ज्यादा से ज्यादा आयोजित होने चाहिए।

**आयोजन** शिविर के दौरान लोगों को निशुल्क टेस्ट कर दवाइयां भी बांटीं

# साई खारसी में 40 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**अनंत ज्ञान, श्रीनयनादेवी**

श्रीनयना देवी के अपर बेल्ट की ग्राम पंचायत साई खारसी में प्रयास संस्था की तरफ से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में 40 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच और टेस्ट निशुल्क किए गए। डॉक्टर के परामर्श से सभी को निशुल्क दवाइयां वितरित की गई। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में मुख्यतः शुगर, बीपी, यूरिक एसिड, कोलेस्ट्रॉल, एचबी, किडनी जैसे रोगों के टेस्ट किए गए। शिविर में हड्डी से संबंधित 21, त्वचा के 2, स्त्री रोग के एक, बीपी के तीन और शुगर का एक रोगी पाया गया। डॉक्टर ने मौके पर ही सभी रोगियों का उपचार किया और सबको निशुल्क दवाइयां भी वितरित की। वहीं, शिविर में उपस्थित सभी लोगों ने इस मुहिम का स्वागत किया और हार्दिक आभार प्रकट किया। इस निशुल्क शिविर का आयोजन पंचायत के उपप्रधान श्याम लाल और जाने माने समाजसेवी जगदीश की सहायता से किया गया। स्वास्थ्य सेवा टीम से को-ऑर्डिनेटर देवेंद्र ने बताया कि संस्था के द्वारा यह कार्य पिछले छह वर्षों से लगातार किया जा रहा है और आगे भी लोगों की सेवा में चलता रहेगा। इसमें डॉक्टर कनव शर्मा, लैब टेक्नीशियन बबिता रानी, फार्मासिस्ट उषा ठाकुर और पायलट नरेंद्र मुख्य रूप से उपस्थित रहे।


निशुल्क स्वास्थ्य शिविर के दौरान उपस्थित चिकित्सक व अन्य।



